ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 28 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-42 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं आयुष्मान ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### पलामू में शादी की सालगिरह पर युवती की मौत, जहर खाने की चर्चा

**मेदिनीनगर।** शादी की सालगिरह पर शहर थाना क्षेत्र के नई मोहल्ला आनंद मार्ग आश्रम के समीप रहने वाली एक युवती की मौत हो गई। बताया जाता है कि डिंकी अग्रवाल (24) पिछले आठ माह से अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। रविवार को उसकी शादी की सालगिरह थी। वह सजधज कर तैयार भी हुई थी। इसी बीच अचानक वह दर्द से तड़पने लगी। आनन-फानन में उसे एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के अथक प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। चर्चा है कि युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। डिंकी की शादी वर्ष 2020 में धनबाद के राजगंज थाना क्षेत्र के बोराबंद इलाके में हुई थी। मृतका की मां शोभा देवी का कहना है कि रविवार को डिंकी की शादी की सालगिरह थी। वह तैयार हुई थी। उसे उम्मीद थी कि आज उसका पति उससे मिलने जरूर आएगा। इंतजार करने के बाद शाम छह बजे उसने अपने पति को फोन भी लगाया था।

### खाड़ी देश से गैंग ऑपरेट कर रहे प्रिंस खान के प्रत्यर्पण की कोशिश

**धनबाद।** खाड़ी देश से गैंग ऑपरेट करते हुए धनबाद में आतंक मचाने वाले वासेपुर के मोस्ट वांटेड प्रिंस खान को गिरफ्तार कर भारत लाने की तैयारी की जा रही है। धनबाद पुलिस ने इसके लिए दिल्ली के प्रत्यर्पण कोर्ट में पिटीशन फाइल की है। पुलिस ने प्रिंस खान का हुलिया, उसकी तस्वीर, उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के साथ-साथ उसके फर्जी पासपोर्ट आदि का ब्योरा आवेदन के साथ संलग्न किया है। पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई द्वारा इंटरपोल से साझा की गई सूचनाओं के आधार पर बीते जुलाई में ही प्रिंस के खिलाफ रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। विदेश में अगर उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है, तो उसे वापस तभी भारत लाया जा सकेगा, जब उसका प्रत्यर्पण हो। इसलिए धनबाद पुलिस ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया के लिए कोर्ट में पिटीशन फाइल किया है। पुलिस ने जो सूचना जुटाई है, उसके मुताबिक प्रिंस खान दुबई या शारजाह में छिपा है और वहीं से धनबाद कोयलांचल में गैंग ऑपरेट कर रहा है। पिछले साल प्रिंस खान, हैदर अली के नाम पर फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग गया था। इसका खुलासा सीआईडी की जांच में हुआ था। इसके बाद उसका पासपोर्ट रद्द करवाया गया था।

### साहिबगंज एसपी से पूछताछ आज

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के संदर्भ में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से मंगलवार को पूछताछ होनी है। ईडी ने उन्हें 22 नवंबर को पहला समन भेजा था, लेकिन तब पुलिस मुख्यालय से मंतव्य मांगने की बात कह उन्होंने एजेंसी से वक्त की मांग की थी। जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 नवंबर को उपस्थिति का दूसरा समन भेजा था। ईडी के गवाह विजय हांसदा को कानूनी राय के लिए दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था नौशाद आलम के द्वारा की गई थी। रांची पुलिस के सार्जेंट वैभव कुमार के जरिए टिकट की व्यवस्था करायी गई थी। इससे जुड़ी जानकारी ईडी ने हासिल की थी, इसके बाद नौशाद आलम को पूछताछ के लिए समन किया गया था।

### 30 को केंद्रीय गृहमंत्री दो दिवसीय दौरे पर आएंगे झारखंड



**दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। यहां वह एक दिसंबर को बीएसएफ के हजारीबाग मेरू कैंप में राइजिंग डे समारोह में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह 30 नवंबर की शाम 4.30 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। बीएफएफ के हेलीकॉप्टर से वह वह रांची एयरपोर्ट पर पांच मिनट रूकने के बाद हजारीबाग मेरू कैंप के लिए रवाना हो जाएंगे। 30 नवंबर का रात्रि विश्राम भी वह मेरू कैंप में ही करेंगे। इसके बाद अगले दिन 10-12 बजे तक राइजिंग डे समारोह में शामिल होंगे। समारोह के बाद यहां एक घंटे वह बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे हजारीबाग से रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। दोपहर के 2.45 बजे वह रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## सूबे के शहरी क्षेत्रों में 'पेड़ लगाओ और बिजली बिल में छूट पाओ' योजना शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में 'पेड़ लगाओ, बिजली बिल में छूट पाओ' की योजना शुरू हो गई है। इसके तहत फरवरी महीने तक लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। इस योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू करने की स्वीकृति दी है। यह लाभ निजी आवासीय परिसर में फलदार और बड़े छायादार वृक्ष लगाने पर ही मिलेगा। जब तक कैंपस

यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। यह लाभ अधिकतम पांच पेड़ के लिए मिलेगा, यानी एक उपभोक्ता पांच पेड़ों के एवज में 25 यूनिट तक की मुफ्त बिजली का लाभ ले सकेगा। इस योजना को सरकार ने जुलाई महीने में ही मंजूरी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले वन महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में जो लोग अपने आवासीय परिसर में पेड़ लगाएंगे, उन्हें प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जाएगी। सरकार ने

अथवा घरों के परिसर में पेड़ रहेंगे, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का यह लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को विकसित करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। आवासीय परिसरों में लगाए गए पेड़ों की गणना नगर निकाय करेगा और इसकी सूची वन विभाग को सौंपी जाएगी। वन विभाग पेड़ों की सूची के आधार पर इसकी मॉनिटरिंग करेगी और पेड़ों की लंबाई चौड़ाई मापने के बाद इस योजना के योग्य लाभुकों की सूची बिजली विभाग को सौंपेगा।

काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली

## बाबा की नगरी के कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए गए 33 लाख दीप

- गाय के गोबर से बने एक लाख से ज्यादा दीप जलाये गये
- काशी विश्वनाथ मंदिर को 11 टन फूलों से सजाया गया
- घाटों को तिरंगा स्पाइरल लाइटिंग थीम पर सजाया गया
- चेतसिंह घाट व काशी विश्वनाथ धाम पर लेजर व प्रोजेक्शन शो हुआ



**– आरपी सिंह**

**वाराणसी।** बाबा काशी विश्वनाथ के चरण पखारती पतित पावनी मां गंगा के अर्धचन्द्राकार तट के 85 घाटों ,काशी के कुंडों, तालाबों व सरोवरों पर देव दीपावली की शाम लगभग 33 लाख दीप जलाए गये। इनमें से गाय के गोबर से बने एक लाख से ज्यादा दीप जलाये गये। गंगा घाटों को तिरंगा स्पाइरल लाइटिंग थीम पर सजाया गया । बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त ने 11 टन शेष पृष्ठ 11 पर

# जनता की जरूरतों को देख कर बनाते हैं योजनाएं : हेमंत

### 25.64 करोड़ की योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

### श्रद्धांजलि देने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे हेमंत और दीशोम गुरु

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दादा सोबरन सोरेन की 66वें शहादत दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को बड़ी सौगात दी है। रामगढ़ जिल स्थित अपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा पहुंचे मुख्यमंत्री के साथ उनके पिता दीशोम गुरु शिबू सोरेन भी शामिल थे। लुकैयाटांड़ में बने शहीद सोबरन सोरेन समाधि स्थल पर आयोजित सभा में उन्होंने 25.64 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 34 योजनाओं का शिलान्यास किया। कहा कि यह संवेदनशील और आम जन की सरकार है। हमारी सरकार में योजनाएं एयर कंडीशन कमरे में नहीं बनती हैं। हम राज्य के हालात और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं। योजनाएं हकीकत में धरातल पर उतरे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि बरलांगा का नाम कोई जानता नहीं था। लेकिन अब यह विकसित हो रही है, जहां पैदल चलना मुश्किल था वहां 100 की स्पीड से गाड़ियां दौड़ रही हैं। यह तब संभव हुआ जब राज्य में जनता की सरकार बनी। हम बोलने पर विश्वास नहीं रखते हैं, काम करके दिखाते हैं।

**दूसरी सरकारों ने 17 वर्षों में नहीं किया था कोई काम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 23 वर्ष शेष पृष्ठ 11 पर



### लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

दादा सोबरन सोरेन की शहादत दिवस पर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन ने लाभुकों के बीच परीसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस दौरान मंच पर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं के अलावा जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### जब तक मैं हूं, लुगुबुरु में प्रोजेक्ट नहीं लगेगा : मुख्यमंत्री



**रांची/बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब तक मैं हूं किसी भी परिस्थिति में संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ जल विद्युत पंप भंडारण परियोजना को स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास के प्रतिक लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम होगा। मुख्यमंत्री सोमवार को आदिवासी समुदाय के आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य रूप अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्जवों द्वारा संचालित होता आ रहा है। समय शेष पृष्ठ 11 पर

ओबीसी राजनीति

## नीतीश जो मौका चूक गये अखिलेश ने लपक लिया

### क्या नीतीश भविष्य के मद्देनजर बचे अवसर को लपकेंगे ?

**– कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत की राजनीति में मंडल कमीशन को लागू करने को लेकर तबके प्रधानमंत्री वीपी सिंह को मंडल मसीहा के तौर जाना जाता है। उसके चलते दक्षिण भारत के पिछड़ों, दलितों के मन में आज भी वीपी सिंह के प्रति सम्मान तो है ही, उत्तर भारत के पिछड़ों , दलितों के मन में भी है। क्या इस वजह से दक्षिण भारत के प्रमुख राज्य तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व डीएमके नेता एमके स्टालिन ने वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा मद्रास प्रेसीडेंसी कालेज में लगवाई और 27 नवंबर 2013 को उसका अनावरण कराया? जिसमें उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया था। अनावरण समारोह में वीपी सिंह की पत्नी सीता कुमारी दोनों बेटों व अन्य परिजन को भी सविनय आमंत्रित किये थे।वे लोग भी चेन्नई इस समारोह में उपस्थित थे, और वीपी सिंह की मूर्ति पर फूल-माला चढ़ाये। इसको लेकर राजनीतिकों में यह भी चर्चा होने लगी है कि क्या वीपी सिंह के पुत्र अजेय सिंह को उप्र में डीएमके अपना प्रत्याशी बनाएगी और सपा उनका समर्थन करेगी? चूँकि इस प्रतिमा अनावरण समारोह में तमिलनाडु कांग्रेस के नेता भी उपस्थित थे, इसलिए क्या कांग्रेस को भी इस पर बीती ताहि बिसार, आगे की सुध लेने की रणनीति पर चलने की दिशा में बढ़ा हुआ माना जाए? यह सब अगले कुछ माह में स्पष्ट हो जाएगा। फि लहाल पिछड़ों व यादवों में यह संदेश तो चला गया कि अखिलेश ने भी वीपी सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में चेन्नई जाकर अच्छा काम किया है।यह करके उन्होंने स्टालिन के साथ मंडल - 2 की मुहिम की लीड ले ली। जबकि यह मौका पहले नीतीश को मिला था। नीतीश और रामविलास पासवान से बहुत से उनके खास नेताओं, सांसदों ने कई बार कहा कि आप पटना में वीपी सिंह की एक आदमकद प्रतिमा लगवा दीजिए। इसका अच्छा संदेश पिछड़ों,अति पिछड़ों, दलितों सहित उन सब में शेष पृष्ठ 11 पर

## लोन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने लोन देने और लॉटरी निकलने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सूरज कुमार सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के वृंदावन नगर पहाड़ टोली का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने वाइस रिकार्डिंग के अलावा लोन एप भी बरामद किया है। वहीं गिरोह के अन्य सदस्या शेखर कुमार, हिमांशु, शिवम डेवलपर्स, मनीष और सुधांशू पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सभी फरार आरोपी भी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपी सूरज ने खुलासा किया है कि वह और उनके गिरोह के सदस्य प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मेसो ऑनलाइन शॉपिंग, धानी लोन एप और लॉटरी लगाने का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। उसने पुलिस को बताया कि गिरोह का सरगना हिमांशु है। वहीं आरोपी सुधांशू आईडीबीआई बैंक का कर्मी है। पूछताछ में आरोपी ने गिरोह के बारे में पुलिस को पूरी जानकारी दी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। डेढ़ साल से लोगों को ठगी का बना रहा शिकारआरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ साल से लोगों को फोन कर ठगी का शिकार बना रहा है। उसने बताया कि उसके गिरोह के सदस्य शिवम ने फेसबुक पर धानी इंस्टेंट पर्सनल लोन एप का जाली प्रचार डाल देता था। जिससे लोन लेने वाले लोग इनको फोन करते थे। वह खुद को उस कंपनी का प्रतिनिधि बताता था। लोन लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की राशि वह अपने फर्जी फोन नंबर पर यूपीआई पेमेंट से मंगवाता था। उसने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि उसके गिरोह के सभी साथियों के पास फर्जी आधार कार्ड के जरीए सिम कार्ड लेकर लोगों को फोन करते हैं और ठगी का शिकार बनाते हैं।

दिल्ली फतह की मोर्चाबंदी, कार्यकर्ताओं को दिये जा रहे टिप्स

## दो माह में पलामू तीसरी बार 30 को आ रहे हैं सीएम हेमंत

### तैयारियों में भाजपा व झामुमो आगे, अन्य दल भी जुटे

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की रणभेरी अभी नहीं बजी है। इसके बाद भी राजनीतिक दल दिल्ली फतह करने के लिए मोर्चाबंदी में जुट गये हैं। इस मुहिम में केंद्र व प्रदेश में सत्तासीन भाजपा व झामुमो अन्य दलों से आगे निकलती प्रतीत हो रही हैं। येन-केन प्रकारेण सत्ता के शीर्ष पर पहुंचना ही राजनीतिक सफलता का मूलमंत्र है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में चुनाव जीतकर ही सत्ता हासिल की जा सकती है। इसलिए चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दल साम, दाम, दंड, भेद सभी नीतियां अपनाते हैं। वर्तमान में विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के बारे में कहा जाता है कि वह हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है। एक चुनाव बीतते ही पदाधिकारी दूसरे चुनाव की तैयारी शुरू कर देते हैं। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में नये साल में कभी भी लोकसभा चुनाव की दुदुंभी बज सकती है। इसे देखते हुए राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को पुख्ता करते हुए रणनीति को धार देने में जुटे हैं। भाजपा द्वारा जहां आम कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत प्रतिनिधियों के लिए भी प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी को केंद्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का मंत्र दिया जा रहा है। दूसरी तरफ झामुमो द्वारा भी नहले पर दहला की तर्ज पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया गया है। कार्यकर्ताओं को प्रदेश सरकार की योजनाओं का घर-घर जाकर जानकारी देने व उसका लाभ पहुंचा कर जनता को जोड़ने की व्यूह रचना बनाई जा रही है।



### कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे मुख्यमंत्री

झामुमो के प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के लिए सीएम हेमंत सोरेन मेदिनीनगर 30 को आ रहे हैं। इनका दो माह में तीसरी बार यहां प्रवास है। इसे लेकर जेएमएम कार्यकर्ता पुरजोर तैयारी में जुटे हैं। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। इसी क्रम में बिहार के साथ झारखंड में भी पांव पसारने की जुगत में जुटी जदयू कार्यकर्ताओं की हौसलाआफजाई के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी दिसंबर में झारखंड दौरे पर आ रहे हैं।

# ऑनलाइन ऑर्डर से बुझती रसोई और टूटते रिश्ते



**सुनील बादल**

**भारत** में सदियों पुरानी एक कहावत प्रचलित है कि घर का खाना अमृत और बाहर का चटपटा होता है । होटल और रेस्टोरेंट में बना लजीज और चटपटा खाना हम सबको पसंद होता है, लेकिन शोध से पता चला है कि अक्सर घर से बाहर का भोजन खाना हमारी मौत का कारण भी बन सकता है। अध्ययन की रिपोर्ट को जर्नल ऑफ द एकेडमी ऑफ न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स में प्रकाशित किया गया है। शोधकताओं ने इस रिपोर्ट में बताया है कि अक्सर बाहर का खाना खाने वाले लोगों को हृदय से संबंधित बीमारियों के अलावा कैंसर जैसे गंभीर रोगों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों ने इस अध्ययन के दौरान पाया कि घर के बाहर बने खाने में वसा और सोडियम की मात्रा बहुत अधिक जबकि इसमें पोषक तत्वों, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और एंटीऑक्सीडेंट जैसे सुरक्षात्मक तत्वों की मात्रा बहुत ही कम होती है। इस तरह के भोजन का लगातार सेवन करना कई प्रकार से हमारे सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि वैसे तो कुछ रेस्त्रां में गुणवत्तापूर्ण भोजन दिए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन घर पर बने भोजन के मुकाबले इनमें पौष्टिकता की मात्रा बेहद कम होती है।

हाल ही में एक रिपोर्ट आई कि भारत प्रतिदिन रिकॉर्ड पांच करोड़ ऑनलाइन ऑर्डर देनेवाला विश्व का अग्रणी देश है जिसमें खाने का ऑर्डर भी शामिल है ! कभी वृद्ध और विकलांग लोगों के लिए विदेशों में शुरू हुई ऑनलाइन ऑर्डर की व्यवस्था से न सिर्फ हमारी छोटी दुकानों वाली पारंपरिक अर्थव्यवस्था चौपट हो रही है बल्कि परिवारों के बिखरने का डर भी बना हुआ है जैसे अमेरिका में हुआ था।

1980 के दशक के प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने अमेरिकी लोगों को चेतावनी दी थी कि यदि वे परिवार में ऑर्डर देकर बाहर से भोजन मंगवाएंगे तो देश में परिवार व्यवस्था धीरे धीरे समाप्त हो जाएगी और यदि उन्होंने बच्चों का पालन पोषण घर के सदस्यों के स्थान पर बाहर से पालन पोषण की व्यवस्था की तो यह भी बच्चों के मानसिक विकास व परिवार के लिए घातक होगा। बहुत कम लोगों ने उनकी सलाह मानी । घर में खाना बनाना लगभग बंद हो गया है और बाहर से खाना मंगवाने की आदत (यह अब नॉर्मल है), अमेरिकी परिवारों के विलुप्त होने का कारण बनी है जैसा कि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी।

आज भारत में तेजी से विकसित हो रहे एकल परिवारों या कामकाजी परिवारों के चलन की तरह अब उन अमेरिकी परिवारों के बारे में जानें जिन्होंने अपनी रसोई बंद कर दी और सोचा कि अकेले बेडरूम ही काफी है ।1971 में, लगभग 72% अमेरिकी परिवारों में एक पति और पत्नी थे, जो अपने बच्चों के साथ रह रहे थे। 2020 तक, यह आंकड़ा 22% पर आ गया है। पहले साथ रहने वाले परिवार अब वृद्धाश्रम में रहने लगे हैं। अमेरिका में, 15% महिलाएं एकल महिला परिवार के रूप में रहती हैं। 12% पुरुष भी एकल परिवार के रूप में रहते हैं। अमेरिका में 19% घर या तो अकेले रहने वाले पिता या माता के स्वामित्व में हैं। अमेरिका में आज पैदा होने वाले सभी बच्चों में से 38% अविवाहित महिलाओं से पैदा होते हैं। उनमें से आधी लड़कियां हैं, जो बिना पारिवारिक संरक्षण के अबोध उम्र में ही शारीरिक शोषण का शिकार हो जाती है । संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 52% पहली शादियां तलाक में परिवर्तित होती हैं। 67% दूसरी शादियां भी समस्याग्रस्त हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका विवाह की संस्था के टूटने का एक उदाहरण है। हमारे आधुनिकतावादी भी अमेरिका की तरह दुकानों से या ऑनलाइन भोजन खरीदने की वकालत कर रहे हैं और खुश हो रहे हैं कि भोजन बनाने की समस्या से हम मुक्त हो गए हैं। इस कारण भारत में भी परिवार धीरे-धीरे अमेरिकी परिवारों की तरह नष्ट हो रहे हैं। जब परिवार नष्ट होते हैं तो मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य बिगड़ते हैं। बाहर का खाना खाने से अनावश्यक खर्च के अलावा शरीर मोटा और संक्रमण के प्रति संवेदनशील और बीमारीयों का घर हो जाता है। शारीरिक स्वास्थ्य शेष पृष्ठ 11 पर



### घर में खाना बनाना मतलब परिवार के सदस्यों के साथ प्यार से जुड़ना

कहावत है कि पाक कला सिर्फ खाना बनाना नहीं है बल्कि केंद्र बिंदु है, पारिवारिक संस्कृति का। घर मे ंअगर कोई किचन नहीं है, बस एक बेडरूम है, तो यह घर नहीं है, यह एक हॉस्टल है।

## गागर में सागर

### प्रखंड में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**हरिहरगंज।** झारखंड में हेमंत सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को हरिहरगंज प्रखंड परिसर में आपकी सरकार-आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 1, 2, 3 के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान विभिन्न विभागों के 15 स्टॉल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट देने की कवायद की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रशिक्षु आईएस सह हरिहरगंज बीडीओ रवि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सोना सोबरन योजना के तहत 123 धोती-साड़ी एवं 275 कंबल वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 850 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, सीएलटीसी संजय राणा, डा. तोहिद अहमद, महिला पर्यवेक्षिक सुमित्रा कुमारी, सीएचओ सुशीला तिर्की मौजूद थीं।

### धूल के गुबार से यात्रियों व राहगीरों का हाल-बेहाल



**नावा बजार।** भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा भोगू से शंखा तक अनियोजित फोर लेन निर्माण से नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। निर्माता कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव नहीं कराये जाने से दो-पहिया वाहन चालक, यात्री व राहगीर धूल के गुबार के बीच आवागमन को विवश हैं। 24 घंटे सड़क पर धूल उड़ने से क्षेत्र में जहां प्रदूषण का ग्राफ बढ़ गया है। वहीं आये दिन दो-पहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन व कंपनी के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल समुचित पानी का छिड़काव कराये जाने की मांग की है।

### मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हुसैनाबाद।** रविवार की रात में हुसैनाबाद शहर के दुगार्बाड़ी के पीछे से पल्सर बाइक चोरों ने चुरा लिया। भुक्तभोगी चंद्रप्रकाश सिन्हा ने पुलिस को प्रेषित आवेदन में अवगत कराया है कि रात में वे अपनी बाइक अपने किराये के मकान के बाहर खड़ा किये थे। सुबह उठने पर उन्होंने पाया कि बाइक वहां नहीं है। थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पुलिस तत्परता के साथ मामले की छानबीन में जुट गई है।

### कचहरी परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने सदर एसडीओ व खासमहाल पदाधिकारी से कचहरी परिसर से अतिक्रमण हटवाये जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने पलामू गौरव राजा मेदिनी राय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा को हटाने में तो देर नहीं किया। किंतु कचहरी परिसर में भीषण अतिक्रमण की तरफ प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। यदि इस संबंध में तत्काल समुचित कदम नहीं उठाया गया तो संविधान बचाओ मोर्चा उच्च न्यायालय की शरण में जाने पर विचार करेगा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने सोन नदी में लगाई आस्था के साथ डुबकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने देवरी, दंगवार स्थित सोन नदी तट पर आस्था की डुबकी लगाई। अहले सुबह से लोगों के स्नान -दान का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद सोन नदी तट पर स्थित शिव मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के बाद सामर्थ्य के अनुसार निर्धनों के बीच अंग वस्त्रों आदि का दान किया। लोग बताते हैं कि भगवान विष्णु पुत्र सोनभद्र के नाम पर नामित सोन नदी में स्नान का अत्यधिक धार्मिक महत्व है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक ऐसी मान्यता है कि अन्य नदियों में स्नान के साथ अगर सोन नदी में स्नान नहीं किया जाए तो मनोवांछित फल की प्राप्ति नहीं हो सकती। मौके पर दंगवार के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, देवरी मुखिया मनोज भारती, पूर्व मुखिया रमाशंकर चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, मोहन चौधरी, राजू सिंह, सचिन शर्मा, नीरज गुप्ता, जावेद खान आदि मौजूद थे।

### विष्णु मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**मेदिनीनगर।** कार्तिक महीना भगवान विष्णु को समर्पित है। पूरे महीने सूर्य उदय से पूर्व कार्तिक नहान कर श्रद्धालुओं ने श्री हरि की विधि-विधान पूर्वक आराधना की। महीने में नदी स्नान विशेष फलदायी होने के कारण कई श्रद्धालु तो नियमित रूप से कोयल नदी में स्नान कर पुण्य फल की प्राप्ति की। पूर्णिमा को स्नान ध्यान से निवृत्त होकर भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा शहर स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर में पूजन किया गया। इस दौरान घंटे-घड़ियाल की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

#### कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट

## एकतरफा मुकाबले में बभंडी ने कोशी को 3-0 से दी मात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के पांचवें दिन एकतरफा मुकाबले में बभंडी ने कोशी को 3-0 से मात दी। कोशी टीम को गोल करने का कई मौका मिला, लेकिन उसके खिलाड़ी गोल करने में कामयाब नहीं हुए। इससे पूर्व आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बभंडी ने शुरूआत से ही प्रतिद्वंदी के गोलपोस्ट पर ताबड़तोड़ हमले बोले। विजेता टीम की तरफ से सनोज, गोविंद व लवकुश कुमार ने गोल किया। मुख्य अतिथि कोशी पंचायत के मुखिया विजय राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासित तरीके से खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब हुसैनाबाद के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रहा है। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, अनुज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, पूर्व फुटबॉलर गोविंद सिंह, प्रमोद रजक, अभिमन्यु कुमार सिंह, अनिल सिंह, विकास कुमार, नीरज कुमार सिंह, इशरार अहमद, सुधीर कुमार सिंह, बीर बहादुर सिंह आदि खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### सांड़ के हमले में महिला व वृद्ध गंभीर

**हुसैनाबाद।** बड़ेपुर पंचायत के बुधुआ गांव में सांड़ के आतंक से लोग परेशान हैं। सांड़ के भय से किसान खेत की रखवाली करने भी नहीं जा पा रहे हैं। सोमवर को बुधुआ गांव निवासी बसावन सिंह (65) व तारा देवी( 62) घर से पैदल जा रहे थे। इसी बीच खेत में घूम रहे सांड़ ने उन पर हमला बोल दिया। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने लाठियां भांजकर सांड़ को भगाया। तब जाकर दोनों की जान बच सकी। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आसमान में छाये बादल ठंड में हुई बढ़ोतरी



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। सोमवार सुबह से ही आसमान में छाये बादलों के कारण ठंड में व्यापक इजाफा हुआ है। दिन में सूर्यदेव का दर्शन नहीं होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बादलों के कारण सुबह सड़कों व बाजारों में आवाजाही भी कम रही। धीरे-धीरे ठंड के रौ में आने के बाद भी शहर स्थित रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक किसी भी स्तर पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मौसम के जानकार आसमान से बादल छंटने के बाद ठंड में और वृद्धि होने की संभावना जता रहे हैं।

#### कार्यकर्ताओं का 2024 चुनाव की तैयारी में जुटने का किया आह्वान

## अब एनसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्साः कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकताओं को मिशन 2024 की तैयारी में जुटने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अब एनसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। देश की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वापसी अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। यही वजह है की उन्होंने प्रदेश सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने कार्यकताओं को कहा कि चार वर्ष के दौरान हुसैनाबाद-हरिहरगंज में जो विकास के कार्य हुए हैं। उससे जनता को अवगत कराने का काम प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने इस दरम्यान बूथ कमेटियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। विधायक ने कहा कि बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को बजबूत करने की जवाबदेही सभी की है। सभी को अपने दायित्वों को मजबूती के साथ निभाने की जरूरत है। कुछ लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। जहां पार्टी प्रमुख से विचार-विमर्श कर प्रत्याशी उतारा जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मोहमदगंज प्रखंड अध्यक्ष रूदा सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल विनय पासवान, युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी विमलेश सिंह, जियाजुद्दीन खान,विजय राम,विरेंद्र साव मौजूद थे।

## पलामू के बढ़ते तापमान पर कर्नाटक के पर्यावरणविद् ने जताई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आये कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद् पांडुरंग हेगड़े ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पर्यावरणविद् कौशल किशोर की बातों की यहां के लोग अनदेखी करेंगे तो आने वाले समय में उनके लिए काफी महंगा साबित होगा। वे पिछले 50 वर्षों से चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़कर पर्यावरण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने लातेहार जिला के पलामू किला में कोलकाता से आए पर्यावरण प्रेमियों के साथ वृक्षों पर रक्षा बंधन कर पर्यावरण पर विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बरवाडीह के कस्तूरबा विद्यालय व खुरा पंचायत में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण से जुड़ी कई बातों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यदि अभी भी हम पर्यावरण संरक्षण को लेकर सचेत नहीं हुए तो लोगों को पानी की बोतल व ऑक्सीजन का सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। मौके पर वन विभाग से रिटायर अजय कुमार मिश्रा, शिवानंद तिवारी, शशि भूषण तिवारी, दीनानाथ राम व कोलकाता से वनरखी मूवमेंट से जुड़ी सुशीलीता शाह, कोटाउ चटर्जी, शत्कना चटर्जी, मानस खान, देवयानी दास, सुमित्रा शंकर दत्ता, अंजीत बनर्जी, मौमिता बनर्जी, गोराचंद साहू, बरवाडीह कस्तूरबा सहायक वार्डन उषा कुजूर, संगीता कुजूर, रूबी कुमारी, संगीता, नाईसा, रीमा, गीता, सुजाता आदि मौजूद थे।

#### प्लेटफार्म पर धक्कामुक्की से विवाद की स्थिति

## ट्रेनों में बढ़ती भीड़ से यात्रियों की बढ़ी मुसीबत, हादसे की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा के बाद से ही ट्रेनों में बढ़ी भीड़ यात्रियों के लिए भारी परेशानी का कारण बनती जा रही है। ट्रेनों पर चढ़ने व उतरने के लिए हो रही धक्का-मुक्की से आये दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। छठ पूजा के बाद से ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। विशेषकर रेल खंड के डालटनगंज व गढ़वा रोड स्टेशनों पर अप व डाउन दोनों तरफ की ट्रेनें फुल आ रही हैं। भीड़ के कारण प्रतिदिन यात्री ट्रेन पर चढ़ने से वंचित रह रहे हैं। इस दौरान प्लेटफार्मों पर आये दिन यात्रियों के मध्य तकरार की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। भीड़ को संभालने में आरपीएफ जवानों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। भीड़ का कारण देश के मैदानी इलाकों में धुंध के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना व रांची-चोपन आदि मजत्वपूर्ण ट्रेनों में बोगियों की बोगियों की संख्या घटाने को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। लोगों ने रेलवे के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

#### मनिका विधायक समेत कांग्रेस के कई दिग्गजों ने किया सहभाग

## कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद ने दिया मंत्र



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित रेनू टॉकीज हॉल में सोमवार दोपहर कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ जाति-धर्म की राजनीति कर रही है। अब जनता जाग चुकी है। इस बार विकास के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी मजबूती से मैदान में उतरेगी व जीतेगी भी। चतरा लोकसभा संयोजक जयशंकर पाठक, सुरेंद्र यादव, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक सहित अन्य कार्यकताओं ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद के अलावे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, अध्यक्ष मनोज सिंह आदि ने भी कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियां को गिनाते हुए मोदी सरकार की विफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है। पूरे देश में विकास कार्य ठप हैं।

#### कार्यक्रम

### टैलेंट शो का ऑडिशन व एलिमिनेशन राउंड संपन्न

# डांस सुपर मॉम्स में रागिनी ने दी कड़ी टक्कर, फाइनल राउंड दिसंबर में

**मेंहदी के कंप्टीशन में 5 व पोएट्री कंप्टीशन में 6 प्रतिभागी फाइनल राउंड में पहुंचे**

**सर्च टैलेंट सीजन 6 में डांस सुपर मॉम्स व डुएट डांस कंप्टीशन के लिए प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन संबंधित शाखाओं से कराये थे**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित डिपी पैलेस में टैलेंट शो की एलिमिनेशन राउंड आयोजित की गई। जिसमें डांस सुपर मॉम्स में 5 व डुएट डांस में 6 प्रतिभागियों को फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया है। जबकि मेंहदी के कंपटीशन में 5 व पोएट्री कंप्टीशन में 6 प्रतिभागी फाइनल राउंड में पहुंचे। टैलेंट शो के प्रबंध निदेशक आशीष सिंह ने बताया कि इंडियाज रियलिटी शो बेस्ड सर्च टैलेंट सीजन 6 में डांस सुपर मॉम्स व डुएट डांस कंप्टीशन के लिए प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन संबंधित शाखाओं से कराये थे। जबकि सीजन 7 में मेहंदी व पोएट्री कंपटीशन के लिए रजिस्ट्रेशन सितंबर महीने में हुआ था। जिसका ऑडिशन 29 अक्टूबर को महेंद्र आर्केड में लिया गया था। सीजन 6 के ऑडिशन में डांस सुपर मॉम्स के लिए 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जबकि डुएट डांस के लिए प्रतिभागियों की संख्या 40 रही। वही सीजन 7 मेहंदी कंपटीशन के लिए प्रतिभागियों की संख्या 25 रही। जबकि पोएट्री कंपटीशन में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने अपने हुनर का बखूबी प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि टैलेंट शो के तहत प्रत्येक वर्ष अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस बार डांस सुपर मॉम्स डुएट डांस कंप्टीशन डाल्टनगंज में नई इवेंट्स साबित हुई है। चूंकि शहर छोटा है जिस कारण डांस सुपर मॉम्स में प्रतिभागियों की संख्या कम रहने के बाद भी रुचि की कमी नहीं दिखी। टैलेंट शो के संस्थापक सचिव सूर्यकांत कुमार ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि फाइनल राउंड दिसंबर में होने की संभावना है। इसके बारे में प्रतिभागियों को 10 दिन पूर्व सूचित कर दिया जायेगा।

## गागर में सागर

### दलितों की आवाज थे पूरनचंद : उदय

**मेदिनीनगर।** समाजवादी नेता सह पूर्व मंत्री पूरनचंद की 99 वीं जयंती के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने शहर के पंच मुहान चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। उन्होंने कहा कि पूरनचंद दलितों की आवाज थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त दलितों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ी। पलामू में आज भी दलितों के हक व अधिकार का हनन हो रहा है। ऐसी स्थिति मे पूरनचंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर शिवनारायण साव, संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, शनि कुमार, संजीत कुमार, कृष्णा राम, उमेश पासवान, राजू राम उपस्थित थे।

### इको विकास समिति ने पलामू किला मार्ग पर फैले कचरे को हटाया

**मेदिनीनगर।** पलामू किला मेला या जतरा मेले के दौरान संपर्क मार्ग के इर्द-गिर्द फैले कचरे को इको विकास समिति के सदस्यों ने श्रमदान कर साफ किया। क्षेत्रीय नागरिकों सहित पीटीआर प्रबंधन ने समिति के पहल की सराहना की है। छठ की सुबह से लगे दो दिवसीय जतरा मेले के दौरान पलामू किला मार्ग पर हजारों लोगों का आगमन हुआ था। इस दौरान करीब दो किलोमीटर लंबी पक्की सड़क के दोनों तरफ कचरे का अंबार लग गया था। चारो तरफ खाद्य पदार्थों के रैपर बिखरे पड़े थे। मेले के एक सप्ताह बाद भी गंदगी हटाने के संबंध में कोई पहल न होता देख बेतला नेशनल पार्क के इर्द-गिर्द स्थित बेतला, कोल्ड पूर्वा, रबड़ी, पोखरी खुर्द व गाड़ी गांवों में गठित इको विकास समिति ने साफ-सफाई का बीड़ा उठाया। समिति के सदस्यों ने कचरे को सावधानी पूर्वक नष्ट भी किया। पलामू टाइगर रिजर्व उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि ऐसा करके इको विकास समितियों ने सहयोग और विश्वास की नई कथा लिखी है। समितियो ने स्वेच्छा से श्रमदान करके सड़क के दोनों हिस्से को बिल्कुल कचरा मुक्त कर रखा है। उन्होंने पार्क के आसपास बसे अन्य गांव के लोगों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता पर ध्यान देने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इको विकास समिति शुरू से ही वन्य प्राणियों व जंगल के प्रति सजग प्रहरी का कार्य करते आ रही है।

### देवालयों में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने की पूजा

**मेदिनीनगर। जिले** के प्रसिद्ध देवी धाम, बड़ा शिवालय, ब्रह्मस्थान, महाबीर स्थान सहित विभिन्न देवालयों में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुहंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान इनमें काफी उत्साह व भक्ति की झलक भी दिखी। देवालयों में सुबह से ही विशेष तौर महिलाओं की भीड़ पूजा अर्चना के उमड़ पड़ी है। साथ ही इस प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु तटवर्ती सोन व उतर कोयल नदी के तटों के अलावे अन्य नदियों में पर पहुंचकर आस्था की डूबकी लगाकर भागवान सूर्य को जलाभिषेक व नमन किया। वहीं मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण व्रत कथा भी श्रवण के बाद पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर पुण्य के भागी बने। इन्हें पंडित सत्येन्द्र दूबे, अजीत उपाध्याय, अरुण कुमार दूबे, मनोज कुमार तिवारी व महेन्द्र दूबे ने भक्तों को कथा श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने से सांसारिक पाप नष्ट होने के साथ ही अगले जन्म में स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने भी काफी संख्या में कार्यकताओं के साथ देवी धाम में विधिवत पूजा अर्चना मांग भगवती का माथा टेका।

# 18 वर्ष के विद्यार्थियों का वोटर कार्ड बनाने में सहयोग करें प्राचार्य : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिले के सभी प्लस टू विद्यालय, इंटर कॉलेज एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री रंजन ने सभी प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्यों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्राप्त निदेशों से अवगत कराया। कहा कि सभी योग्य युवाओं का वोटर आईडी कार्ड बनाने को लेकर निर्वाचन आयोग लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे में इस कार्य को और गति देने व शत प्रतिशत योग्य युवा जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हो चुके हैं। उन सभी का वोटर कार्ड बनाने में प्राचार्यों का सहयोग अपेक्षित है। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों का ई-विद्या वाहिनी के माध्यम से तैयार प्री-फील्ड फॉर्म 6 जिला में उपलब्ध कराया गया है। जिसे सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है। प्री-फील्ड फॉर्म 6 में सभी विद्यार्थियों की विवरणी भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय में जमा कराना है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि की सुविधाएं बहाल करने में आवश्यक सहयोग की बात कही। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु उपस्थित थीं।

### जयकारों से गूंजता रहा साहित्य समाज का इलाका

# धूमधाम से किया गया भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के साहित्य समाज चौक से सटे ब्राह्मण विद्यालय के सामने स्थित श्रीतुलसी मानस मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित मानस पाठ नवाह्पारायण महायज्ञ में सोमवार को भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक बड़े ही धूमधाम से किया गया। ढोल-नगाड़े के साथ जय श्रीराम के जयघोष के बीच आनंद व उल्लास पूर्ण माहौल में राजा राम का राजतिलक यजमान मनीष भिवानिया व पूजा भिवानिया द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, जानकी, हनुमान एवं गुरू वशिष्ठ समेत पूरे राम दरबार को फूलों से सजाया गया था। राजतिलक के दौरान श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। मौके पर पाठ कर्ता प्रेम कुमार मिश्रा, कथा वाचक रुचि रामायणी, पंडित मधुसूदन शास्त्री भी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व आयुक्त जटाशंकर चौधरी को मनीष भिवानिया ने माला एवं अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। मंगलवार को हवन के बाद बुधवार को यज्ञ का समापन होगा। सोमवार को जीवन प्रसाद सिंह एवं अरविंद सांवरिया द्वारा पाठकर्ता ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। मौके पर तुलसी मानस मंदिर के अध्यक्ष भरत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बलिराम शर्मा, रवि शंकर पांडे, संरक्षक प्रमोद तुलस्यान, सुरेश उदयपुरिया, मीनू नेमल, रेखा, सुमन, किरण देवी, पुजारी सुरेश पाठक, बसंत जायसवाल, रविशंकर उपाध्याय, सच्चिदानंद मिश्र, भजन गायक उमाशंकर मिश्र, अंशुल उदयपुरी, संतोष शंघाई, सुशील गुप्ता, भीम बाबू, विजय ठाकुर, अंजनी पाठक, संतोष पाठक, विजय गुप्ता, ओमप्रकाश दुबे व शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने देवकीनंदन के साथ की यज्ञ मंडप की परिक्रमा

# यज्ञ से समाज व देश में बढ़ती है सुख, शांति व समृद्धि : मंत्री

**यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन से समाज व देश में सुख, शांति एवं समृद्धि बढ़ती है : मिथिलेश ठाकुर**

**भागवत कथा को सुनने से मानसिक शांति मिलने के कारण जीवन में सफलता प्राप्त होती है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के हाउसिंग कॉलोनी में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में झारखण्ड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर सोमवार को शामिल हुए। उन्होंने कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। साथ ही यज्ञ के आचार्यों के साथ पूजन भी किया। उन्होंने इस महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय समेत पूरी कमेटी को बधाई दिया। वे महाआरती में शामिल होने के बाद पंडाल में बैठकर भागवत कथा का श्रवण किया। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने मंत्री श्री ठाकुर को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके साथ परिक्रमा करते हुए लगा जैसे पूरी झारखंड सरकार यज्ञ भगवान का परिक्रमा कर रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन से समाज व देश में सुख, शांति एवं समृद्धि बढ़ती है। साथ ही भागवत कथा को सुनने से मानसिक शांति मिलने के कारण जीवन में सफलता प्राप्त होती है। इससे जीवन से नकारात्मकता दूर होती है। भागवत पुराण का ज्ञान सभी मनुष्यों के लिए जरूरी है। इससे जन्मों का पुण्य मिलता है व दुखों का नाश होता है। मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, सन्नू सिद्धिकी, सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, मनोज गुप्ता, मुन्ना सिन्हा, गढ़वा के बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, धीरज दुबे, कामता प्रसाद, कृष्ण कन्हैया दुबे व गोलू सिंह आदि उपस्थित थे।

### नारायण जिनके साथ हों, हार कदापि नहीं होती : देवकीनंदन



**मेदिनीनगर।** सांसारिक बल पर भरोसा करने वाले भययुक्त ही जीते हैं। लेकिन नारायण पर विश्वास करने वाले भय मुक्त होते हैं। जिनके साथ नारायण का साथ हो उनकी हार कदापि नहीं होती। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंडाल में छठें दिन की भागवत पुराण कथा के दौरान कही। भागवत पुराण के प्रसंग की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि लक्ष्मी व शांति हर एक घर में चाहिए। लेकिन करोड़ों-अरबों के मालिक होते हुए भी 99 प्रतिशत घरों में शांति नहीं है। शांति उसी को मिलती है जो संतों के मुख से श्रीमद् भागवत कथा सुनते हैं। इसके पहले कथा की शुरूआत देवकीनंदन ठाकुर समेत मंत्री मिथलेश ठाकुर, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, यज्ञ समिति के संरक्षक गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, आशुतोष पांडेय लक्की, चंद्रशेखर पांडेय आदि ने श्री भागवत भगवान की आरती कर की।

### हर्षोल्लास के साथ मना गुरूनानक देव का 554वां प्रकाशोत्सव

# ज्ञानी जी के रागी-जत्थे ने गुरु महिमा व शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी का 554वां प्रकाशोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के बेलवाटिका स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हाल में मुख्य दीवान सजाकर शबद-कीर्तन किया गया। जहां ज्ञानी जी के रागी-जत्थे ने गुरु महिमा व शबद गायन कर संगत को निहाल किया। स्कूली बच्चों ने भी स्थानीय कलाकारों के साथ शबद गायन कर गुरु साहब की उपमा बखान की। कार्यक्रम के दौरान शोभा यात्रा में सेवा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, पूर्व महापौर अरूणा शंकर, मंगल सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। वक्ताओं ने श्री गुरू नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। बताया कि गुरूग्रंथ साहब में राजा व रंक सभी को एक समान माना गया है। गुरू साहब ने कहा था कि जन्म देने वाली मां कभी गलत नहीं हो सकती है। इनका हमें सदैव सम्मान किया जाना चाहिए। इसलिए सिख महिला को कौर (महारानी) कहा जाता है। इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि गुरूनानक जी का सबसे बड़ा संदेश यह है कि हर व्यक्ति, हर दिशा व हर कण में ईश्वर का वास है। अंत में गुरू सिंह सभा के प्रधान सतवीर सिंह राजा के परिवार की ओर से गुरु के लंगर की सेवा की गई। वहीं रात के लंगर की सेवा सरदार जगजीत सिंह सोइन परिवार की ओर से किया गया।

### विशेष चेकिंग अभियान में पकड़े गए 329 बेटिकट यात्री

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारियों के निर्देशन में सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में शनिवार की रात 12 बजे से रविवार को दिन के 12 बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से नगर उटारी रेलवे स्टेशन के बीच विशेष चेकिंग अभियान में 329 बेटिकट यात्रियों को पकड़ते हुए उनसे दो लाख 57 हजार 695 रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। सीआईटी बीएन पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी सहयोगियों ने पूरी ऊर्जा के साथ बेटिकट यात्रियों को हतोत्साहित करने का प्रयास किया। शनिवार की रातभर लंबी दूरी के अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूंज एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में गहनता से जांच की गई।

### पूरनचंद के सपनों को करें साकार : देवेंद्र

**मेदिनीनगर।** पूरनचंद की 99वीं जयंती पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर के पंचमुहान चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता रंजन कुमार सिंह एवं संचालन राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने किया। मौके पर नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, पलामू लोकसभा प्रत्याशी गणेश रवि, महासचिव सीटू गुप्ता, समाजसेवी संजय नवाज, सतीश कुमार सुमन, राजद प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घूरा, शशि भूषण प्रसाद, अख्तर जमां, पंकज वर्मा, शिहान संतोष कुमार , अनिल चंद्रवंशी आदि ने पूरनचंद के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि सभी को पूरनचंद के सपनों को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उनके बताये मार्ग पर चलकर ही पलामू को मूख व गरीबी से मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए सामूहिक प्रयास जरुरी है। सभी ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### हिंदू एकता दल ने पांच गरीब कन्याओं का कराया विवाह

# गरीब बेटी का विवाह कराना किसी यज्ञ से कम नहीं : चंदू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर सूर्य मंदिर प्रांगण में हिंदू एकता दल के तत्वावधान में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा पर पांच गरीब कन्याओं का विवाह कराया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों के रहने वाले वर व वधू पक्ष के बड़ी संख्या लोग वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। बाजे-गाजे के साथ बारात भी निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया। हिंदू एकता दल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू ने कहा कि गरीब कन्याओं का विवाह कराना किसी यज्ञ से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए वे लगभग 2 महीने से लगे हुए थे। कुछ विशेष सहयोगियों की मदद से कार्यक्रम सफल हो पाया है। उन्होंने बताया कि सभी पांच कन्याएं गरीब घर से ताल्लुक रखती है। वर पक्ष भी गरीब है। इस कारण शादी में कठिनाई हो रही थी। गुरियाही के रोहित कुजूर व खुरा की ममता कुमारी, लातेहार के मनोज कुमार उर्फ रवि उरांव व तारा कुमारी, खुरा निवासी प्रवेश उरावं व प्रतिमा कुमारी, चैनपुर के आकाश कुमार व रीना कुमारी एवं राहुल कुमार व सलटुआ की अमृता कुमारी ने सात फेरे लिए। आयोजन में संरक्षक विजय कुमार गुप्ता, अभय सिंह यादव, अंकुश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुमित कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, रितेश कुमार, रोहित कुमार व सोनू कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## परेशानी

### एनपीयू के मनिका डिग्री कालेज में स्थिति विषम

# पलामू का एक ऐसा कालेज जहां सांप-बिच्छू करते हैं बसेरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू से संबद्ध एक ऐसा भी डिग्री कॉलेज है। जहां कक्षा में जहरीले सांप, विष खोपड़ा, बिच्छू जैसे खतरनाक जीव अक्सर आते रहते हैं। यह डिग्री कॉलेज लातेहार जिला के मनिका में स्थित है। इस कॉलेज का नाम मनिका डिग्री कॉलेज है। इस कॉलेज का शानदार भवन, ढेर सारे उपस्कर व बड़े-बड़े क्लास रूम यहां आने वाले विद्यार्थियों को आकर्षित करते हैं। लेकिन जो चीज परेशान करती है। वह है सांपों व विषखोपड़ा का लगातार आना-जाना। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य विमल विमल कुमार सिंह ने बताया कि इसी वर्षा ऋतु में समाजशास्त्र की कक्षा में अचानक जहरीला सांप देखा गया था। उस समय कक्षा में दो दर्जन छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। विषैले जंतुओं की आवाजाही के कारण शिक्षक व छात्र-छात्राएं सभी सदैव सतर्क रहते हैं।

**दो हजार छात्र-छात्राओं का पंजीकरण :** महाविद्यालय में 2000 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है। इनमें से 70 प्रतिशत संख्या लड़कियों की है। जिनमें से अधिकांश आदिवासी समुदाय से आती हैं। महाविद्यालय संपर्क मार्ग गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण विशेषकर बरसात के मौसम में यहां आवागमन काफी कष्टप्रद हो जाता है। हालांकि उच्च अधिकारियों ने शीघ्र ही मार्ग का अनुरक्षण कराये जाने की मांग की है।

# नावाटोली में आग लगने से मकान का ऊपरी हिस्सा खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** घर के बच्चों द्वारा फुलझड़ी जलाने के लिए माचिस का इस्तेमाल उस समय महंगा पड़ गया। जब उससे निकली चिंगारी की चपेट में आने से शहर नावाटोली में एक मकान का ऊपरी हिस्सा जलकर खाक हो गया। सोमवार को नरेश साव के मकान सह गोदाम के ऊपरे तल्ले में आग लग गई। आग से थर्मोकॉल, गुड की पेटी समेत किराना सामान जलकर नष्ट हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी में एक लाख की सम्पत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। घटना के वक्त परिवार के अधिकांश सदस्य हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित यज्ञ में शामिल होने के लिए गये थे। घर पर सिर्फ महिलाएं व बच्चे मौजूद थे। मौके पर पहुंचे टीओपी 2 के प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने भी घटना स्थल का जायजा लिया।

## गागर में सागर

### 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सेविका ले रही है रिश्वत'



**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को केतार प्रखंड अंतर्गत बेलाबार गांव के डेढ़ दर्जन से अधिक कक्षा 8 से 12वीं के छात्रा एवं उनके अभिभावक संबंधित सेविका रंजू देवी के विरुद्ध बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आक्रोश पूर्ण शिकायत लेकर मिलने पहुंचे। जहां बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अनुपस्थिति पर भवनाथपुर सह प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से मिलकर पीड़ित छात्राओं ने आपबीती सुनाई एवं आवेदन दिया। आवेदन में उल्लेख किया है कि बेलाबार गांव के संबंधित आंगनवाड़ी सेविका रंजू देवी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं में फार्म के साथ रिश्वत की मांग करती है। जो उन्हें रिश्वत के तौर पर हजार-पांच सौ रुपये देते हैं सिर्फ उन्हीं लोगों का पैसा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत डलवाया जाता है और जो लोग रिश्वत की राशि नहीं देते हैं उनके द्वारा दिया गया फार्म को त्रुटि बताकर वापस विभाग से अपने घर ले आया जाता है। कहा जाता है कि जो लोग मुझे फॉर्म नहीं उपलब्ध कराएंगे उनका किसी कीमत में पैसा नहीं आ पाएगा। इससे क्षुब्ध होकर डेढ़ दर्जन से अधिक छात्रा एवं उनके परिजन प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे थे। बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि उक्त मामले से संबंधित शिकायत मिली है जो काफी गंभीर है। इसकी विधिवत जांच के पश्चात अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

### संविधान दिवस पर प्रखंड कार्यालय में सभी अंचल व ब्लॉककर्मियों ने ली शपथ

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में प्रखंड व अंचल कर्मियों ने संविधान दिवस मनाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा की अगुवाई में सभी कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर उसके कर्तव्यों और दायित्वों के निर्वहन के लिए शपथ ग्रहण किया। संबोधन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने आज के दिन को विशेष दिन बताया हैं। उन्होंने कहा कि यही वह दिन है, जब राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था। मौके पर बीपीओ अनुज कुमार रवि, ब्लॉक के बाद बाबू अधिराज टोपो प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक पंकज विश्वकर्मा जय सुकेश कुमार अनिकेश कुमार, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक मिथिलेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार अमित कुमार पंचायत सेवक रामनाथ सिंह नवल किशोर यादव अगस्त यादव शाहिद सभी ब्लॉक कर्मियों अंचल कर्मी मौके पर मौजूद थे।

### घरों-दुकानों में घुस रहे नहरी पानी की रोकथाम की पहल, लोगों के बीच हर्ष



**डंडई।** करीये जरही स्टैंड के ग्रामीणों के घर में घुस रहे नहर के पानी की रोकथाम को लेकर पहल की गई है। रायपुर की कंपनी एजीआईपीएल के प्रतिनिधि रमाकांत पांडेय की उपस्थिति में सोमवार को उक्त स्थल पर व्हिम पाइप कलवर्ट निर्माण कार्य को लेकर गड्ढा खोदना शुरू कर दिया गया गया। पानी की निकासी को लेकर निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। उनका कहना है कि संवेदक द्वारा यही कार्य और पहले कर दिया गया होता तो हम सभी के घरों में नहर का पानी प्रवेश नहीं करता। घरों व दुकानों में पानी घुसने से हम लोग खासे परेशान हो गए। पानी की वजह से उन्हें अपनी-अपनी दुकान को भी बंद रखना पड़ गया। उधर, कंपनी के प्रतिनिधि रमाकांत पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की समस्या हमारा कोई संबंध नहीं है। उक्त कार्य हमारा प्राक्कलन में सन्निहित नहीं है। बावजूद ग्रामीणों की समस्या को अपनी समस्या समझते हुए हम सभी को उक्त कार्य करना पड़ा। कहा कि उक्त स्थल के अगल-बगल की मिट्टी के पूरी तरह गीला होने के कारण वहां पर इससे पहले काम करना संभव नहीं था। जैसे-जैसे मिट्टी सूखता जाएगा वैसे-वैसे निर्माण कार्य आगे बढ़ता चला जाएगा। पांडेय ने कहा कि पानी निकासी को लेकर सोमवार से वहां पर कार्य शुरू कर दिया गया है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व घर में घुस रहे नहर की पानी को लेकर मकान मालिक के साथ-साथ किराएदारों ने भी मेराल से डंडई पनघटवा होते अम्बा खोरेया गांव तक किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के संवेदक के खिलाफ खुला प्रदर्शन करने का काम किया था।

# जिन हाथों में होनी चाहिए कलम-कॉपी वे जंगलों में लकड़ी चुनने को मजबूर

## सरकार व शिक्षा विभाग के दावे के विपरीत भवनाथपुर प्रखंड की तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

राज्य सरकार व शिक्षा विभाग गरीब तबके के लोगों के बीच प्रखंड स्तर पर बेहतर शैक्षणिक माहौल मुहैया कराने का लाख दावा करें लेकिन भवनाथपुर प्रखंड में धरातल पर तस्वीर अलग ही नजर आ रही है। जिन हाथों में कलम और कॉपी होनी चाहिए वे परिवार के भरण पोषण के लिए जंगलों में लकड़ी चुनने को मजबूर हैं। मामला मकरी पंचायत के बगही टोला का है। टोला के निवासी शिवकुमार उरांव की पुत्री सपना कुमारी (6) अपने तथा अपने परिवार के भरण पोषण के लिए आये दिन पास के जंगलों से लकड़ी चुनकर इकट्ठा करती



है और लकड़ी का बोझा बनाकर माथे पर ढोकर बाजार में बेचकर घर का खर्चा निकालती है। सपना कुमारी ने बताया कि मेरे घर में खाने का पैसा नहीं है। लकड़ी नहीं बेचेगी तो घर का खर्चा कैसे चलेगा? हमलोग इतना गरीब हैं कि अच्छे ढंग से कपड़ा भी नसीब भी नहीं होता है। कहा कि इस कड़ाके की ठंड में घर का खर्च निकालने और ऊनी कपड़ा खरीदने के लिए जंगलों से लकड़ी चुनकर तथा उसे बाजार में बेचकर किसी प्रकार घर का खर्च चला रही हूं।

### क्या कहते हैं बीडीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। जांचोपरांत मामला सत्य पाया गया, तो उस बच्ची के हाथों में किताब और कलम देकर विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा।

# बड़गड़ प्रखंड में हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टेहरी एवं परसवार पंचायत के आधा दर्जन गांवों में जंगली हाथियों ने रविवार की रात को अचानक धमक कर जमकर उत्पात मचाया, जिससे लोगों में भय का माहौल है। गांव में जंगली हाथियों के आने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीणों को घरों से निकल कर अपनी फसल बचाने एवं हाथियों को खदेड़ने के लिए रतजगा करना पड़ा। इसके वावजूद लगभग तीस की संख्या में पहुंचे जंगली हाथियों ने कई किसानों के धान, सरसों आदि की फसलें रौंदकर बर्बाद कर दी।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम को जंगली हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर परसवार पंचायत सचिवालय के पास उत्तर दिशा में लगे धान की फसल में उतरे, जहां ग्रामीणों की नजर पड़ते ही शोरगुल सुनकर हाथी रूद, चोरटंगियां, बिंजपुर होते टेहरी पहुंचे।

### टेहरी एवं परसवार पंचायत के आधा दर्जन गांवों में फसलों को रौंदकर किया बर्बाद



यहां हाथियों ने किसानों के खेत में लगे धान, सरसों आदि फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं कुछ किसानों के खेत में लगे धान की फसल पूरी तरह खाकर चट कर गए। ग्रामीण मशाल एवं टार्च की रौशनी के सहारे हाथियों के झुंड को काफी मशक्कत के बाद जंगल की ओर खदेड़ने में सफल हुए। खबर लिखे जाने तक हाथियों का झुंड टेहरी गांव के पूरब दिशा में स्थित जंगल में जमा हुआ है। ग्रामीणों को भय है कि दुबारा हाथी गांव में न आ जाए। जंगली हाथियों के आतंक से प्रभावित ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने एवं नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने कि मांग की है। हाथियों के झुंड द्वारा जिन किसानों की फसलों को बर्बाद किया गया है, उनमें ग्राम टेहरी के नंदू सिंह के एक एकड़ में लगे धान की फसल को बर्बाद कर दिया। इसी तरह देवनीश खलखो के आधा एकड़ में लगे धान कि फसल, संदीप खलखो एवं विजय खलखो के एक एकड़ में लगे सरसों की फसल, परसवार गांव के मोबारक अंसारी के आधा एकड़ में लगी धान की फसल, रूद गांव के रमेश किसान एवं राम प्रसाद किसान का एक एकड़ में लगा धान रौंद डाला गया।

## अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोड्डा ने जीती बालिका वर्ग की ट्रॉफी

# धनबाद ने हजारीबाग को 3-0 से रौंद जीता बालक वर्ग का खिताब

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड वालीबाल संघ के तत्वाधान में आयोजित में 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला बालक/बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। पांच दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में धनबाद की टीम ने हजारीबाग की टीम को 3-0 परास्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में गढ़वा ने रांची को 2-1 से पराजित किया। बालिका वर्ग का फाइनल मैच गोड्डा एवं पश्चिमी सिंहभूम के बीच खेला गया, जिसमें गोड्डा की टीम 3-0 से विजयी रही। इस वर्ग में रामगढ़ ने गुमला को 3-0 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सभी ऑफिशियल को भी संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया।

इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर मिलता है जिससे कि वे अपनी प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी यहां राज्य स्तरीय कई प्रतियोगिता आयोजित कराए जा चुके हैं, जिनमें एथलेटिक्स,



फुटबॉल, साइकिलिंग एवं वॉलीबॉल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में खेल महोत्सव भी आयोजित कराया जाएगा, जिसमें सभी खेलों को शामिल कराया जाएगा। आज खेल के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं है। खेल में कोई भी खिलाड़ी मेहनत करके अपना करियर बन सकता है। इस क्षेत्र में पैसे के साथ-साथ शोहरत भी मिलती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि सभी की सहभागिता से एक बड़ा आयोजन गढ़वा में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका है। झारखंड वालीबाल संघ के महासचिव शेखर बॉस ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी शांति व्यवस्था के बीच आयोजन संपन्न होना सभी लोगों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए संघ तत्पर रहेगा ऐसी मेरी आशा है। संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि सभी लोगों के प्रयास से ही यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। मौके पर जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, रजनीश दुबे, पंकज दुबे, झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, मुखिया नारद तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, संघ के उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, कमलेश पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, गौरव सिन्हा, नीरज सिन्हा, पंकज सिन्हा, विशाल पांडेय, पंकज मिश्रा, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद दुबे, संजीव पांडेय, पंकज सिंह, अंकेश नारायण, विकास तिवारी, प्रशांत ओझा, समर रजा, अंशु दुबे, रवि, बबलू, सन्नी, सुमित मिश्रा, राजा सिंह आदि उपस्थित थे।

# श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के 62 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की खैर नहीं। विभाग के अधिकारियों ने बिजली बिल बकाया रखने वालों के विरुद्ध कारवाई भी प्रारंभ कर दी है। बिजली विभाग ने बकाया बिल रखने वाले अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में 62 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बंद करते हुए कारवाई की है।

इस मामले में विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि जिनका बिजली बिल 5000 से अधिक है वह बिजली का बिल का भुगतान कर दें। बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को 15 दिवसीय नोटिस दिया गया था। तय समय सीमा में बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया। उसके उपरांत चेकिंग अभियान में उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है। उन्होंने कहा कि जिस बिजली उपभोक्ता पांच हजार रुपये से अधिक बिजली बिल का बकाया है और वह बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर दिया जाएगा और बिना बिजली कनेक्शन का जो भी उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर रहे हैं वह अपना बिजली कनेक्शन करा लें नहीं तो पकड़े जाने पर

### बिजली बिल बकाया रखने वालों पर विभाग ने की कार्रवाई, कनीय अभियंता बोले, पोल से दुकानदार अपना बैनर हटा लें अन्यथा बिजली विभाग करेगा कार्रवाई



बिजली विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी दुकानदार अपनी दुकान का बैनर, पोस्टर बिजली प्रवाहित पोल में प्रचार के लिए लगा देते हैं वह अपना बिजली प्रवाहित पोल से बैनर हटा लें। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकान का बैनर बिजली प्रवाहित पोल में लगा देते हैं जिसके कारण बिजली कर्मियों को बिजली पोल पर काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानदार अपना बैनर हटा लें अन्यथा बिजली विभाग द्वारा कार्यवाई की जाएगी।

### केतार प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरआत आज से

**केतार।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड की सभी पंचायतों में मंगलवार से विकास शिविर की शुरुआत होगी। मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार की पहल पर कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रखंड में उक्त शिविर 28 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा। इसकी शुरुआत परती कुशवानी पंचायत से होगी। 1 दिसंबर को पाचाडुमर पंचायत सचिवालय प्रांगण में, 4 दिसंबर को केतार पंचायत सचिवालय प्रांगण में, 7 दिसंबर को बलिगढ़ पंचायत सचिवालय के प्रांगण में, 11 दिसंबर को मुकुंदपुर के सूर्य नारायण वन में, 16 दिसंबर को बलिगढ़ पंचायत सचिवालय प्रांगण में और 23 दिसंबर को लोहरगाड़ा पंचायत सचिवालय प्रांगण में कार्यक्रम 11 बजे दिन से आयोजित होगा। राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, मनरेगा, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुपालन योजना, पंद्रहवें वित्त, वन पट्टा, लघु कुटीर उद्योग, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, भूमी व राजस्व आदि योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाएगा।

# आपके द्वार कार्यक्रम से अंतिम पंक्ति के लोगों को भी मिलेगा लाभ

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी जोरों पर, मंत्री ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 नवंबर को गढ़वा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी काफी जोर से चल रही है। इस निमित गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का मंत्र दिया। इस संबंध में मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

ठाकुर ने कहा के जिले की सभी 189 पंचायतों से काफी संख्या में कार्यकर्ता, आसपास के क्षेत्रों से



अधिक से अधिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजनों को शामिल किया जाना है। साथ ही महागठबंधन के सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा झारखंड सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने अधिकार के लिए उचित स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी स्थिति में दबे, कुचले, वंचित एवं पिछड़े सभी वर्गों के लोगों को उनका हक एवं अधिकार उन्हें पूरी तरह से मिल सके, सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें हो इसके लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ठाकुर ने कहा के मुख्यमंत्री ने काफी दूरदर्शी सोच के साथ इस योजना को शुरू किया है। इसका लाभ लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, आमजनों एवं महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से सीएम के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

बैठक में मुख्य रूप से भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, नसीम अख्तर, कंचन साहू, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, अरविंद यादव, करीब अंसारी, चंदा देवी, अंतु दास, चंदन पासवान, नीरज तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विडंबना | महिला शौचालय में ताला बंद, दुर्गंध के कारण लोग कार्यालय आने से भी करने लगे हैं परहेज

# केतार प्रखंड कार्यालय के शौचालय में गंदगी का अंबार

**बिट्टू सिंह। केतार**

सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत पूरे देश में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मगर जहां से ग्राम पंचायतों में विकास का खाका खींचा जाता है, उस परिसर में बने शौचालय में गंदगी का अंबार लगा है।

प्रखंड कार्यालय का शौचालय गंदगी से भरा पड़ा है, जिसे सफाई करने वाला कोई नहीं है। जिस कारण दिनभर पूरे कार्यालय में दुर्गंध फैला रहता है। बावजूद इस कार्यालय के अनुसेवक दिन भर ठसकबाजी में लगे रहते हैं। प्रखंड कार्यालय के शौचालय की नियमित सफाई नहीं होने के कारण प्रखंड



कर्मियों के अलावा सात पंचायत के विभिन्न गांवों से अपनी समस्याओं और अन्य कार्यों को लेकर ग्रामीण पहुंचते हैं, जिन्हें ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन प्रखंड कार्यालय के कर्मियों पर स्वच्छता अभियान का दारोमदार रहता है वहां हालात चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। क्योंकि बीडीओ, बीपीओ,




प्रमुख कक्ष, विधायक प्रतिनिधि कक्ष, प्रधान सहायक कक्ष में उनके कार्यकाल के बेस में शौचालय उपलब्ध है, परंतु आमलोगों और अन्य कर्मियों के लिए बने शौचालय में दुर्गंध के कारण लोग प्रखंड कार्यालय में आना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। वहीं अंचल और प्रखंड भवन में महिलाओं के लिए बने शौचालय में महीनों से ताला लटक रहा है। इसकी वजह से अपने कार्य से नियमित ब्लॉक आने वाली जेएसएलपीएस की महिलाओं को भी विवश होकर खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र को इसकी चिंता नहीं है।

इस संबंध में प्रभारी बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। शौचालय की सफाई कराई जायेगी। वहीं उपायुक्त शेखर जमुवार ने कहा कि प्रखंड कार्यालय की सफाई की जिम्मेवारी संबंधित बीडीओ की है। बीडीओ को कार्यालय परिसर और शौचालय की नियमित साफ सफाई कराने के लिए निर्देश देने की बात कही।

# 'व्यवहारिक ज्ञान के बाद ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति संभव'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

ठाकुर अनुकूल चंद्र के अनुयायियों ने जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सांसारिक ज्ञान अर्थात व्यवहारिक ज्ञान के बाद ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति संभव है। यदि मानव परिवार के सभी सदस्यों के बीच प्रेम, पड़ोसियों के साथ मधुर व्यवहार रखता है, तो उसके अंदर सद्गुण आते हैं। यदि किसी परिवार में किसी व्यक्ति का भाई असत्य के पथ पर चलता है, तो उस भाई का परित्याग नहीं करना चाहिये। उस भाई के प्रति अपने हृदय में श्रद्धा रखकर विपति आपत्ति में



हर संभव सहायता करना चाहिये तथा उस भाई को सत्य के पथ पर लाने का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि विवाह दो प्रकार के होते हैं। प्रथम अनुलोम विवाह व दूसरा प्रतिलोम विवाह। अनुलोम विवाह हमेशा परिवार में उन्नति को प्रसव करता है। इससे सुसंतान की प्राप्ति होती है। ठीक इसके विपरीत प्रतिलोम विवाह अवनति की वृद्धि करता है। इस विवाह से परिवार में क्लेश, कलह, झगड़ा होता है, जिससे परिवार अवसान करता है।

## गागर में सागर

### सड़क हादसे के शिकार दंपती व बच्चे की अंत्येष्टि में पहुंचे पूर्व विधायक राम

**चंदवा।** चंदवा के अनगढ़ा गांव निवासी बंधन गंझू के पुत्र-पुत्रवधु और पौत्र के अंत्येष्टि कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश राम उनके पैतृक आवास अनगड़ा गांव पहुंचे। अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रकाश राम ने पीड़ित से कहा कि वे श्रद्धाकर्म के अलावा मुआवजा संबंधित सभी चीजों में उनकी मदद करेंगे। बता दें कि रविवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बंधन गंझू के पुत्र विजय गंझू, पुत्रवधु देवंती देवी और पौत्र आयशा गंझू की मौत हो गयी थी। इसके बाद से पूरे गांव में कोहराम मच गया था। अंत्येष्टि कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश राम के अलावा राजकुमार पाठक, भोक्ता समाज के योगेंद्र गंझू, सोमनाथ गंझू, दीपू गंझू, प्रयाग गंझू, महरंग गंझू, महेश गंझू समेत बड़ी संख्य में लोग मौजूद थे।

### युवक के निधन पर चंदवावासियों में शोक

**चंदवा।** अलौदिया निवासी प्रभु साव के पुत्र मनोज कुमार का निधन रविवार रात को इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गया। मनोज ब्रेन हेमरेज का शिकार हो गया था। बीते 16 नवंबर को अचानक सर में दर्द की शिकायत के बाद हॉस्पिटल लाया गया था जहां चिकित्सकों ने ब्रेन हेमरेज होने की बात कही, जिसके बाद मनोज को रांची के प्रसिद्ध राज हॉस्पिटल में ले जाया गया था, जहां इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया था। देर रात ही मनोज का पार्थिव शरीर चंदवा लाया गया। शव पहुंचते ही पूरे मोहल्ले में चीत्कार मच गया। हर एक की आंखों में आंसू थे। सोमवार दोपहर को दोमुहान में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि मनोज के पिता प्रभु साव ने दी। मनोज के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मनोज की आजीविका का साधन साउंड सिस्टम था। मनोज के निधन पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, राजकुमार साहू, दुर्गा मंडल चंदवा के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, अमित गुप्ता, दीपक निषाद, आदर्श रविराज, मनीष चांदो, दारा सिंह, रंजन सिंह, कृष्णा कुमार, कमलेश प्रसाद, अंकित कुमार, सागर मेहता, जागृति प्रसाद, सुधीर प्रसाद, निर्मल भारती, असगर खान, मो शमीम टेलर, मो रियाज, प्रदीप ठाकुर आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन

**बारियातु।** प्रखंड की शिबला पंचायत अंर्गत ग्राम भाटचतरा ग्राम स्थित बाजार टाड़ में चल रहे सात दिवसीय 21 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को संपन्न हुआ। महायज्ञ को सफल बनाने में मकरा, भाटचतरा, कुशम्हा, बेसरा व झिरमतकोमा गांव के ग्रामीणों का योगदान रहा। इससे पूर्व रविवार को अखिल भारतीय वैष्णव धर्म संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कांशी, अयोध्या, प्रयागराज, वृंदावन, पुष्कर, डिहरी, गया, सोनपुर आरा के प्रधान पीठाधिश्वर सहित विभिन्न प्रदेशों के धर्मचार्य, जगतगुरु व विद्वान शामिल हुए। महायज्ञ की पूर्णाहुति हवन के साथ संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महायज्ञ के दौरान सातों दिन कृष्ण की रासलीला दिखाई गई।

### आजसू नेता ने ढाबा का किया उद्घाटन

**लातेहार।** शहर के किनामाड़ स्थित हरियाली ढाबा का उद्घाटन सोमवार को आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि शहर में ढाबा खुलना विकास का परिचायक है। ढाबा को काफी स्वच्छ व सुंदर बनाया गया है। लोग परिवार के साथ आकर भोजन का आनंद ले सकते हैं। ढाबा संचालक दीपक पांडेय ने कहा कि हमारे होटल में शाकाहारी व मांसाहारी दोनों रखा गया है। बाहर के कारीगरों को लाया गया है ताकि यहां के लोगों को स्वादिस्ट व्यंजन मिल सकें। मौके पर अभिजीत कुमार, इमरान अंसारी सुमित आदि मौजूद थे।

### पार्टी के विस्तार को झामुमो की बैठक

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में सोमवार को पार्टी कार्यालय में हुई। अशोक पांडे ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन के विस्तार हेतु सभी पंचायत अध्यक्षों को दिसंबर तक बूथ समिति को बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्टी सदस्यता अभियान को चलाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र उरांव, रामचंद्र भगत, शुक्र उरांव, सुखदेव पुराण, विनोद गोस्वामी, धनलाल उरांव, सुरेंद्र सिंह, किशन उरांव, कोमल सिंह, उपेंद्र सिंह, आमिर हुसैन, किशोर उरांव, कुशल राम, एहसान अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, राजेश्वर सिंह, शमशेर आलम आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण बैंक के पास से बाइक की चोरी

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप से अज्ञात चोरों ने बीते देर शाम एक बाइक की चोरी कर फरार हो गए। बाइक गिद्धौर के सिमरमुहल्ला निवासी अशोक कुमार दांगी की है। भुक्तभोगी ने सोमवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। बताया गया है कि 26 नवंबर के साम करीब 6:30 बजे बाइक खड़ा कर कुछ समान खरीदने चौक समीप गया। आने पर बाइक नहीं थी। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है।

### वन अधिकार समिति का किया गठन

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत दुवारी पंचायत के जोकाही व ओबरीडीह गांव के ग्रामीणों की सोमवार को मुखिया जगदीश यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जोकाही में 15 सदस्यीय वन अधिकार समिति गठित की गई। रामदेव गोप को अध्यक्ष, मीना देवी को सचिव बनाया गया। ओबरीडीह में 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। शंभू यादव को अध्यक्ष व सीमा को सचिव बनाया गया। बैठक में पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

मगध आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में हर महीने सीएमडी का दौरा, बावजूद

# नहीं निकल रहा है क्षेत्र के रैयतों ग्रामीणों की समस्याओं का हल

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

जिस कोल परियोजना क्षेत्र में प्रत्येक महीने व पखवाड़े सीसीएल के सीएमडी का दौरा होता है। वहीं के रैयत व ग्रामीण बदहाल हैं। क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा व अस्पताल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। दस वर्ष बाद भी सीसीएल कोयला ढुलाई के लिए सड़क भी नहीं बना पाई। इन दस वर्षों में एक रैयत को भी पुनर्स्थापित नहीं किया जा सका।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सीसीएल सीएमडी को ऐसे मुद्दे दिखते नहीं हैं या फिर प्रबंधन अधिकारियों द्वारा दिखाए नहीं जाते? हम बात कर रहे हैं एशिया की सबसे बड़ी मगध अम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र की जहां पर सीसीएल के प्रबंध निदेशक प्रत्येक पखवाड़े दौरा कर परियोजना क्षेत्र का स्वयं जानकारी लेते हैं। इसके बावजूद परियोजना क्षेत्र के विस्थापित रैयत ग्रामीण एवं क्षेत्र की स्थिति बदहाल है। मगध कोल परियोजना की नींव मासीलौंग गांव से रखी गई थी, जहां से दो दर्जन से अधिक आदिवासी



परिवारों का घर द्वार उजाड़ दिया गया और कोयले का उत्खनन कर गांव में पहाड़ व गहरे तालाब बना दिया गया। उस वक्त प्रबंधन ने लोगों को नई मासीलौंग बसाने का सपना दिखाया था। लेकिन आज गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जो आदिवासी परिवार मिट्टी के घर में खुशहाल रहते थे वे आज एक कमरे में सिसकने को मजबूर हैं। प्रबंधन कुंडी देवलगड़ा पेच को सुलझा नहीं पाई है देवलगड़ा में महीनों से कार्य ठप हैं। कुंडी गांव को पुनर्स्थापित नहीं करा सकी है सीसीएल। अधिकारी विस्थापितों के लिए जमीन नहीं ढूंढ पाए हैं।

वहीं 10 वर्ष बीतने के बाद भी आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के मानवा टोंगरी के दो दर्जन दलित परिवारों को पुनर्स्थापित करने में नाकाम रहा है प्रबंधन। प्रबंधन इन दलित परिवारों को घर द्वार छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया है। घर के चारों तरफ से कोयला का उत्खनन किया जा रहा है। शेष भूमि पर कोयला ढुलाई के लिए ट्रांसपोर्टिंग सड़क बना दी गई है, जिससे इन लोगों को जीना मुहाल हो गया है। आज वह खुली सांस भी नहीं ले पाते हैं। आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिदिन विस्फोट से लोगों का हृदय दहल रहा है।

## चटुआग में कचरा खाने से 7 मवेशियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत चटुआग ग्राम में सात मवेशियों की रविवार शाम कचरा खाने से मौत हो गई, जबकि लगभग आधा दर्जन पशु बीमार हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार सुबह बारियातु अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, अंचल निरीक्षक अनिल होरो व प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे घटना स्थल पर पहुंचे। डॉ सुशिला बागे ने अपने सहकर्मी संजय कुमार राणा व राजू गुप्ता के सहयोग से मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर जांच हेतु लातेहार भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी तक पशुओं के मरने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा। अंचलाधिकारी नंदकुमार राम एवं अंचल निरीक्षक अनिल होरो ने भी यही बात कही, जबकि ग्रामीणों ने बताया कि उस क्षेत्र में बालूमाथ से लाकर कचरा फेंका जाता है। उसी के खाने से पशुओं की मौत हुई है। घटना स्थल पर उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने बताया कि मृत पशुओं में पांच मोहर गंझू की हैं, जिनमें तीन बैल और दो गाय शामिल हैं। एक बैल मिठु गंझू एवं एक बैल विशुन गंझू तीनों ग्राम चटुआग निवासी के हैं। राजेंद्र गंझू ने अपने निजी मद से जीसीबी मंगवाकर सभी सात मृत मवेशियों का ग्रामीण व प्रभारियों की उपस्थिति में डिस्पोज करवाया।

## चोरी के वायर लदे वाहन को आक्रोशित ग्रामीणों ने फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

काफी दिनों से मड़मा, बेतर, रूद, बेलंगा आदि क्षेत्रों में स्क्रैप माफिया सक्रिय



थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत के मड़मा गांव के समीप स्क्रैप माफियाओं की ओर से चोरी का लोहा वायर लोड वाहन को ले जाने से रोकने पर फायरिंग किये जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्क्रैप लोड पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी घटना स्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की व अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के संबंध में नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विगत काफी दिनों से मड़मा, बेतर, रूद, बेलंगा आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्क्रैप माफिया सक्रिय हैं। रात भर अवैध रूप से तार व लोहे की कटिंग कर माफिया ले जाकर बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने पर स्क्रैप माफिया के लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं। बेवजह परेशानी स्थानीय ग्रामीणों को भुगतनी पड़ रही है। शनिवार की रात भी स्क्रैप माफियाओं ने बड़ी मात्रा में बिजली का तार कटिंग कर जमा किया था, जिसे उक्त पिकअप पर लोड कर ले जा रहे थे। एक बाइक चालक आगे-आगे उसकी रेकी कर रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की तो वे लोग मड़मा की ओर से भागने की कोशिश करने लगे। इस बीच वहां के ग्रामीणों ने भी उन्हें घेरने की कोशिश की, जिसके बाद उक्त पिकअप वाहन को वहीं छोड़कर स्क्रैप चोर बाइक की मदद से भाग निकले। ग्रामीणों की मानें तो भागने के क्रम में उन लोगों ने तीन-चार राउंड फायर भी किया है। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त वाहन को वहीं आग लगा दी। इस संबंध में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच जारी है।

## पुलिस पर हमले के आरोपी पांच गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी में राहुल सिंह का रहा है आपराधिक रिकार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में पुलिस जवान काशी नाथ कुम्हार पर जानलेवा हमले के पांच आरोपियों को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में राहुल सिंह, किशोर खालको, निरंजन खालको, बबलू सिंह, उमेश सिंह सभी छिपादोहर निवासी शामिल हैं।

इस संबंध में छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार ने बताया कि बीती 22 नवंबर को छिपादोहर थाना के रिजर्व गार्ड पुलिस काशीनाथ कुम्हार अपनी मोटरसाइकिल में तेल भरवाने के लिए भट्ठी मोहल्ला पेट्रोल पंप जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही कुछ अपराधियों ने बोलोरो गाड़ी से आकर पुलिस जवान को रोक कर ग्रामीणों में भय का माहौल कायम करने के लिए पुलिस जवान की पहचान होने के बावजूद उसे घेर कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उससे एक हजार रुपये की मांग की। जवान द्वारा पैसे नहीं देने पर वही पर रखे एक कुदाल से उसके सिर पर मार कर उसे घायल कर अपने बोलेरो वाहन से फरार हो गए। इस संबंध में प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। मामले में एसडीपीओ के कुशल नेतृत्व में मामले का उद्भेदन करते हुए सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस जवान द्वारा छीनी गई गाड़ी की चाबी, पुलिस जवान का पहचान पत्र, घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, आधा दर्जन मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त खून से सना हुआ कुदाल बरामद किया गया है।

वहीं एसडीपीओ ने बताया गिरफ्तार आरोपी में राहुल सिंह का आपराधिक रिकार्ड रहा है। उसके विरुद्ध चैनपुर थाने में मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के हमले से घायल जवान की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, छिपादोर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रंजीत राम, काशी महली, रवि कुमार, देवानंद प्रसाद, रोहित महतो, विकास सिंधु त्रिपाठी आदि शामिल थे। जानकारी हो कि इसी घटना में घायल जवान को ले जाने के क्रम में 22 नवंबर को पुलिस के बोलेरो वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण इसकी चपेट में आने से केड में एक ग्रामीण की मौत हो गई थी जबकि तीन घायल हो गए थे।

## पीएमओ में अपर सचिव ने की कुंदा में पद यात्रा, कहा-लड़ेंगे 2024 लोकसभा चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**



2024 लोकसभा चुनाव में अभी देरी है पर भावी उम्मीदवारों ने ने अभी से ही दावेदारी को लेकर क्षेत्र का दौरा प्रारंभ कर दिया है। ज्ञात हो कि चतरा लोकसभा सीट से अजतक बाहरी ही सांसद चुने गए हैं। वहीं इस बार चतरा के मूल निवासी दिल्ली पीएमओ ऑफिस में कार्यरत अपर सचिव दिलीप कुमार ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश करते हुए बाहरियों के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। सोमवार को उन्होंने कुंदा प्रखंड में पद यात्रा कर लोगों को जागरूक किया। वहीं लोगों ने भी स्थानीय होने के नाते अपार जनसमर्थन देने की बात कही है।

कुमार ने इस दौरान कुंदा मेन चौक, बेल चौक, दुर्गा मंडप समेत कई अन्य स्थानों पर पद यात्रा कर लोगो को स्थानीय को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि अब तक चतरा लोकसभा क्षेत्र में यहां के मूल निवासी को प्रतिनिधित्व करने का अवसर न मिला यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और यही वजह है की भारत सरकार से विकास के लिए चतरा की जितनी हिस्सेदारी होनी चाहिए, अब तक किसी ने लाने का प्रयास नहीं किया। बाहरियों ने सिर्फ चारागाह की तरह चतरा लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया और चलते बने। उन्होंने मूलनिवासी होने के नाते जनता से लोकसभा चुनाव में जनसमर्थन मांगा है। यात्रा में अपर सचिव के साथ मनोज यादव, अनुज गुप्ता, संजय भारती, लवकुश गुप्ता, अजय यादव, दिलीप साहू, संतोष यादव, विनय भारती, अशोक यादव आदि शामिल थे।

## गैस वितरक ने की ई-केवाईसी कराने की लोगों से अपील

**बारियातु।** प्रिंस भारत गैस रसोई गैस ग्रामीण वितरक मुंसी साव ने गैस उपभोक्ताओ को ई-केवाईसी करवाने की अपील की। वहीं बताया कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अब बायोमेट्रिक के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य होगा। ई-केवाईसी नहीं करने पर केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी। गैस एजेंसी ने यह प्रकिया शुरू कर दी है। वितरक ने बताया कि ई-केवाईसी करने के लिए ग्राहकों को आधार नंबर या एलपीजी आईडी या गैस कलेक्शन में निबंधित मोबाइल नंबर में से कोई एक चीज होना जरूरी है। उक्त दस्तावेज से ही ई-केवाईसी पूरा हो पायेगा। उक्त तीनों में कोई एक जानकरी भरने के बाद उपभोक्ता के नाम आवासीय पता, लिंग, जन्मतिथि, आधार नंबर पोर्टल में दिखना शुरू हो जायेगा।

## मानदेय भुगतान को लेकर श्रम मंत्री से मिले आउटसोर्सिंगकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



कमांडो इंडस्ट्रीज सेक्युरेटी फोर्स हजारीबाग के तहत चतरा स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग से लगभग 350 कर्मी बहाल किए गए हैं। लेकिन इन कर्मियों को पिछले तीन महीना से मानदेय नहीं मिला। ऐसे में कर्मी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को कर्मियों का एक प्रतिनिधि मंडल श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर मानदेय भुगतान करने की गुहार लगाई है। मंत्री को कर्मियों ने बताया कि पिछले 3 महीना से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। जिससे उनके समक्ष भुखमरी की समस्य उत्पन्न हो गई है। कहा कि सिविल सर्जन पास जाते हैं तो टालमटोल करते रहते हैं। आउटसोर्सिंग कर्मियों ने मंत्री से तत्काल मानदेय भुगतान करने की मांग की। इस पर मंत्री ने कर्मियों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर मानदेय का भुगतान करा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्राइवेट कंपनियां अपना मतलब समझता है। लोगों को परेशान करता है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो सरकारी प्रक्रिया के अनुसार कंपनी के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

## धर्म-कर्म

श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी, भद्रकाली मंदिर में की विशोष पूजा

# कार्तिक पूर्णिमा पर शक्ति पीठों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी/पत्थलगडा।**

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को जिले के पवित्र घाटों के अलावे हंटरगंज प्रखंड कोलेश्वरी पर्वत, इटखोरी स्थित तीन धर्मों के संगम स्थल माता भद्रकाली मंदिर, पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान आदि शक्ति पीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस अवसर पर सोमवार को देश के प्रसिद्ध शक्ति पीठों में एक व तीन धर्मों के संगम स्थली माता भद्रकाली मंदिर इटखोरी में श्रद्धालुओं विशेष पूजा अर्चन



की। यहां श्रद्धालु अहले सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। कई श्रद्धालुओं ने उतरवाहिनी मुहाने नदी में आस्था की डुबकी लगाई तथा दीप प्रज्वलित कर नदी में प्रवाहित किया। भीड़ को देखते हुए लोगों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराया गया। इस दौरान पुख्ता तरीके से सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। वहीं पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने अन्न दान किया। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर सिद्धपीठ में पावन डुबकी लगाने व मां के दर्शन से फल की प्राप्ति होती है। साथ ही दान करने से मन को शांति मिलती है। वहीं जिला मुख्यालय स्थित हेरूआ नदी, इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर के समीप व पत्थलगड़ा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान परिसर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित मेले में भारी भीड़ उमड़ी। कार्तिक पूर्णिमा पर उत्सव का नजारा था।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हेरू डैम व लेंबोईया भगवती मंदिर परिसर में लगा मेला

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/पत्थलगड़ा**

कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को चतरा जिले के हेरू डैम में हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दीपदान और पूजा अर्चना किया। इस दौरान कथा का आयोजन किया गया। आस्था की डुबकी लगाने के लिए स्थानीय हेरूआ नदी में श्रद्धालुओं भीड़ सुबह के चार बजे से ही जुटने लगी थी। कई जगहों पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। हेरू नदी के अलावा इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर, पत्थलगडा प्रखंड के लेंबोइया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर परिसर में मेला लगा।



### महादेवमठ व बलबल गर्म कुंडा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान, दान

**कुंदा/गिद्धौरा(चतरा)।** गुरु सह कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बलबल स्थित गर्म जल कुंड व कुंदा प्रखंड के पसिद्ध महादेवमठ मंदिर परिसर में स्नान दान के लिए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सैकडो भक्तों ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को देखते हुए मंदिर परिसर स्थित सूर्यकुंड में स्नान किया व दान कर मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 5 बजे सुबह से ही शुरू हो गई थी। वहीं बलबल गर्म कुंड में लोगों ने परिसर स्थित माता बागेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर गरीबों के बीच दान किया।

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री हेमंत के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**सेन्हा।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सेन्हा पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां के निर्देश पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं शस्त्र बल ने थाना के समीप वाहनों की जांच की। वाहन जांच के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सभी बिंदुओं पर सरसरी निगाहों से जांच की जा रही थी। विदित हो कि उक्त वाहन जांच अभियान राज्य के मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र में आयोजित होने को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर सख्ती बरती जा रही है। वाहन जांच के दौरान विशेष कर गुमला जिला या अन्य जिलों से आने वाले वाहनों की भी जांच की गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा बताया गया कि अगले आदेश तक सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा मोटरसाइकिल चालक हेलमेट तथा अन्य वाहन चालक वाहन संबंधित कागजात साथ में लेकर चलें। जांच के दौरान पुलिस को सहयोग करें। वाहन से संबंधित कागजात नहीं दिखाने तथा संदेह होने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। वाहन जांच में थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एसआई गणेश कुमार यादव, कुलदीप राम, एएसआई अलवीना लकड़ा, बिरजुलाल मुर्मु के अलावे शस्त्र बल शामिल थे।

### गडरपो में पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण की हुई जनसुनवाई

**भंडरा।** प्रखंड के गडरपो पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा योजना की सामाजिक अंकेक्षण पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रवेक्षक मनीष अग्रवाल, मुखिया सुमित उरांव, पंचायत समिति सदस्य जीवन लकड़ा, ज्यूरी सदस्य प्रधान चूमनु उरांव, लीलावती व सामाजिक अंकेक्षण के सदस्य वसीम अकरम, अनमोल कुमार यादव, दयानंद यादव, गीता कुजूर, पुष्पा टोप्पो व पंचायत सेवक व रोजगार सेवक व मुखिया उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के 2021-22 व 2022- 23 की क्रियाान्वित योजना का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इसमें पंचायत क्षेत्र के गड़रपो, पोडहा, अमदारी, तिलसिरी, पलमी, सेमरा, धनामुंजी गांव की मनरेगा योजना सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जन सुनवाई में डोभा, बगवानी, मनरेगा कुप निर्माण आदि योजनाओं में ससमय पुरा कराने की बात कही गई। साथ ही जो भी योजनाओं में निर्माण में गड़बड़ी हुई व अधूरा कार्यों को जल्द करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर ग्रामीण अशोक उरांव, दिलीप उरांव, इस्तियाक अंसारी, दशरथ लोहरा, तपेश्वर लोहरा, राजेश उरांव, बुधेश्वर लोहरा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### 'हमारी ढाल बनकर हमारी रक्षा करते हैं संविधान में दिए मौलिक अधिकार'



**भंडरा।** संविधान दिवस पर मसमानो गांव स्थित डॉक्टर भीम राव अंबेडकर स्मारक स्थल में लोहरा समाज संघर्ष समिति एव रविदास विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान की महत्ता और इसकी बारिकियां बताईं। मौके पर लोहरा समाज के लक्ष्मण लोहरा ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक होने की भावना का अहसास कराता है। संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमारी रक्षा करते हैं और हमें कर्तव्यों व जिम्मेदारियों की याद भी दिलाते हैं। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम संविधान दिवस पर यह शपथ लें कि देश व समाज हित में संविधान के अनुरूप कार्यों को करने का प्रयास करेंगे। मौके पर रविदास समाज के आशुतोष कुमार, विनोद उरांव, कालेश्वर भगत, प्रकाश कुजूर, राजू उरांव, बंधनु उरांव, सरोज कुमार रवि, भरत राम, शंकर राम आदि मौजूद रहे।

### कुडू प्रखंड की ग्राम पंचायत चिरी मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल

# 'सीएम सोरेन आज देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात'

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को लोहरदगा जिला वासियों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति का वितरण करेंगे और रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरी मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर लोहरदगावासियों को रोजगार से जोड़ेंगे। उक्त बातें झामुमो लोहरदगा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से सर्वधर्म और सर्वजन का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्र हेमंत सोरेन ने अपने सभी वादों पर खरा उतरने और सभी वर्गों के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हैं। झामुमो लोहरदगा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने कहा कि इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही साथ मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा वितरण, छात्रवृत्ति योजना के तहत साइकिल हेतु चेक अन्नपूर्णा, धोती व साड़ी,



विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, स्वामी विवेकानंद पेंशन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जाएगा। झामुमो लोहरदगा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने यह भी कहा कि अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके अलावा जॉब कार्ड, शौचालय, जाति, आवासीय, आय, सावित्रीबाई पुले, रोजगार सृजन सहित अन्य योजनाओं का लाभ हेतु अवेदन जमा लिया जाएगा। सरकार के सरकार के चार साल काफी संघर्षपूर्ण रहे बावजूद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास की लहर दौड़ पड़ी है।केंद्र की मोदी सरकार झारखंड सरकार को गिराने को लेकर काफी नाकाम कोशिश की है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता केंद्र की मोदी सरकार के करनी और कथनी से वाकिफ हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका जवाब जनता देने को लेकर तैयार है।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त-एसपी ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हेमंत सोरेन चिरी में परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। उनका आगमन लगभग साढ़े 12 बजे दोपहर में खेल मैदान चीरी (कुडू) स्थित अस्थायी हैलीपैड पर होगा। अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इस बीच लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण व योजनाओं का शिलान्यास / उद्घाटन किया जाएगा। इधर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, पार्किंग, परिसंपत्तियों का वितरण समेत अन्य बिंदुओं का अवलोकन किया। संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, संबंधित अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

### परिसंपत्ति वितरण का रिहर्सल

कुडू प्रखंड के चिरी स्थित खेल मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से होने वाले परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया गया। इसमें लाभुकों की भी उपस्थिति रही। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सदर के डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद महिला के पेट में छोड़ा कपड़ा

## महिला की तबीयत बिगड़ी, डालसा प्रतिनिधि से लगाई इलाज की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कहते हैं इस धरती पर डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। उनके परामर्श से लोग दवाइयां खाकर ठीक हो जाते हैं। कोई गंभीर समस्या होती है, तो उसका ऑपरेशन भी कराते हैं ताकि मरीज की समस्या दूर हो सके। लेकिन इन बातों के ठीक विपरीत घटित हो जाय तो मरीज किस पर विश्वास करें। यदि धरती पर भगवान रूपी चिकित्सक ही गलती कर दें तो उसपर कौन रोक लगाए। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक महिला ने डालसा रांची में अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से रखी। महिला ने डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव से इलाज कराने की फरियाद परिजनों ने की है। डालसा को दिए आवेदन में बताया कि लोहरदगा के मसमानों की रहने वाली कौशल्या देवी के पेट का



ऑपरेशन लोहरदगा सदर अस्पताल में किया गया और उसका बेटा हुआ। ऑपरेशन के बाद कपड़े का टुकड़ा गलती से पेट में ही छोड़ दिया गया। इस बात की जानकारी 4 माह बाद पेट का सिटी स्कैन से हुई। इन चार महीनों तक महिला असहनीय पेट दर्द से परेशान रही।

ज्ञात हो कि 26 जून को महिला कौशल्या देवी को पेट के ऑपरेशन के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में एडमिट किया गया था। वहीं ऑपरेशन के बाद यह बड़ी चूक हुई। यह लापरवाही मानवीय जीवन के साथ खिलवाड़ करने जैसा हुआ है। ऑपरेशन के कुछ घंटों के बाद दर्द होने पर महिला डॉक्टर से मिली, जहां उसे दर्द की दवाइयां दी गईं। लेकिन यह दर्द लगातार बढ़ता रहा। महिला अन्य डॉक्टर के पास भी पेट दर्द की समस्या को लेकर गई लेकिन समस्या कम नहीं हुई। आखिरकार अन्य दूसरे डॉक्टर के पास इलाज के दौरान पेट का सिटी स्कैन कर बताया गया कि पेट में कपड़ें का टुकड़ा छूट गया है। इस घटना को सुनते ही महिला और उसके परिवार वाले सदमे में आ गए। महिला की जान पर बन आई। इस बीच महिला की स्थिति बिगड़ने पर उसे रिम्स लाया गया, जहां सिविल कोर्ट रांची डालसा के लीगल एड में पदस्थापित डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव से इलाज कराने की फरियाद परिजनों ने लगाई है। वहीं डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव पीड़ित महिला को रिम्स में डॉक्टर प्रोफेसर मीना मेहता की यूनिट में भर्ती करा कर इलाज में मदद कर रही है। महिला ने डालसा सचिव को आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। इधर महिला के परिजन रिम्स में काफी उम्मीद से पहुंचे हैं।

# 'माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया और स्वस्थ शरीर का द्योतक'

### जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में माहवारी प्रशिक्षण व सेनेटरी पैड वितरण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में सोमवार को विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा संचालित नवोदय एलुमनी एसोसिएशन एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में एक दिवसीय माहवारी प्रशिक्षण व सेनेटरी पैड वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को अंगवस्त्र देकर किया गया। वहीं मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय की पूर्व छात्रा सदर हॉस्पिटल लोहरदगा की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति मलिका कुजूर ने कहा कि माहवारी युवतियों में एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह माहवारी स्वस्थ शरीर का द्योतक है, परंतु सामाज में इसे लेकर कई प्रकार की अज्ञानता विद्यमान है, जिसे शिक्षा और जागरूकता के द्वारा दूर किया जा सकता है। माहवारी के समय स्त्रियों को अशुद्ध माना जाता है। इस दौरान स्नान नहीं करना, पूजा पाठ नहीं करना, घर के अलग कमरे में सोना जैसे कई भ्रम हैं, जो निरर्थक और गलत हैं। वहीं यूनिसेफ के डॉ. विंध्याचल कुमार ने कहा आज समाज में माहवारी के समय होने वाली गलत विचार धारा को दूर कर शिक्षा और जागरूकता फैला कर युवतियों का सहयोग करना चाहिए। विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे ऊंचे पद पर कार्यरत हैं और आज उनके द्वारा सामाज में जागरूकता सहित सहयोगात्मक कार्य देख कर लगता है कि विद्यालय का जो स्लोगन है शिक्षार्थ आये सेवार्थ जाए परिलक्षित हो रहा है। मौके पर यूनिसेफ के सुरेश कुमार, पूर्व जवाहर नवोदय विधालय के छात्र-छात्रा सह नाज के आफताब आलम, करम सिंह मुंडा, रेशमी बिना कुजूर, नवीन प्रसाद, रमेश उरांव, दिनेश प्रसाद साहू, नेसार अंसारी, फुन्नी साहू, रामप्रसाद पाल, कार्तिक कुजूर, विनीत कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## विधायक-सांसद निर्माण कार्यों का करेंगे शिलान्यास

**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मंगलवार को जिले के विभाग कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह सबसे पहले वेलोग लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्मित लाइब्रेरी भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद ग्राम चीरी, कुडू खेल मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में लोहरदागा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं से समय पर आने की अपील की है।

# आदिवासी-मूलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्लस 2 विद्यालय के मैदान में सोमवार को तीन दिवसीय आदिवासी मूलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। फाइनल मैच एसटी बरवाटोली एव इजोई टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच की शरुआत मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी डॉ.अरुण उरांव, मुखिया इंदरदेव उरांव, कैलास साहू, सरवार अंसारी, अजित अग्रवाल आदि अतिथियों ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण उरांव ने कहा कि खेल से भी जीवन संवारा जा सकता है। पैसा व यश दोनों कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल का खेल सस्ता होता है। इसे कहीं भी खेला जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में



इस तरह का आयोजन निश्चित ही खेल को बढ़ावा देने वाला है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा निखरती है। मुखिया इंदरदेव उरांव ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन जीने की मांस्टर कूंजी है जो विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। कैलाश साहू व अन्य अतिथियों ने कहा कि खेल से हमेशा सीखने का अवसर प्राप्त होता है। जो खिलाड़ियों को अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलना व रहना सिखाता है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये, एक बड़ा खस्सी व जर्सी, दूसरा पुरस्कार 20 हजार रुपये, एक खस्सी व जर्सी, तीसरा पुरस्कार 15 हजार रुपये, एक खस्सी व जर्सी, चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार रुपये नकद, एक खस्सी व जर्सी विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा दिया गया। इस मौके पर आयोजक शशिकांत उरांव, टूर्नामिंट के संरक्षक इंदरदेव उरांव, पूर्व मुखिया कुलदीप उरांव, सरवार खान, कैलाश साहू, अजित अग्रवाल, किशोर साहू, जीतेंद्र यादव, मूर्तजा अंसारी, हेमंत यादव, शिवशंकर सिंह, वैजू साहू, बिरसा उरांव, सोमरा उरांव, कर्मा उरांव सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता : बालक बालिका वर्ग दोनों में गोड्डा ने मारी बाजी



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान घाघरा में राज्य स्तरीय 8 वीं सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन फाइनल मैच के साथ हुआ। फाइनल मैच में बालक एवं बालिका वर्ग दोनों में गोड्डा की टीम प्रथम स्थान पर रही। बालक वर्ग के फाइनल मैच में गोड्डा की टीम ने 19 गोल, जबकि रांची की टीम ने 12 गोल किये। इस प्रकार गोड्डा की टीम 7 गोल से जीत दर्ज की विजेता टीम बनी। वहीं तीसरे स्थान पर दुमका की टीम रही। बालिका वर्ग का फाइनल मैच गोड्डा एवं साहिबगंज के बीच खेला गया, जिसमें गोड्डा की टीम 24-3 से विजय हासिल की, जबकि गुमला की टीम तीसरे स्थान पर रही। सीआरपीएफ के डीआईजी रविन्द्र भगत, अनिरुद्ध चौबे, भूपेन्द्र नाथ राम, उपप्रमुख शिबा देवी, बिजय साहू, पूर्व मुखिया गीता कुमारी, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, सुशील टोप्पो ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। वहीं मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों को आयोजन समिति ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**पहल** वनों के संरक्षण-संवर्धन व विलुप्त हो रही प्रजातियों को फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी

# घाघरा की 10 पंचायतों की कमेटियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा प्रखंड की कुल 18 पंचायतों में से 10 पंचायतों की जैव विविधता परिषद की पंचायत स्तरीय कमिटियों को प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड में वन संरक्षण, जंगली तथा पालतू जानवर व पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा तथा विकास के वास्ते योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है।

इन समितियों के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर घाघरा प्रखंड के 10 पंचायत कमेटी सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। जीव-जंतु, पेड़-पौधों के संरक्षण के वास्ते मिले




कानूनी अधिकार की बेहतर समझ तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के वास्ते हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड जैव विविधता परिषद के सहयोग से यह प्रशिक्षण संचालित किया गया। पंचायत सचिवालय घाघरा में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे चुंदरी पंचायत, बदरी पंचायत, घाघरा पंचायत, डुको पंचायत व अंरागी पंचायत के चयनित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चपका पंचायत सचिवालय में चपका पंचायत, सेहल पंचायत, शिवराजपुर पंचायत व बेलागड़ा जुरमु पंचायत के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण लिया। इन सभी पंचायतों को प्रशिक्षण झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर शांति बड़ाईक ने दिया। प्रशिक्षण को कोऑर्डिनेट करने में सोमरा उरांव का विशेष योगदान रहा। सोमरा उरांव ने कहा कि वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जीव जंतु के संवर्धन संरक्षण में यह कमेटी विशेष योगदान देगी।

कमेटियों को मिले संवैधानिक राइट से वनों एवं जीव जंन्तु के संरक्षण होगा। विलुप्त हो रही प्रजातियों फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी। मौके पर झाड़ी भगत, संजय उरांव, राजमुनी देवी, तेम्बो देवी, सोमरा उरांव, मंगलमुनी उरांव, आदित्य भगत, बिरसमुनी देवी, बिनोद प्रजापति, बंसती उरांव, मनमैत देवी, सुशील उरांव, सुदर्शन उरांव, पंचम उरांव, मुनेश्वर उरांव, प्रकाश उरांव, सुरेंद्र यादव, कैलाश महतो, अनूप कश्यप, रामस्वरूप सिंह, रीना देवी, विनोद प्रजापति, चंद्रमणि उदय सविता देवी, राजमणि देवी, विरसमणी उरांव, सुदर्शन गोप, बलभद्र गोप, मनोज केवट, किशुन उरांव, दिनेश कुमार केवट, भरत कुमार, परमेश्वर उरांव तंबो देवी बैजनाथ केवट, चरवा उरांव, चंदेश्वर बड़ाईक, अशोक सिंह, पुलिता उरांव, जुलिता देवी ने वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# कैरो प्रखंड में गुरु पूर्णिमा पर दिखा लोगों में काफी उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा व गुरु पूर्णिमा को लेकर लोगों के बीच काफी उत्साह दिखा। प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली व गुड़ि में सोमवार को अहले सुबह से ही लोगों में स्नान-दान व पूजा पाठ को लेकर श्रद्धालुओं के बीच खासा उत्साह दिखाई दिया। वहीं इस संबंध में आचार्य कौशल-कांत त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष का सबसे पवित्र महीना कार्तिक का महीना होता है और उसमें भी पवित्र दिन कार्तिक पूर्णिमा को माना जाता है। उक्त कार्तिक पूर्णिमा को सूर्योदय से पूर्व स्नान-दान पूजा अर्चना करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। उक्त पूर्णिमा पर पीपल वृक्ष में दीपक जलाने से भी लोगों को कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। पीपल वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। उक्त पूर्णिमा गुरु और शिष्य के प्रगाढ़ संबंधों को भी इंगित करता है। इसलिए इसे गुरु-पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

## एक नजर

### मारुति सुजुकी इंडिया का ऐलान, जनवरी में बढ़ेगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआई) ने जनवरी से अपनी कार की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। इसलिए ग्राहकों को सस्ते में कार खरीदने का मौका 31 दिसंबर तक ही है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी महंगाई और कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के कारण वह जनवरी, 2024 से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। एमएसआई ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी सभी मॉडलों के लिए अलग-अलग होगी। हालांकि, कंपनी ने वाहनों के कितने दाम बढ़ाए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी है। एमएसआई कम कीमत की छोटी कार ऑल्टो से लेकर मल्टी-यूटिलिटी वाहन इनविक्टो तक वाहनों की एक श्रृंखला बेचती है। इनकी कीमत 3.54 लाख रुपये से 28.42 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) के बीच है।

### गुरु नानक जयंती पर बैंकों में छुट्टी, शेयर बाजार भी बंद

**नई दिल्ली।** गुरु नानक जयंती पर आज शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और कुछ जगहों पर बैंक बंद हैं। इसके अलावा कमोडिटी फ्यूचर मार्केट में सोमवार को ट्रेडिंग नहीं होगी। अब शेयर बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर उपलब्ध छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक शेयर बाजार में इस कैलेंडर ईयर में कुल 15 छुट्टी हैं, जिसमें से 14वां हॉलिडे आज है। इसके बाद 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार 24 नवंबर को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### एसएंडपी ने भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ा कर 6.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ा दिया है। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान को छह फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट को 6.9 फीसदी से घटा कर 6.40 फीसदी कर दिया है। एसएंडपी ग्लोबल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6 फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के आसार दिख रहे हैं। एसएंडपी का कहना है कि घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था को जोरदार सपोर्ट मिल रहा है। ऐसे में महंगाई और कमजोर एक्सपोर्ट भी अर्थव्यवस्था की विकास दर को कमजोर नहीं कर पाएगा और भारत के जीडीपी में जबरदस्त उछाल आएगा। एसएंडपी के मुताबिक भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमान से तेज गति से बढ़ेगी, लेकिन आगामी वित्त वर्ष 2022-4-25 में इसकी रफ्तार थोड़ी सुस्त हो सकती है।

# अदाणी पोर्ट्स में स्थायी बढ़ोतरी तय, शेयर करेंगे बेहतर प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिसर्च फर्म के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन का फोकस बढ़ोतरी और कर्ज.के बीच संतुलन स्थापित करने की तरफ शिफ़्ट हो रहा है. गोल्डमैन सैक्स ने इसके लिए ऑर्गैनिक पोर्ट वॉल्यूम में बढ़ोतरी, म्यांमार पोर्ट में बिक्री, श्रीलंका पोर्ट में नए निवेश तथा जारी युद्ध के बावजूद हाइफा बंदरगाह (इजराइल) में मामूली व्यवधान का हवाला दिया. इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के लिए अपने अर्निंग एस्टिमेट बढ़ा दिए हैं, और इसके लिए अच्छी बढ़ोतरी तथा पूरी तरह इन्टीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स व्यवसाय के बूते मार्केट शेयर से होने वाले लाभ और प्राइसिंग पॉवर में बढ़ोतरी की संभावना का हवाला दिया. रिसर्च फर्म के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन का फोकस बढ़ोतरी और कर्ज.के बीच संतुलन स्थापित करने की तरफ शिफ़्ट हो रहा है. गोल्डमैन सैक्स ने इसके लिए ऑर्गैनिक पोर्ट वॉल्यूम में बढ़ोतरी, म्यांमार पोर्ट में बिक्री, श्रीलंका पोर्ट में नए निवेश तथा जारी युद्ध के बावजूद हाइफा बंदरगाह (इजराइल) में मामूली व्यवधान का हवाला दिया. हमारा मानना है कि शेयरों के इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए, खासतौर से उस स्थिति में, जब साल के उत्तरार्द्ध में बढ़ोतरी आश्चर्यजनक रहे. गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि कंपनी अपने वित्तवर्ष 2024 के वॉल्यूम गाइडेंस से आगे निकल जाएगी. ब्रोकरेज फर्म ने शेयर पर 'बाय' (खरीदें) रेटिंग को बरकरार रखा है, और टारगेट प्राइस को भी 820 रुपये से बढ़ाकर 855 रुपये कर दिया है, जिसकी बदौलत 7.85 फीसदी की बढ़ोतरी की संभावना है. रिसर्च फर्म ने दूसरी तिमाही की आय को शामिल करने के बाद अपने अनुमान को अपडेट किया है, तथा मजबूत वॉल्यूम और नए बंदरगाहों में रैम्प-अप के मद्देनजर वॉल्यूम अनुमानों में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की है.



**20 विश्लेषकों में से 19 ने स्टॉक पर 'खरीद' रेटिंग बनाए रखी**

अदाणी पोर्ट्स के शेयर दोपहर 2:14 बजे ठहरे पर लगभग अपरिवर्तित निफ्टी 50 की तुलना में 0.14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 792.95 रुपये पर कारोबार कर रहे थे. ब्लूमबर्ग डेटा के मुताबिक, अदाणी पोर्ट्स पर नजर रखने वाले 20 विश्लेषकों में से 19 ने स्टॉक पर 'खरीद' रेटिंग बनाए रखी है, जबकि एक ने 'होल्ड' करने की सलाह दी है. 12-महीने के एनैलिस्ट प्राइस टारगेट का औसत 19 फीसदी की संभावित बढ़ोतरी का संकेत देता है.

### इंडिगो ने टिकट बुकिंग के लिए जपीटी-4 तकनीक के साथ एआई चैटबॉट पेश किया

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने जीपीटी-4 तकनीक द्वारा संचालित एक एआई चैटबॉट, 6ईस्काई लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य 10 अलग-अलग भाषाओं में यात्रियों के प्रश्नों के जवाब देना और संपूर्ण नेटवर्क पर देश भर में टिकट बुकिंग के लिए अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म पेश करना है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के निकट सहयोग से इंडिगो की डिजिटल टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित, एआई चैटबॉट एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के साथ, इंडिगो यात्रियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करने वाली क्षेत्र की पहली कुछ एयरलाइनों में से एक बन गई है। प्रवक्ता ने कहा, सॉफ्ट लॉन्च के शुरूआती नतीजों से ग्राहक सेवा एजेंट के कार्यभार में उल्लेखनीय 75 प्रतिशत की कमी का संकेत मिलता है, जो बॉट की दक्षता और प्रभावशीलता को दशार्ता है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू टीप ब्लैक कलर में लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कुशाक और स्लाविया में कई नए और सेगमेंट में पहली बार शानदार फीचर्स पेश करने के तुरंत बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने इन दोनों कारों के एक नए, खास वर्जन को लॉन्च करने की घोषणा की है। एलिगेंस एडीशन नाम की दोनों कारों का उत्पादन सीमित मात्रा में किया जाएगा। ये कारें खासतौर पर 1.5 टीएसआई इंजन के साथ उपलब्ध होंगी। इस बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडीशन एक लिमिडेट एडीशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा। कुशाक और स्लाविया के क्लासिक ब्लैक कलर की जोरदार मांग देखने को मिली है। हम अपने प्रोडक्ट्स ग्राहकों की रुचि और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। हमारा विश्वास है कि कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की खूबसूरती और इनका नया रंग कार डिजाइनिंग की समझ रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगा और साथ कार खरीदने वाले का गर्व का अहसास कराना जारी रखेगा।



**कैसी होगी डिजाइन**

कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की ये दोनों कारें एकदम नए और शानदार डीप ब्लैक पेंट में पेश की जा रही हैं। ग्रिल, ट्रंक गार्निश और विंडो गार्निश जैसे एलिमेंट्स में क्रोम फिनिश पहले की तरह ही बना रहेगा। इन कारों की खूबसूरती को बढ़ाने को लिए क्रोम लोअर डोर गार्निश दिया गया है। इसके साथ ही बी पिलर्स पर कैलीग्राफी के जरिए शब्द उकेरा गया है। स्लाविया में क्रोम ट्रंक गार्निश और एक स्कफ प्लेट दिया गया है जिस पर शब्द उकेरा गया है।

**देश के सबसे बड़े भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का समापन**

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा झारखंड पवेलियन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश में व्यापार प्रदर्शन का सबसे बड़ा मेला भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 का समापन हुआ। मेले में प्रमुख आकर्षण में फोकस स्टेट झारखण्ड पवेलियन भी रहा। मेले के आखिरी दिन झारखण्ड पवेलियन में लोगो की खासी भीड़ देखने को मिली। समापन में लोगो ने पवेलियन में दिए जा रहे आकर्षक छूट पर खूब खरीदारी की। झारखण्ड पवेलियन के डायरेक्टर श्री एस आर पासवान ने बताया कि इस वर्ष मेले में झारखण्ड पवेलियन की बिक्री लगभग 45000 लाख रही, अगली साल झारखण्ड पवेलियन और ज्यादा आकर्षक उत्पादों तथा जानकारियों के साथ अपने पवेलियन को सुसज्जित करेगा। इस अवसर पर पवेलियन में भाग लेने वाले सभी सरकारी और निजी स्टालों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया। जिसमे झारखंड पर्यटन को प्रथम, झारखंड माइंस को दुतीय और झारखंड फॉरेस्ट को तृतीय स्थान दिया गया। झारखंड सूचना विभाग की अहम भूमिका की प्रसंशा की। खुदुरा विक्रेता में लाह की चूड़ियां बेचने वाले झाबर मल को प्रथम स्थान दिया गया।उन्होंने कहा झारखण्ड पवेलियन में भाग लेने वाले सभी सहभागियों ने बहुत ही कुशलता से प्रगति मैदान के इस मंच पर अपना प्रदर्शन किया। उद्योग विभाग सभी के सहयोग की सराहना करता है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में आज (सोमवार) गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक आज दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.63 डॉलर यानी 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ 79.85 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.68 डॉलर यानी 0.90 फीसदी लुढ़ककर 74.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

**सिंघानिया के पारिवारिक विवाद का असर**

## रेमंड के निवेशकों को लगा करोड़ों का चूना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सबसे पुराने कारोबारी घरानों में से एक सिंघानिया परिवार इन दिनों विवादों से जूझ रहा है। पहले बाप-बेटे की लड़ाई और अब पति-पत्नी के तलाक विवाद से सिंघानिया परिवार को दो-चार होना पड़ रहा है। इन विवादों के शिकार हो रहे हैं सिंघानिया परिवार की कंपनियों के शेयरहोल्डर। अकेले रेमंड के शेयरधारकों को ताजे विवाद के चलते हजारों करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ गया है। दरअसल रेमंड ग्रुप के एमडी एवं चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से अलग होने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर तलाक का ऐलान विगत 13 नवंबर को किया। उसी बीच सोशल मीडिया पर नवाज मोदी सिंघानिया का एक वीडियो भी वायरल हुआ। इन सब घटनाक्रमों ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया। तलाक के ऐलान के



करीब एक सप्ताह बाद ऐसी खबरें आईं कि नवाज मोदी सिंघानिया ने गौतम सिंघानिया से उनकी कुल संपत्ति में 75 फीसदी की मांग की है। ईटी ने एक रिपोर्ट में बताया था कि नवाज मोदी सिंघानिया ने गौतम सिंघानिया से फैमिली सेटलमेंट के तहत उनकी कुल नेटवर्थ के 75 फीसदी हिस्से की डिमांड की है। रिपोर्ट के अनुसार, नवाज मोदी ने खुद के लिए और दोनों बेटियों निहारिका व निसा के लिए यह डिमांड की है। पिता विजयपत सिंघानिया के साथ विवाद के बाद रेमंड ग्रुप अब गौतम सिंघानिया के पास है। उनके पास मुंबई में मुकेश अंबानी के बाद दूसरा सबसे महंगा व आलीशान घर है। उनकी नेटवर्थ 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 11 हजार करोड़ रुपये) है।

**इतना गिर गया शेयर का भाव**

इन सब खबरों के बीच रेमंड के शेयर लगातार टूटते जा रहे हैं। पिछले 9 सेशन में रेमंड के शेयर के भाव में 13.3 फीसदी की गिरावट आई है। यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब बाजार मजबूत हुआ है। पिछले 9 सेशन में निफ्टी करीब डेढ़ फीसदी के फायदे में है। रेमंड के शेयरों में आई इस गिरावट से कंपनी का मार्केट कैप करीब 1,700 करोड़ रुपये कम हो गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो तलाक विवाद के चलते रेमंड के शेयरधारकों को 1,700 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

## विदेश

# नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाके में ठंड से मरने वालों की संख्या 15 हुई

**एजेंसी। काठमांडू**



मौसम का पारा गिरने के साथ ही नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों जाजरकोट और रूकुम पश्चिम में खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। महज एक तिरपाल के सहारे रह रहे इन भूकंप पीडितों को रात गुजारना और अधिक मुश्किल होता जा रहा है। ठंड के कारण इन दोनों जिलों में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। मरने वालों में अधिकतर बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं हैं। बुजुर्गों की ठंड के कारण निमोनिया से मौत हो रही है जबकि अन्य लोगों में कई दूसरी बीमारियां मौत का कारण बन रही हैं। बीती रात ठंड के कारण ही नलगाड नगरपालिका वार्ड नम्बर 8 निवासी एक गर्भवती महिला शर्मिला चादार की मौत होने जानकारी वार्ड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने दी है। इसी तरह रविवार सुबह एक नवजात शिशु मृत पाया गया। भेरी नगरपालिका के वार्ड नम्बर 2 में भूकंप पीड़ितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल में एक महीने की नवजात निरूता पुन की ठंड से ठिठुरकर मौत हो गई। 3 नवम्बर को जाजरकोट को केन्द्र विन्दु बनाकर आए 6.4 की तीव्रता के भूकंप के बाद बेघर हुए लोगों की मौत लगातार ठंड के कारण हो रही है। जाजरकोट और रूकुम पश्चिम दोनों ही पहाड़ी इलाके हैं, जहां सितम्बर - अक्टूबर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है। इस समय दोनों जिलों के ऊपरी हिस्से में तो बर्फबारी भी शुरू हो गई है। इसके कारण वहां का तापमान रात को 5 - 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। ठंड के कारण भूकम्प पीडितों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है।

### इजराइली कारोबारी के जहाज पर अदन बंदरगाह के पास हमला

**अदन (यमन)।** यमन के अदन बंदरगाह के पास इजराइल विरोधी कथित रूप से हूथी विद्रोहियों के निशाने पर आए जहाज 'सेंट्रल पार्क' के चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित हैं। चालक दल के सदस्यों में भारत, बुल्गारिया, जॉर्जिया, फिलीपींस, रूस, तुर्किये और वियतनाम के नागरिक शामिल हैं। यह जहाज इजराइली कारोबारी इयाल ओफर के स्वामित्व वाली कंपनी जोडैक का है। इजराइल के अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार कंपनी ने कहा है कि फॉस्फोरिक एसिड ले जाने वाले सेंट्रल पार्क जहाज पर हुए हमले के बाद चालक दल के सभी सदस्य सकुशल हैं। कंपनी ने यह विवरण नहीं दिया है कि हमलावरों के साथ क्या हुआ। बस इतना कहा है कि जहाज और उसके चालक दल के सदस्य 'वर्तमान में सुरक्षित' हैं।

## पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में आठ आतंकी मारे

**एजेंसी। रावलपिंडी/ पाकिस्तान**

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में आठ आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी।पाकिस्तान के न्यूज चैनल जियो न्यूज ने आईएसपीआर के रविवार को जारी बयान के हवाले से कहा है कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इस जिले के सारारोधा इलाके में अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इसमें आठ आतंकवादी मारे गए। आईएसपीआर के मुताबिक, मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों और निर्दोष लोगों के खिलाफ कई



आतंकी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। जियो न्यूज के अनुसार पिछले हफ्ते, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के रजमक इलाके में सुरक्षा बलों के एक काफिले के पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईडीडी) विस्फोट होने से दो सैनिक शहीद हो गए थे। शहीद जवानों की पहचान करक जिले के निवासी 33 वर्षीय लांस नायक एहसान बादशाह और कुर्रम जिले के निवासी 30 वर्षीय लांस नायक साजिद हुसैन के रूप में हुई थी।

## तिब्बत

**दस महीनों में स्वायत्त प्रदेश में 1.5 गुणा बढ़ा व्यापर**

# व्यापार का कुल मूल्य 9 अरब युआन से अधिक हो गया

**एजेंसी। बीजिंग**

हाल ही में ल्हासा सीमा शुल्क से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष के पहले दस महीनों में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में माल व्यापार का कुल आयात और निर्यात मूल्य 9.357 अरब युआन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के पहले दस महीनों की तुलना में 1.5 गुना अधिक था, जिसकी वृद्धि दर देश में पहले स्थान पर है। इस वर्ष के पहले दस महीनों में तिब्बत के विदेशी व्यापार का कुल मूल्य 9 अरब युआन से अधिक हो गया उनमें से निर्यात 8.384 अरब युआन था, जो 1.4 गुना अधिक था। वहीं, आयात 97.3 करोड़ युआन था, जो 3.1 गुना ज्यादा था और व्यापार अधिशेष 7.411 अरब युआन था।

पहले दस महीनों में, तिब्बती उद्यमों ने 169 देशों और क्षेत्रों के साथ आयात और निर्यात व्यापार किया है, यह संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 75 ज्यादा थी, जाहिर है कि व्यापार भागीदारों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नेपाल तिब्बत स्वायत्त प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, नेपाल में तिब्बत का आयात और निर्यात मूल्य 60.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.145 अरब युआन तक पहुंच गया। वहीं, ₹बेल्ट एंड रोड₹ के संयुक्त निर्माण वाले देशों में तिब्बत का आयात और निर्यात 69.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.852 अरब युआन तक पहुंच गया। तिब्बत ने चीन-नेपाल संबंधों को गहरा करने और पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का विस्तार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। पहले दस महीनों में, नेपाल के साथ चीन के व्यापार का कुल मूल्य 10.213 अरब युआन था, जिसमें गत वर्ष के समान समय की तुलना में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान, नेपाल के साथ तिब्बत का व्यापार 21 प्रतिशत का हिस्सा था और इसके और बढ़ने की उम्मीद है।



### चीन में क्यों बढ़ रही सांस की बीमारी, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताई वजह

**बीजिंग।** चीन में रहस्यमयी बीमारी के बाद अस्पताल में बच्चों की लंबी कतार के बीच वहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बीमारी को फ्लू और अन्य ज्ञात रोगजनकों के कारण होना बताया है। मंत्रालय ने देश में नए वायरस की आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया। चीन में लगातार सांस की बीमारी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी चिंता जता चुका है। मंत्रालय ने कहा कि देश में बच्चों में तेजी से बढ़ रहा सांस की बीमारी आम वायरस के कारण है। मंत्रालय के प्रवक्ता मी फेंग ने कहा कि यह बीमारी इन्फ्लूएंजा वायरस, राइनोवायरस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस, एडिनोवायरस के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे बैक्टीरिया के कारण है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लोगों की संख्या को देखते हुए क्लीनिकों और उपचार क्षेत्रों को खोलने, सेवा के घंटे बढ़ाने और दवाओं की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रूस ने नाकाम किया यूक्रेन के 24 ड्रोन का हमला, उड़ानें प्रभावित

**एजेंसी। कीव**

रूस ने यूक्रेन की ओर से रविवार को भेजे 24 ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन ने रूस के पांच क्षेत्रों मास्को, तुला, कलुगा, स्मोलेंस्क और ब्रांस्क क्षेत्र में ड्रोन को हमले के लिए भेजा था। तुला में ड्रोन ने एक इमारत को निशाना बनाया जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। यूक्रेन की ओर से रात भर हमला जारी रहा। जानकारी के मुताबिक ड्रोन हमले के चलते मास्को के मुख्य हवाई अड्डों पर उड़ानों में देरी हुई या रद्द कर दिया गया। इसे शनिवार को रूस की ओर से किए गए हमले का जवाब माना जा रहा है। यूक्रेन की राजधानी कीव में शनिवार को रूस की ओर से 75 ड्रोन से हमला बोला गया था। अधिकारियों का कहना था कि यह अब तक का रूस की ओर से सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि हमले के कारण राजधानी में 77 आवासीय सहित लगभग 200 इमारतों की बिजली चली गईं। इस दौरान पांच लोग घायल भी हुए। घायलों में 11 वर्षीय बच्ची भी शामिल थी। यह हमला उस दिन किया गया, जब यूक्रेन 1932-33 के होलोदोमोर अकाल को याद कर रहा था। होलोदोमार का मतलब है भूख से मारना। इस दौरान लाखों यूक्रेनियों की मौत हुई थी। शनिवार सुबह के समय किया गया हमला सूरज चढ़ने के साथ ही बढ़ता गया। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि सप्ताह के दौरान रूस ने देश भर में 911 हमले किए है, जिसमें 19 यूक्रेनी मारे गए और 84 घायल हुए हैं।



### हमास ने बंधकों का जत्था किया रिहा, 14 इजराइली व 3 विदेशी बंधकों को सौंपा

**यरुशलम।** गाजा में जारी युद्ध विराम के तीसरे दिन रविवार को हमास ने 14 इजराइली बंधकों और तीन विदेशी नागरिकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी है। इजराइली सेना ने अपने एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हमास ने 14 इजरायली और तीन विदेशी बंधकों को गाजा पट्टी में रेड क्रॉस में सौंप दिया है। रविवार को समझौते के अनुसार 200 ट्रक राहत सामग्री गाजा पहुंची, डीजल और गैस के टैंकर भी मिस्त्र से फलस्तीनी इलाके में पहुंचे। अमेरिका, कतर और मिस्त्र की कोशिश है कि गाजा पट्टी में लागू चार दिनों का युद्धविराम आगे भी जारी रहे। इसके लिए हमास को प्रतिदिन दस बंधकों की रिहाई करनी होगी, बदले में इजराइल प्रतिदिन 30 फलस्तीनी कैदी छोड़ेगा। इजराइल के कब्जे वाले फलस्तीनी इलाके वेस्ट बैंक में इजराइली सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी है।

**सफलता उसी को मिलती है जो लक्ष्य की तरफ मेहनत का हाथ पकड़े निःसंदेह चलता रहता है । - अज्ञात**



# मौसम का मिजाज बदला

***मौसम*** का मिजाज बदल रहा है। इस ठंड से जहां एक ओर कुछ लोगों को कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। लेकिन गरीबों के लिए यह मौसम ठीक नहीं है। हालांकि ठंड चरम पर नहीं है। बावजूद इसके बढ़ने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। ऐसे समय में सरकार की जवाबदेही बढ़ जाती है। अभी से ही इसकी तैयारी जरूरी है। हालांकि कुछ स्वंयसेवी संगठन गरीबों को कंबल बांटते देखे जा रहे हैं। ठंड में अलाव गरीबों के लिए बड़ा सहारा है। इसे अविलंब चालू किया जाना चाहिए। कारण ठंड से बचने का यह अच्छा साधन है। शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अभी से तैयारी जरूरी है। चंद दिनों में ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में बचाव ही इसका उपाय है। इसके लिए निकट के अस्पतालों में व्यवस्था होनी चाहिए। ठंड के मौसम में सड़क हादसों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह ठंड का होना होता है। धुंध के कारण घटित सड़क हादसों में असमय कई लोगों की जानें चली जाती हैं। लंबी दूरी का सफर तय करने से पहले इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। सड़क पर या ट्रेनों में सफर करते समय खास जरूरत है। अत्यधिक कोहरा हो जाने के बाद ट्रेन के समय में परिवर्तन आम बात है। यात्रा करते समय इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इस स्थिति से निपटने के उपाय समय रहते कर लेनी चाहिए। ठंड में कुछ घरेलू इलाज आवश्यक है। शहद और नींबू की चाय,अदरक,भांप लेना,हल्दी दूध का सेवन फायदेमंद होते हैं। खासकर अस्थमा मरीजों का इन बातों का ध्यान रखना आवश्क है। कारण ऐसे बीमार मरीजों को यह मौसम उपयुक्त नहीं होते हैं। एक स्वस्थ्य आदमी को भी ठंड में बच कर रहने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति पहले की तरह नहीं है। जंगल कट जाने के कारण गरीबों का पालनहार आग अब पहले की तरह नहीं जलते हैं। लकड़ी की कमी होने की वजह से लोग धूप निकलने का इंतजार करते हैं। इस मौसम में भोजन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खाने में गर्म मसालों को शामिल किया जाना लाभकारी होता है। सर्दी जुकाम और फ्लू हो जाने पर पैरासिटामोल लेना चाहिए। अगर कोई बाहर जा रहा है तो उन्हें इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बीमारी अगर ठीक नहीं हो रही हो तो अविलंब डाक्टर से संपर्क जरूरी है। कुल मिलाकर शरीर को गर्म रखना जरूरी है। ठंड के मौसम में क्या करें और क्या नहीं इस बात का संज्ञान होना चाहिए। ऐसा करने से जहां एक ओर ठंड से बचा जा सकता है,वहीं शरीर की सुरक्षा की जा सकती है। बहरहाल इन तमाम बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है। यह इस लिए जरूरी है कि शरीर को स्वस्थ्य रखना सबसे बड़ा धन है। बाकी सब बेकार है। अगर शरीर स्वस्थ्य नहीं है तो बाकी के चीज सभी बेकार हैं। इसलिए मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया है। सावधानी जरूरी है।

**शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अभी से तैयारी जरूरी है। चंद दिनों में ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में बचाव ही इसका उपाय है। इसके लिए निकट के अस्पतालों में व्यवस्था होनी चाहिए। ठंड के मौसम में सड़क हादसों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह ठंड का होना होता है।**

# कुटुंब प्रबोधन का प्रेरक श्रीराम परिवार



***राम***चरितमानस एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरूप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानी मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छुपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किये, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले वनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मर्यादाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुर्नजीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मर्यादा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मर्यादा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मर्यादा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते-होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते। टूटते संयुक्त परिवारों का सहाराः इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/ रामायण जीवन का संविधान बन सकता है। यह मान्यता भारत में त्रेतायुग में ही प्रभु राम के जीवन से स्थापित हो चुकी थी। राम परिवार के आदर्श-स्नेह, सहयोग, सद्भाव और विश्वास को आधार बनाकर आपसी संबंधों, कर्तव्यों और दायित्वों को समझा और निबाहा जा सकता है। जब राम, लक्ष्मण और सीता वनवास संपन्न कर अयोध्याजी वापस आते हैं तो माता कौशल्या ने मिलते ही सबसे पहले लक्ष्मण से आकुल होकर पूछा कि मुझे दिखाओ तुम्हें शक्ति कहां लगी थी, पुत्र तुम्हें कितनी वेदना से गुजरना पड़ा ! लक्ष्मण जी ने इसका उत्तर दिया, 'वेदना राघवेन्द्रस्य केवलं व्रणिनो वयम' (वाल्मीकि रामायण) अर्थात हमें तो केवल घाव हुआ था, वेदना तो बड़े भाई राम को हुई थी। बस यही राम का सार है की सभी एक-दूसरे के भाव, प्रेम, हर्ष और विषाद में एकरस हो जाएं। राम जी के छोटे भाई भरत जी का चरित्र तो ऐसा है की कहीं-कहीं उनकी श्रद्धा, समर्पण और मर्यादा रूपी हिमालय के आगे रामजी लघु प्रतीत होते हैं। भाई की चरण पादुका से राज चलाना और स्वयं नंदीग्राम में भूमि पर सोना और पर्णकुटी में रहना। राम जी अपने भाई भरत को राजधर्म की सीख देते हुए कहते हैं की, 'मुखिआ मुखु सो चाहिए' यानि मुखिया मुख के समान होना चाहिए, जो स्वयं के पोषण या सुख में अकेला है , परन्तु विवेक पूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता है। राम और भरत का चरित्र भरत-मिलाप प्रसंग में एक दूसरे के सामने ऐसे अडिग हैं की गोस्वामी तुलसीदास को लिखना पड़ता है 'धीर धुरंधर धीरजु त्यागा' यानि भरत जी के असीम त्याग और मर्यादा के समक्ष धैर्य की धुरी धारण करने वाले श्रीराम को भी अपना धीरज प्रेमाश्रुओं के सामने तोड़ देना पड़ता है। अयोध्या के एक राजकुमार श्री राम द्वारा सुदूर वन में हनुमान को आभार व्यक्त करने के क्रम में कहा जाता है, मय्येव जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं हरे। **नरः प्रत्युपकारार्थी विपत्तिमनुकाङ्क्षति॥ (हे कपिकुलनन्दन।)** आपने जो मेरे साथ उपकार किया है वह मेरे में ही जीर्ण हो जाय (मुझमें पच जाय), बाहर अभिव्यक्ति का कोई अवसर ही न आवे, क्योंकि प्रत्युपकार करने वाला व्यक्ति अपने उपकारी के लिये विपत्ति की कामना करता है, जिससे उसे अपने प्रत्युपकार के लिए उचित अवसर मिले (वा. रामायण)। भगवान राम के समय में सनातन संस्कृति के वैचारिक मानदंडों पर विचार करें और उस काल खंड में संसार की अन्य संस्कृतियों के विकास से तुलना करें तो सहज ही आपको यह अनुभव होगा कि राम और अयोध्या के समाज का उत्कृष्ट सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्य कितना ऊंचा था और संसार भर में क्यों प्रासंगिक हुआ। सुख-दुःख की अनुभूतिः आज पश्चिमी मनोविज्ञान इस स्थिति में पहुंचा जहां दबे स्वर में स्वीकारा जा रहा कि सुख-दुःख वास्तव में भौतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं करते। सुख-दुःख मनुष्य की अनुभूति के ही परिणाम हैं, उसकी मान्यता, कल्पना एवं अनुभूति विशेष के ही रूप में सुख-दुख का स्वरूप बनता है। जैसा मनुष्य का भावना स्तर होगा उसी के रूप में सुख-दुःख की अनुभूति होगी। एक ओर जहाँ पश्चिमी संसार सुख को परिभाषित करने में भौतिक संसाधनों के अंतहीन दौड़ में लगा है वहीं सनातन धर्म में सुख-दुःख का विमर्श एक साथ त्रेतायुग से होता आया है। हम मानते हैं कि सुख और दुःख दो भिन्न अवस्थाएं होते हुए भी एक-दूसरे के पूरक हैं। मृत्युशैय्या पर पड़े हुए दशरथ से मंत्री सुमंत्र कहते हैं; **जनम मरन सब दुख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा॥ काल करम बस होहि गोसाई। बरबस रात्रि दिवस की नाई। सुख हरषहिं जड़ दुख बिलखाहीं। दोड सम धीर धरहिं मन माहीं॥**
अर्थात जन्म-मरण, सुख-दुःख के भोग, हानि-लाभ, प्यारों का मिलना-बिछुड़ना, ये सब हे स्वामी, काल और कर्म के अधीन रात और दिन की तरह बरबस होते रहते हैं। मूर्ख लोग सुख में हर्षित होते और दुःख में रोते हैं, पर धीर पुरुष अपने मन में दोनों को समान समझते हैं।

**■ शिवेश प्रताप**

**लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण व व्यवहार से जो मानक स्थापित किये, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

***कन्या*** सुलकम (अपनी बेटी देने पर कर) की अवधारणा शायद उसी समय शुरू हुई थी! हो सकता है कि राजा ऋषि की शक्तियों का परीक्षण करना चाहता था और यह देखना चाहता था कि विवाह के बाद ऋषि अपनी बेटी की देखभाल कर सकते हैं या नहीं। किसी भी स्थिति में, ऋषि रुचिका ने चुनौती स्वीकार कर ली और वरुण से प्रार्थना की, जिन्होंने ऋषि को तुरंत धन्यवाद दिया। इस प्रकार शर्त पूरी हुई और विवाह संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि कन्यादान और कन्यासुल्का की अवधारणा बाद के युगों में युगधर्म के कारण क्षीण हो गई। मूल अवधारणाएँ बहुत अंतर्दृष्टि के साथ थीं।
**जमदग्नि का जन्मः** ऋषि रुचिका अपनी पत्नी सत्यवती को लेकर अपने आश्रम चले गये। जब सत्यवती को बच्चे चाहिए थे, तो ऋषि रुचिका ने उनसे कहा कि वह एक दिव्य चावल की खीर बनायेंगे, जिससे उन्हें बच्चा मिलेगा। सत्यवती ने अपने पति से अपनी माँ की भी मदद करने का अनुरोध किया (गाधी का कोई पुत्र नहीं था और पुत्र के बिना जीवन और विवाह अधूरा माना जाता है)। इसलिए, रुचिका ने परा ब्रह्म (परम सिद्धांत) पर ध्यान किया और दिव्य चावल की तैयारी के साथ दो बर्तन बनाये। उन्होंने उसे दो बर्तन दिखाये और बताया कि उनमें से एक ब्रह्मयम (ब्राह्मणीय ऊर्जा, सत्व गुण से भरा हुआ) और दूसरा क्षत्रम (लड़ाकू योद्धा कबीले की ऊर्जा, रजो गुण से भरा हुआ) है। वह उससे कहता है कि स्नान के बाद, उसे और उसकी माँ को क्रमशः अंजीर के पेड़ और अश्वत्थ के पेड़ को गले लगाना चाहिए और फिर उन्हें संबंधित चावल की खीर का सेवन करना चाहिए।

**(क्रमशः)**

# 'हलाल' पर मुस्लिम तुष्टिकरण को दी जा रही धार



मृत्युंजय दीक्षित

***उत्तर*** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस ने छापे शुरू कर दिये हैं। इससे अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गई है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आदि दलों ने इस हवा देते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण नीति को धार देने का प्रयास शुरू कर दिया है। मोटे अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ रुपये से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज करवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं। भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है, जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में प्रतिबंध लगने के बाद इस बेहद गम्भीर व खतरनाक विषय पर राष्ट्रव्यापी बहस आरम्भ हो गई है। हलाल का समर्थन करने वाले संविधान की बार-बार दुहाई दे रहे हैं। किंतु शायद इन लोगों को यह नहीं पता कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत सरकार का अपना भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने योगी सरकार के कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकारी एजेंसियों को ही यह पता लगाना चाहिए कि खाद्य उत्पादों में किस तरह के रासायनिक संयोजक, कृत्रिम व हानिकारक तत्व मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी निकायों को यह प्रमाणित करने का अधिकार होना चाहिए कि लोगों के उपयोग के लिए कौन सा भोजन गुणवत्तापूर्ण है। अवैध हलाल प्रमाणन के खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध करने वाले बहसों के दौरान इस अवैध कृत्य को संवैधानिक बता रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि हम जीएसटी दे रहे हैं। हलाल प्रमाणित उत्पादों पर कार्रवाई करने से महंगाई बढ़ सकती है। बेरोजगारी बढ़ सकती है। बाजारों में खाद्य उत्पादों का संकट पैदा हो सकता है आदि -आदि । हलाल प्रमाणित उत्पादों के पक्ष में यह भी दलील दी जा रही है कि यह मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है। अगर यह मान भी लिया जाय कि हलाल प्रमाणन मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि हिंदू समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग जो व्रत व उपवास के अवसर पर पूर्णरूप से शाकाहारी रहता है उसको हलाल प्रमाणन वाले खाद्य पदार्थ बेचकर उसकी आस्था पर क्यों चोट पहुंचाई जा रही है? इनके तर्कों का सनातन हिंदू सहित सिख, जैन, बौद्ध आदि विभिन्न मतावलंबियों की आस्था विश्वास और मान्यता से कोई सरोकार नहीं है।

**भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है।**

**हलाल**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# चरस तस्करों में नहीं है सुरक्षा एजेंसियों का खौफ



यशोदा श्रीवास्तव

***भारत*** सीमा से सटे नेपाल के अंदर कई ऐसे गांव व कस्बे हैं जो नशीले पदार्थों खासकर चरस के गोदाम के रूप में इस्तेमाल हो रहे हैं। इस समय नेपाल के रास्ते चरस की तस्करी जिस रफ्तार में बढ़ी है वह सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय हो सकती है साथ ही यह भी चिंतित करती है कि नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में चरस की खेप इकट्ठी कर वे कौन लोग हैं जो भारतीय युवकों को नशा परोस रहे हैं? नेपाल की खुली सीमा नशीले पदार्थों के तस्कर ही नहीं बिना वीजा पासपोर्ट के आर पार होने वाले विदेशियों के लिए दिन ब दिन मुफीद होती जा रही है। हैरान करने वाली बात है कि पिछले दो दिनों में नेपाल के सोनौली बार्डर से करीब सौ करोड़ की चरस पकड़े जाने के एक दिन बाद ही इसी रास्ते बिना वैध कागजात के भारत से नेपाल जा रहे दो इरानी नागरिक भी पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं। दो दिन में क्रमवार सौ करोड़ की चरस की बरामदगी और दो इरानी नागरिकों की गिरफ्तारी से ऐसा लगता है कि अवांछनीय तत्वों को यहां सुरक्षा और पकड़े जाने का कोई भय नहीं है। कुछ दिन पहले नेपाल के सोनौली बार्डर पार कर करीब बीस किमी आगे तक निकल आई दो लग्जरी कारों से करीब 88 किलो चरस बरामद हुआ था। रूटीन चेकिंग के दौरान कोल्हुई थाने की पुलिस ने चकमा दे कर भाग रही दो कारों को दौड़ा कर रोका और उनकी तलाशी ली। तलाशी में चरस की उतनी बड़ी खेप बरामद हुई। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि चरस और कार के साथ जो तीन लोग पकड़ गये उसमें दो गोरखपुर के और एक शाहजहांपुर का निकला। दोनों कारें लखनऊ और गाजियाबाद की थीं। इससे यह साबित होता है कि नेपाल के अंदर चरस की तस्करी का धंधा करने वाले यूपी के पश्चिमी जिलों के निवासी हैं जो गोरखपुर, महराजगंज तथा नेपाल सीमा के अन्य क्षेत्रों के गरीब व बेरोजगार युवकों को मामूली लालच में कैरियर के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। कुल्हुई थाने की पुलिस ने जिन तीन लोगों को चरस और लग्जरी कारों के साथ गिरफ्तार किया उन्हें इस धंधे के सरगना की कोई जानकारी नहीं है। इन्होंने बताया कि चरस के इस खेप को उन्हें शामली पंहुचाना था, इसके बदले उन्हें बीस हजार रुपए मिलने थे। इन तीनों को नारकोटिक्स एक्ट में जेल भेज दिया गया है। इस केस में जब कभी फैसला आयेगा तो कम से कम दस साल या आजीवन कारावास की सजा तय है। जमानत की भी गुंजाइश बहुत कम है। इस तरह इन तीन युवकों की जिंदगी तबाह मानी जाय। तस्कर चाहे चरस के हों या किसी अन्य के, होते बहुत चालाक हैं। तस्करी के सामान को कैरियरों के जरिये ही नेपाल सीमा के पार तक पहुंचाया जाता है। इस दौरान तस्कर सरगना सामने नहीं आता। चालाकी इस हद तक बरती जाती है कि गंतव्य तक माल पंहुचाने वाले कैरियर भी एक दूसरे को नहीं जानते। तस्कर ज्यादा तर झाड़ झंखाड़ और पगडंडी मार्गों का इस्तेमाल करते हैं। नेपाल सीमा पर चौकसी सुरक्षा एजेंसियों के बीच नदी नाले व झाड़ झंखाड़ वाले रास्ते बहुत हैं जो सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा है। नेपाल सीमा के सोनौली बार्डर से लगातार दो दिनों तक चरस की बड़ी खेप की बरामदगी से नेपाल सीमा पर सक्रिय सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। अभी वे सोनौली बार्डर से 20 किलोमीटर दूर कोल्हुई थाने की पुलिस द्वारा चरस की बरामदगी की समीक्षा कर ही रहे थे कि एक दिन बाद ही तस्करों ने 85 किलो चरस की तस्करी की दुस्साहस कर बैठे। सीमा की सुरक्षा एजेंसियां चूंकि चौकस थीं इसलिए वे पकड़े गये। कुल्हुई थाने की पुलिस द्वारा 88 किलो चरस की बरामदगी के बाद नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई थी। पुलिस ने नेपाल बॉर्डर के करीब दस किलोमीटर तक पगडंडी मार्ग पर मुखबिरों का जाल बिछा दिया था जिसका नतीजा रहा कि सोनौली कोतवाली पुलिस को चरस के दूसरे बड़े खेप की तस्करी की सूचना मिल गई।

**सोनौली बार्डर से 20 किलोमीटर दूर कोल्हुई थाने की पुलिस द्वारा चरस की बरामदगी की समीक्षा कर ही रहे थे कि एक दिन बाद ही तस्करों ने 85 किलो चरस की तस्करी की दुस्साहस कर बैठे।**

**नशा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उम्र के हिसाब से फॉलो करना चाहिए स्किन केयर रूटीन

बढ़ती उम्र के साथ ही हमारी स्किन को खास देखभाल की जरूरत होती है। बता दें कि 30 की उम्र के आसपास त्वचा का ध्यान ना रखने पर झुर्रियों की समस्या भी शुरू होने लगती है। जिससे आपकी त्वचा का ग्लो और चार्म खोने लगता है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारी स्किन को खास देखभाल की जरूरत होती है। क्योंकि 30 की उम्र तक आते-आते हम अपनी त्वचा पर कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर चुके होते हैं। जिसके चलते स्ट्रेस, पॉल्यूशन, सन-एक्सपोजर और बढ़ती उम्र के साथ हमारी स्किन अपनी मासूमियत खोने लगती है। ऐसे में हम सभी को अपनी स्किन का खास ख्याल रखना होता है। बता दें कि 30 की उम्र के आसपास त्वचा का ध्यान ना रखने पर झुर्रियों की समस्या भी शुरू होने लगती है। जिससे आपकी त्वचा का ग्लो और चार्म खोने लगता है। ऐसे में अगर आप भी 30 की उम्र के आसपास हैं तो आप अपने डेली रूटीन में कुछ ऐसी चीजों को शामिल कर सकती हैं, जो आपकी स्किन का ख्याल रखने में आपकी मदद करेंगी।

### 30 की उम्र में स्किन प्रॉब्लम्स

एक बार फिर से पिंपल्स का हावी होना
फाइन लाइन्स का हाइलाइट होना
चेहरे की स्किन में कसावट कम होना
त्वचा का डल और सैगी दिखना
चेहरे पर रिंकल्स का उभरना
ऐक्ने की समस्या का सामना
डार्क सर्कल दिखने लगना
ऐसे करें त्वचा की देखभाल

### क्लिंजिंग है जरूरी

बढ़ती उम्र के साथ त्वचा को पहले से अधिक देखभाल की जरूरत होती है। इसलिए हमेशा रात को सोने से पहले अपने फेस को क्लींजर से जरूर साफ करें और फिर फेसवॉश करें। क्योंकि चेहरे से मेकअप हटाने के लिए क्लींजिंग जरूरी होता है। ऐसे में अगर आप क्लींजिंग को स्किप कर सीधे फेसवॉश करती हैं, तो यह स्किन रिएक्शन का कारण भी बन सकता है।



### बॉडी वॉश

बता दें कि 30 की उम्र में अपने शरीर को पहले से ज्यादा हाइड्रेट रखना होता है। इसके लिए सिर्फ पानी काफी नहीं होता है। इसलिए नहाने के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे नहाने के दौरान 5 मिनट से ज्यादा शॉवर नहीं लेना चाहिए। स्किन पर बॉडी लोशन अप्लाई करना ना भूलें। वहीं नहाने के दो-तीन मिनट के अंदर बॉडी लोशन लगाने से स्किन को ज्यादा फायदा मिलता है और आपकी त्वचा लंबे समय सॉफ्ट बनी रहती है।

### ना लें स्ट्रेस

बढ़ती उम्र के साथ जिम्मेदारियां बढ़ने लगती हैं और तनाव भी पहले से अधिक होता है। ऐसे में ज्यादा तनाव लेने पर इसका असर आपकी त्वचा पर साफ नजर आने लगता है। इसलिए आप रोजाना 8-10 गिलास पानी का सेवन करें और रोजाना 30 मिनट एक्सरसाइज व मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस को काफी हद तक कंट्रोल कर सकती हैं। मेडिटेशन और एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल करने से आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनेगी।

### विटामिन सी

इसके साथ ही रात को सोने से पहले अपने फेस पर फेस सीरम या फिर विटामिन युक्त क्रीम अप्लाई करें। वहीं सुबह के समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। अगर आप दिन में भी विटामिन-सी सीरम लगाती है, तो पहसे अपनी स्किन पर सनस्क्रीन लगाएं और फिर विटामिन-सी युक्त सीरम व क्रीम लगाएं।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### युग का बोध


युगपुरुष नहीं हूं मैं
युग का बोध हूं मैं
न हूं राम, कृष्ण या परशुराम
ना ही हूं, कंस रावण या भीष्म
युग का बोध हूं मैं।
चलता जलती पगडंडी पर
पथ में तलवारें बिछी
तारतम्य बिठाते-तोड़ते
अभी कुछ, अभी कुछ नहीं
कुछ बनते, कुछ बिगड़ते
दुविधा-असमंजस
विग्रह और विच्छेद
पथ का अथक पथिक
यही है नाम मेरा
युगपुरुष नहीं हूं मैं
युग का बोध हूं मैं।
युगपुरुष नहीं हूं मैं
युग का बोध हूं मैं
न हूं राम, कृष्ण या परशुराम
ना ही हूं, कंस रावण या भीष्म
युग का बोध हूं मैं।

❖ नाग मणि

# शादी में खूबसूरत दिखने के लिए अपनाएं ये स्किन केयर रूटीन

शादी के दिन खूबसूरत दिखने की चाहत लगभग सभी लड़कियों की होती है। वहीं शादी में खूबसूरत दिखने के लिए लोग कई तरह के प्रयोग करते हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को अपनाकर अपने लुक्स का खास ख्याल रख सकती हैं। अपनी शादी में खूबसूरत दिखना हर लड़की का सपना होता है। वहीं अगर दुल्हन की बात करें तो दुल्हन के गेटअप में हर लड़की सबसे अलग ब्राइडल लगना चाहती है। वहीं शादी से कुछ दिन पहले से ही लड़कियां खूबसूरत दिखने के लिए ब्यूटी ट्रीटमेंट शुरूकर देती हैं। हर कोई अपनी-अपनी स्किन के हिसाब स्किन केयर रूटीन को फॉलो करती है। वहीं कुछ लड़कियां शादी के कुछ महीने पहले से ही ब्यूटी ट्रीटमेंट लेना शुरू कर देतीं हैं। वहीं कई बार खूबसूरत दिखने के चक्कर में हम अपनी स्किन पर कई ऐसे प्रोडक्ट यूज कर लेते हैं, जिससे स्किन को काफी नुकसान होता है। इसलिए शादी के पहले किसी नई चीज को अपने चेहरे पर ट्राई करने बचना चाहिए। शादी में नेचुरली ग्लोइंग दिखने के लिए हम आपको कुछ बेस्ट स्किन केयर रूटीन बताने जा रहे हैं।

**फेशियल :** हर लड़की को अपनी शादी से पहले फेशियल जरूर करवाना चाहिए। फेशि?ल करवाने से चेहरे की डेड स्किन हट जाती है। जिसके चलते आपके चेहरे पर ग्लो आता है। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है तो आप भी शादी के 1-2 महीने पहले 2-3 बार फेशियल करवा सकती हैं। इस दौरान आपको यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि आपका स्किन टाइप क्या है। जिससे फेशियल के दौरान आपको कोई स्किन से रिलेटेड दिक्कत न होने पाए।



**हेयर स्पा :** शादी में खूबसूरत और सबसे अलग दिखने के लिए आपके बालों का भी हेल्दी दिखना जरूरी है। इसलिए बालों को खूबसूरल और शाइनी बनाने के लिए हेयर स्पा आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। हेयर स्पा की मदद से आपके बाद हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे। जिससे शादी के कार्यक्रमों में आपके हेयर स्टाइलिश को आपके बालों का स्टाइल बनाने में मदद होगी। बता दें कि शादी के 4-5 दिन या एक हफ्ते पहले आप हेयर स्पा करवा सकती हैं।

**बॉडी पॉलिश :** शादी में न सिर्फ दुल्हन का चेहरा बल्कि आपका पूरा शरीर सोने की तरह चमकना चाहिए। ऐसे में आप बॉडी पॉलिश का सहारा ले सकती है। ब्राइडल को अपनी स्किन चमकदार बनाने के लिए किसी अच्छे पार्लर से बॉडी पालिश करवाना चाहिए। इससे आपकी सुंदरता में चार चांद लगेंगे। साथ ही बॉडी पॉलिश से आपकी स्किन भी हाइड्रेट हो जाएगी। इसकी मदद से आप अपनी शादी में खूबसूरत दिखेंगी।

**मैनीक्योर-पेडीक्योर :** मैनीक्योर-पेडीक्योर भी एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। इसके जरिए आप अपने नाखूनों में नई जान डाल सकते हैं। शादी से पहले हाथों-पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप किसी अच्छे से पार्लर से मैनीक्योर-पेडीक्योर करवा सकती हैं। हालांकि मेंहदी की रस्म से पहले दुल्हन को मैनीक्योर-पेडीक्योर करवाना चाहिए। जिससे की बाद में आपकी मेंहदी का रंग खराब ना हो।

**स्क्रब :** शादी से पहले ही बॉडी को चमकदार बनाने के लिए आप बॉडी स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको पार्लर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि अपनी स्किन टाइप का अच्छा सा बॉडी स्क्रब खरीदकर आप अपने शरीर को घर पर ही एक्सफोलिएट कर सकती हैं। बता दें कि शादी से करीब 1 महीने पहले से हर हफ्ते अपनी बॉडी को स्क्रब कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन चमकदान बनेगी। वहीं आप बॉडी स्क्रब के लिए घरेलू नुस्खे का भी ट्राई कर सकती हैं।



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

# हम खो गए हैं


लोग पहले भी गुमशुदा होते थे, लेकिन व्हाट्सपिए जमाने में गुमशुदिए अपनी बुलंदियों को छू रहे हैं। अब तो पुलिस थानों में गुमशुदियों की तलाश वाली फाइलें कचरे के डिब्बे को चाटती हुई नजर आती हैं। पुलिस वालों को भी लगता है कि गुम हो जाना यह तो राजकाज हो चला है। यहाँ तो हर कोई गुमशुदा है। कोई अपने लक्ष्यों से तो कोई अपने दायित्वों से। गुमशुदगी तो नाम कमाने का तरीका हो गया है। लोग कहीं अपने नेता को भूल न जाएँ इसके लिए उसी नेता के दो-चार चेले-चपाटे चप्पे-चप्पे पर उनकी गुमशुदगी का पोस्टर लगाकर उन्हें लाइमलाइट से दूर होने नहीं देते। गुमशुदगी की सबसे अधिक तस्वीरें बच्चों की दिखाई देती हैं। किसी न किसी व्हाट्सप समूह में कोई न कोई खोया रहता है। गुमशुदगी का रास्ता परोपकार से होकर गुजरता है। यकीन न हो तो उस जान पहचान वाले बंदे से ही पूछ लो जो चॉकलेट के नाम पर कुछ ऐसा खिला देता है जिससे बच्चा गच्चा खाकर उसकी गोदी में गिर जाता है। आए दिन अपने कहने वाले पराए बनने की कोई कसर नहीं छोड़ते।

खोने वालों के भी तीन प्रकार होते हैं - एक गुमशुदा, दो गुमशुदी और तीन गुमशुदिए। गुमशुदा व्याकरण की दृष्टि से पुल्लिंग होने का सूचक है, जबकि गुमशुदी स्त्रीलिंग और गुमशुदिए का संबंध लिंग से न होकर गुम होने के संदेह का सूचक है। अध्ययनों से पता चला है कि गुमशुदा होना भी एक तरह का व्यापार है। इसमें बिना किसी लागत के खूब उगाही की जा सकती है। उदाहरण के लिए कोई हाथ-पैर की चोट का नाटक करने वाला या करने वाली सड़क किनारे कराहने की नौटंकी करते हुए आने जाने वाले का ध्यान आकृष्ट करते हैं। जब देखते हैं कि कोई मालदार आदमी उसके पास आकर उसका हालचाल पूछकर उसे अस्पताल ले जाता है तो वे ऑस्कर जिताऊ परफारमेंस करते हुए मालदार का माल हड़प लेते हैं। आजकल गुमशुदियों की सहायता करना किसी खतरे से कम नहीं है। अब देखिए न एक घायल गुमशुदी को एक मालदार साहब अपनी कार में पास के अस्पताल ले जाते हैं। अस्पताल जाकर पता चलता है कि वह गुमशदी नहीं बल्कि ढोंग कर रही है। वह तुरंत फोन करवाकर अपने चाचा, मामा या फिर किसी ऐसे बंदे को बुला लेती है जो मालदार से माल हड़प कर उसे कहीं का नहीं छोड़ती। वहाँ आया चाचा, मामा या फिर जो कोई भी हो वह यह बताता है कि गुमशुदी के बदन पर आभूषण थे। पुलिस सहायता करने वाले मालदार की अच्छे से खबर लेती है और झूठी चोरी के आरोपों में उसे फंसाकर अच्छा खासा माल वसूल लेते हैं। इससे गुमशुदी से लेकर बिचौलियों और पुलिस वालों के हाथ मालामाल हो जाते हैं। जमाना इतना खराब हो चला है कि सहायता करना अब पुण्य कमाने की श्रेणी में नहीं पाप की श्रेणी में गिना जाने लगा है। इसलिए गुमशुदियों से बचिए और खुद गुम होने के खतरों से दूर रहिए।

# खूबसूरत बाल पाने के लिए आसान तरीके से घर पर करें हेयर स्पा

अगर आप भी घर पर हेयर स्पा करना चाहते हैं, तो बता दें कि आप कम खर्चे में आसानी से घर पर भी हेयर स्पा कर सकते हैं। हम आपको घर पर हेयर स्पा करने का तरीका बता रहे हैं। इससे आप स्मूथ और शाइनी हेयर पा सकते हैं। हर मौसम में अपने बालों का ख्यास ख्याल रखना पड़ता है। बालों का ख्याल रखने के लिए हम सभी ना जाने कितने हेयर प्रोडक्ट और हेयर ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करते हैं। वहीं अगर बात बालों की देखभाल की हो, तो इसके लिए हमें मार्केट में कई तरह की टेक्नोलॉजी मिल जाती है। लेकिन इनके अपने कुछ नुकसान भी होते हैं। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आप बिना किसी नुकसान के बालों की देखभाल करना चाहते हैं, तो आप कम खर्चे में आसानी से घर पर भी हेयर स्पा कर सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक हेयर स्पा हमारे बालों को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। वहीं ऑलिव ऑयल बालों को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। ऐसे में अगर आप भी हर पर हेयर स्पा लेना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है, आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हेयर स्पा करने का तरीका बता रहे हैं। इससे आप स्मूथ और शाइनी हेयर पा सकते हैं।



### आवश्यक सामग्री

**ऑलिव ऑयल- 2 से 3 चम्मच**
**केले- 2 से 3**

### ऑलिव ऑयल के फायदे

आपको बता दें कि ऑलिव ऑयल में एंटी-फंगल तत्व पाए जाते है, जो आपके बालों को डैंड्रफ से बचाने में सहायक होता है। वहीं ऑलिव ऑयल आपके बालों को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने के साथ ही बालों को मॉइश्चराइज देने का काम करता है। ऑलिव ऑयल के रोजाना इस्तेमाल से बाल शाइनी और स्मूथ होते हैं।

### बालों में केला अप्लाई करने के फायदे

बता दें कि बालों में केला अप्लाई करने से आपके बाल स्मूथ और शाइनी बनते हैं। क्योंकि केले में विटामिन सी पाया जाता है। इससे बालों की फ्रिजीनेस कम होती है।

केले में मौजूद एंटीमाइक्रोबियल गुण आपके बालों को डैमेज होने से बचाता है।

इसमें मौजूद एंटी-फंगल प्रॉपर्टी खुजली को कम करने में मदद करता है।

इस तरह से केला और ऑलिव ऑयल बालों को अच्छे से पोषण देने में मदद करता है।

### कैसे करें हेयर स्पा

**घर पर हेयर स्पा करने के लिए सबसे पहले 2-3 केले को एक बाउल में मैश कर लें।**
**फिर मैश किए हुए केले में 3 चम्मच ऑलिव ऑयल मिक्स कर लें।**
**इसके बाद इसको अपने बालों की लेंथ में अप्लाई करें।**
**फिर इसे बालों में 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।**
**इसके बाद 10 मिनट बालों को स्टीम करें और फिर तौलिए की मदद से बालों को कवर कर लें।**
**अब 10 मिनट तक तौलिए से कवर करने के बाद पानी की मदद से बालों को धो लें।**
**बालों को धोने के दौरान शैंपू और कंडीशनर जरूर करें, जिससे बाल अच्छे से साफ हो जाएं।**
**इस दौरान आप एक बात का ध्यान रखें कि अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो आपको पहले एक्सपर्ट्स की सलाह जरूर लेनी चाहिए। उसके बाद ही आपको कोई नुस्खा आजमाना चाहिए।**

## सूडोकु नवताल- 6897

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6896 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**28 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.50 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मकर | 09.55 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.42 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 13.15 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.45 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | वृष | 16.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.23 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.37 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.53 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 01.05 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | तुला | 03.16 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.30 ब.से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 332 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 14.06 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 13.32 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 22.03 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.06 बजे तदनन्तर तैतिल 01.57 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 13' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871811 **जूलियन दिन** 2460276.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 13 **विशेष** रोहिणी व्रत, महात्मा ज्योतिबा फुले पुण्यतिथी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7959



### बाएँ से दाएँ

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना -4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ -2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

### शब्द पहेली -7958 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कर्क राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**तुला राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**धनु राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ राशि :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आई तो सीएम ओबीसी समुदाय का : मोदी

**एजेंसी। महबूबाबाद**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में मुख्यमंत्री ओबीसी समुदाय से होगा। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के महबूबाबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोग बीआरएस सरकार को हटाने और भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों ही तेलंगाना को विनाश के रास्ते पर ले गए हैं। उन्होंने दोहराया, यह भाजपा का वादा है कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में ओबीसी समुदाय से एक सीएम होगा।

केसीआर और बीआरएस के बुरे इरादों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, केसीआर और बीआरएस दोनों ने भाजपा के बढ़ते महत्व को महसूस किया और हमारे साथ गठबंधन करना चाहते थे। लेकिन मोदी कभी भी तेलंगाना के लोगों की इच्छाओं के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि अब, चूंकि भाजपा ने बीआरएस और केसीआर को खारिज कर दिया है, वे निराश हैं और भाजपा और मेरी लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट



बीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करने की मोदी की गारंटी है।

बीआरएस शासित तेलंगाना में शासन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बीआरएस के फार्महाउस सीएम तेलंगाना की परंपरा और प्रौद्योगिकी की दोहरी पहचान को नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा तेलंगाना को बीआरएस के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार, माफिया शासन और अंधविश्वास से मुक्त कराना अपनी जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने कहा कि जहां बीआरएस को तेलंगाना से बाहर करना महत्वपूर्ण है, वहीं भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, बीआरएस-कांग्रेस भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति पर आधारित एक ही स्टीयरिंग व्हील वाली कार है।

उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों अराजकता और दलित, एसटी और ओबीसी की घोर उपेक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। इसके विपरीत यह भाजपा सरकार है, जिसने बंजारा, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू के डीएनटी के लिए एक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संत सेवालाल जी महाराज की विरासत को प्राथमिकता दी ताकि उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान के साथ याद किया जा सके।

मडिगा समुदाय के समग्र सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा मडिगा समुदाय के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने के लिए एक कल्याण समिति स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। छोटे और सीमांत किसानों के समर्थन में मोदी ने कहा कि बीआरएस सरकार की किसानों की उपेक्षा करने की नीति के विपरीत हमने सच्चे सामाजिक न्याय को सक्षम करने के लिए पीएम-किसान और यूरिया सब्सिडी जैसी पहल के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की मांग की है।

## कांग्रेस-बीआरएस के बीच तेलंहाना में है डील : अमित शाह



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच एक गुप्त समझौता है। उन्होंने दावा किया कि डील के तहत चंद्रशेखर राव को कांग्रेस एक बार फिर तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनने के लिए समर्थन दे रही है और बदले में बीआरएस राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनने में मदद करेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद खाली नहीं है। नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह पार्टी विधायक एटाला राजेंदर के समर्थन में करीमनगर जिले के हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने कहा कि जब भी कांग्रेस के विधायक चुने गए, वे बीआरएस में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार के खिलाफ जनता में गुस्सा है और कोई नहीं चाहता कि केसीआर दोबारा मुख्यमंत्री बनें। शाह ने कहा, बीआरएस को वीआरएस देने और उनकी कार (बीआरएस चुनाव चिह्न) को गैरेज में भेजने का समय आ गया है। उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एमआईएम पर एक होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनमें से किसी को भी वोट देना भ्रष्टाचार और परिवारवाद के लिए वोट होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने तीनों पार्टियों पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में शामिल होने का भी आरोप लगाया और कहा कि उनके लिए वोट रजाकारों के समर्थकों के लिए वोट होगा। शाह ने दोहराया कि केसीआर 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' का समर्थन नहीं कर रहे हैं। वह एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से डरते हैं। उन्होंने यह भी वादा किया कि सत्ता में आने पर भाजपा मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर देगी। शाह ने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना को सात लाख करोड़ रुपये दिए। अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'नंबर एक' राज्य बन सकता है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना



**तिरुपति।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज (सोमवार) सुबह भगवान व्यंकटेश्वर के दर्शन कर तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के कुछ फोटो अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपलोड किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।' पूजा के दौरान वो पारंपरिक पोशाक एक धोती और शॉल में नजर आए।

### उपराष्ट्रपति के सचिव बने सुनील कुमार गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का सचिव नियुक्त किया गया है।

# बीआरएस केवल चुनाव प्रबंधन करती है : प्रियंका

**एजेंसी। हैदराबाद**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं।

कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी। बीआरएस तेलंगाना की सबसे अमीर पार्टी बन गई। इसके भ्रष्ट नेता अपने महलों में रहते हैं। वे लोगों से नहीं मिलते।"

प्रियंका गांधी ने दावा किया कि बीआरएस, बीजेपी और एमआईएम एक साथ हैं। कांग्रेस पार्टी की छह गारंटियों के बारे में बताते हुए उन्होंने लोगों से यह तय



करने का आग्रह किया कि क्या वे अगले पांच साल का बीआरएस कुशासन चाहते हैं या कांग्रेस पार्टी का जनता का शासन चाहते हैं।

उन्होंने लोगों से आगाह किया कि अगर बीआरएस सत्ता में वापस आती है, तो भूमि और शराब माफिया का शासन जारी रहेगा, बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिलेंगी, पेपर लीक जारी रहेगा, भ्रष्टाचार बढ़ेगा, राज्य कर्ज में डूब जाएगा और बीआरएस उनकी जमीनें छीनना जारी रखेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि 10 वर्षों के दौरान बीआरएस सरकार ने लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को तेलंगाना राज्य के गठन के समय बहुत उम्मीदें थीं, वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी और कोविड-19 महामारी ने छोटे व्यवसायों और मध्यम आय वाले परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। भर्ती परीक्षाओं में बैठने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले युवाओं के सपने पेपर लीक के कारण चकनाचूर हो गए।

**सुरंग हादसा** सेना ने संभाला मोर्चा, पीएम के प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

# 41 जिंदगियों को बचाने की जंग जारी 31 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग पूरी

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग पिछले 16 दिनों से 41 जिंदगियों को बचाने की जंग जारी है। सोमवार से सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरंग में वर्टिकल ड्रिलिंग 31 मीटर पूरी हो चुकी है। टनल में मैन्युअल खुदाई भी शुरू हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने आज उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मुख्य सचिव एसएस संधू भी थे।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण कर सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के लिए भेजी जा रही भोजन सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी वार्ता की और उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने एनएचडीसीएल एवं नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल से भी रेस्क्यू आपरेशन की जानकारी ली। आज सुबह से सिलक्यारा निर्माणाधीन टनल में राहत और बचाव अभियान को सेना के हवाले कर दिया गया। सेना की इंजीनियरिंग कोर की मद्रास सैपर्स की टीम अब राहत और बचाव कार्य का जिम्मा देखेगी। लगातार आ रही बाधाओं के बाद आखिरकार 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने की जिम्मेदारी अब सेना को दी गई है। राहत और बचाव कार्य में 41 घंटे तक ब्रेक लगा रहा।

## उत्तराखंड में हल्की बारिश का अनुमान, सुरंग के बचाव कार्यों में नहीं बनेगी बाधा : एनडीएमए

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है लेकिन इसका उत्तरकाशी के सिलक्यारा में जारी राहत एवं बचाव कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह कहना है राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन का। हसनैन ने सोमवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि बचाव स्थल पर विभिन्न एजेंसियां काम कर रही हैं। सरकार हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्लान-1 के तहत 900 मिमी पाइपलाइन का काम चल रहा है। प्लान-2 ऊपर से ड्रिलिंग की जा रही है। 30 से 32 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है।

# खालिस्तानियों ने भारतीय राजदूत से गुरुद्वारे के बाहर की धक्का-मुक्की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया। यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है।

यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई, जहां एक व्यक्ति को निज्जर की हत्या के आरोप में संधू पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जिसकी इस साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई



थी। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह खालसा ने सोमवार को एक वीडियो साझा किया, इसमें संधू चिल्लाते हुए लोगों से घिरे हुए हैं।

उन्होंने एक्स पर कहा, खालिस्तानियों ने गुरपतवंत (एसएफजे) की हत्या की असफल साजिश और खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान में उनकी भूमिका के लिए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू को आधारहीन सवालों से घेरने की कोशिश की।

न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों का नेतृत्व करने वाले हिम्मत सिंह ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका के लिए राजदूत संधू पर भी आरोप लगाया, जो सरे गुरुद्वारे के अध्यक्ष और खालिस्तान जनमत संग्रह के कनाडाई अध्याय के समन्वयक हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# 9.35 लाख बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**नई दिल्ली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के एक भाग के रूप में ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन के रुकने के स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 नवंबर संकल्प यात्रा तक, 995 ग्राम पंचायतों में 5,470 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें कुल 7 लाख 82 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इसके साथ स्वास्थ्य शिविरों में 9 लाख 35 हजार 970 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 1 लाख 7 हजार से अधिक कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन जांच स्वास्थ्य शिविरों में टीबी के लिए 1 लाख 95 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई और 19 हजार 500 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। एससीडी के लिए 54 हजार 750 से अधिक लोगों की जांच की गई और 2 हजार 930 को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। लगभग 5 लाख 51 हजार लोगों की उच्च रक्त जांच और डायबिटीज की जांच की गई।

**FILMY हलचल**

## क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं आयुष्मान खुराना, कहा- 'यह मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा'



**क्रिकेट** के दीवाने एक्टर आयुष्मान खुराना ने खुलासा किया कि वह जल्द ही इस खेल पर एक फिल्म बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी ऐसा होगा तो उनका क्रिकेट स्किल काम आएगा। आयुष्मान को 'विक्की डोनर', 'दम लगा के हईशा', 'आर्टिकल 15', 'अंधाधुन' जैसी कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। एक्टर ने कहा कि क्रिकेट पर उनकी नॉलेज और ऑब्जरवेशन अच्छी हैं। उन्होंने दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के साथ बातचीत की और बताया कि वह इस खेल के उत्साही फॉलोअर हैं। आयुष्मान ने खुलासा किया कि वह पंजाब में अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लेवल के क्रिकेटर थे और वह इस खेल को बहुत जुनून के साथ खेलते हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट पर फिल्म बनाना मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा है और मुझे उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। मुझे लगता है कि जब भी ऐसी फिल्म बनेगी तो मेरा क्रिकेट स्किल वास्तव में काम आएगा। यह लंबे समय से अफवाह है कि आयुष्मान महान भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक में उनका किरदार निभाने वाले हैं, जो निश्चित रूप से देश का ध्यान खींचेगी। फिल्मों की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'एन एक्शन हीरो' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म 'लवबर्ड्स' पाइपलाइन में है।

## बिग बॉस-17 के नॉमिनेशन टास्क के दौरान भिड़े अंकिता लोखंडे और नील भट्ट

**'बिग बॉस'** का 17वां सीजन दिन पर दिन और भी रंगीन होता जा रहा है। टीआरपी बढ़ाने के लिए निमार्ता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में सेलिब्रिटीज के खास दोस्त ओरहान अवतरमानी उर्फ ओरी ने बिग बॉस के घर में एंट्री की। इस मौके पर बिग बॉस ने प्रतियोगियों को 'ऊरी की पार्टी' टास्क दिया। अंकिता लोखंडे और नील भट्ट ने इस बार अच्छा खेला। दोनों एक दूसरे के खिलाफ बोलने लगे। इसके बाद नॉमिनेशन टास्क के दौरान भी अंकिता और नील के बीच जमकर लड़ाई हुई। हाल ही में इसका प्रोमो सामने आया है। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर बिग बॉस का नया प्रोमो शेयर किया गया है, जिसमें अंकिता लोखंडे और नील भट्ट जमकर लड़ाई करते नजर आ रहे हैं।

## कांतारा चैप्टर 1 की पहली झलक आई सामने, टीजर रिलीज

**होम्बले** फिल्म्स बहुप्रतीक्षित सालारः पार्ट 1 सीजफायर के साथ दर्शकों को एक्शन से भरपूर राइड पर ले जाने के लिए तैयार है, जो पहली बार पावरहाउस प्रशांत नील और प्रभास को एक साथ ला रहा है। यह फिल्म 22 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी। पिछले साल 'कांताराः ए लीजेंड' ने कमाल किया था और अब होम्बले फिल्म्स 'कांतारा चैप्टर 1' के साथ वापस आ रही है। इसका टीजर




रिलीज किया गया है, जो अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी का दिलचस्प रूप दिखाता है। यह टीजर दर्शकों को ऋषभ शेट्टी के किरदार के गहन रूप में डुबो देता है, जिससे रहस्य और साज़िश से भरा माहौल बन जाता है। टीजर एक अनूठे स्पर्श के साथ खत्म होता है। 'कांतारा' ने पिछले साल ग्लोबल स्तर में तहलका मचा दिया था और दर्शकों को अपनी लोककथाओं पर आधारित कहानी से दीवाना कर दिया था, जिसमें मानवता और प्रकृति के बीच जटिल संबंध की खोज की गई थी।


**उपलब्धि** दिसंबर में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा युद्धपोत

# 'इंफाल' क्रेस्ट जलावतरण के लिए तैयार

### रक्षा मंत्री 28 नवंबर को करेंगे अनावरण

### पहली बार किसी जहाज के चालू होने से पहले इससे ब्रह्मोस मिसाइल का हो चुका है परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 15 बी के तहत तैयार किये गए गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस इंफाल के क्रेस्ट का अनावरण 28 नवंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में करेंगे। इसी युद्धपोत से 22 नवंबर को ब्रह्मोस मिसाइल से पहली फायरिंग की गई थी। यह पहला मौका है जब नौसेना ने किसी जहाज के चालू होने से पहले उससे विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया है। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा।

भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निमार्णाधीन चार गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे एमडीएल ने पिछले माह 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना के बेड़े में शामिल होने से पहले परीक्षण के रूप में इस युद्धपोत से 22 नवंबर को विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। परीक्षण के दौरान भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात इस युद्धपोत का क्रेस्ट अनावरण भी शानदार तरीके से नई दिल्ली में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मणिपुर के मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्रालय और मणिपुर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को मंजूरी दी थी।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने इसकी डिजाइन तैयार की है और एमडीएल ने निर्मित किया है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल होगा।

## एक नजर

### राज्यपाल ने कार्तिक पूर्णिमा और प्रकाश पर्व की दी बधाई



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोमवार को एक्स पर सिख धर्म के प्रथम गुरु, महान समाज सुधारक गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी है।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने विवाह के लिए किया सहयोग

रांची । श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को एक निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता प्रदान की गई। नीतू कुमारी माता किरण देवी पिता सर्वेश्वर प्रसाद हरमू हाउसिंग कॉलोनी के निवासी हैं। कन्या के पिता ने संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव से संपर्क कर उनसे अपनी कन्या के विवाह के लिए सहायता का आग्रह किया था। संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने संस्था के सदस्यों की बैठक बुलाई और सदस्यों से निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान करने का आग्रह किया जिसे संस्था के सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूर्णमल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान एवं सुरेश चौधरी के द्वारा कन्या की माता को 11000 रु का सामान सहयोग स्वरूप दिया गया।

### माही ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित



**रांची ।** मौलाना आजाद मेन इनिशिएटिव (माही) ने हिंदपीढ़ी स्थित एचएमके पब्लिक स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेले से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किए। समाजसेवी जुनैद अनवर ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा आज के बच्चे मुस्तकबिल के रौशन वजूद हैं जिसे माही के सदस्य लक्षित कर कार्यक्रम कर रहे हैं।

### सीसी बैलेंस इंक्रीज करने के नाम पर नौ हजार की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी के रहने वाले श्यामल दत्ता के खाते से साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड का सीसी बैलेंस इंक्रीज करने के नाम पर नौ हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना सोमवार की है। इस संबंध में श्यामल ने हिंदपीढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। श्यामल की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया। खुद को क्रेडिट कस्टमर केयर के होने की बात बतायी।

### गुरुनानक स्कूल परसिर में 554वें प्रकाशोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# सीएम ने गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेक मांगी राज्य की खुशहाली

### वार्ड 23-24 अंतर्गत कडरू व हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का किया शिलान्यास





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल में आयोजित गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाशोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने समस्त सिख समुदाय एवं देशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन काफी पवित्र है। इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। वैसे तो मुझे कई मौकों पर इस परिसर में आने का मौका मिला है। परंतु आज का दिन हम सभी के लिए काफी विशेष है क्योंकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना स्थल पर मुझे मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत कुछ बोलने का नहीं बल्कि सुनने का दिन है। इस परिसर में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित हैं। यहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मैं अपनी ओर से प्रकाशोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने वार्ड 23-24 के अंतर्गत कडरू व हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह सेठी, वित्त प्रधान त्रिलोचन सिंह, गुरु नानक स्कूल के सचिव परमजीत सिंह सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर स्वर्ण रेखा सहित अन्य नदियों में लगी लोगों की भीड़



रांची। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी सहित अन्य नदियों में सोमवार अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वर्ण रेखा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके अलावा कई लोग परिवार के साथ वहीं पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे। मालूम हो कि काफी पहले से ही स्वर्णरेखा नदी में कार्तिक पूर्णिमा में मेला लगता है। इस मेले में कोकर, नामकुम, चुटिया, डोरंडा, जगरन्नाथपुर, नगड़ी, बेड़ो, रामपुर, बुंडू, तमाड़, खूंटी, सिल्ली, ओरमांझी सहित कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और सरोवर में स्नान कर पुण्य प्राप्ति के लिए, लोग गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दीप दान का विशेष महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर नदी और मंदिर के आसपास मेला लगा था। मेला में चाट, फुचका के ठेले, गन्ना, बच्चों के खिलौने, पूजन सामग्री की दर्जनों दुकानें लगी थीं। पूजन सामग्री की दुकानों में महिलाओं और चाट-फुचका की दुकानों में युवक-युवतियां और बच्चों की भीड़ लगी थी। इस दौरान पुलिस टीम भी तैनात दिखी।

## 555वें पावन प्रकाश पर्व पर रात से रैन सवाई दीवान सजाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें पावन प्रकाश पर्व पर रात से रैन सवाई दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा नानक नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला। शबद गायन से हुई. हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने कोई बोले राम नाम कोई सेवे गोसाईयां कोई अल्लाहे.. शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी जेवेन्द्र सिंह ने कथावाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संगत को बताया कि बाबा नानक का प्रकाश उस समय हुआ जब पाखंड एवं अज्ञानता रूपी अंधेरा छाया हुआ था। उन्होंने इस पाखंड और अज्ञानता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व के अनेक देशों का भ्रमण किया। इस विचरण यात्रा को उदासी कहा जाता है। इस दौरान उन्होंने कई लोगों का हृदय परिवर्तन किया। ठगों को साधु बनाया, कर्मकाण्डियों को बाह्य आडंबरों से निकालकर रागात्मिकता भक्ति में लगाया। अहंकारियों का अहंकार दूर कर उन्हें मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने विश्व को नाम जपो, कीरत करो और वंड के छको का संदेश दिया। विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह जी तान ने शबद गायन कर समूह साध संगत को भाव विभोर कर दिया. साथ में उन्होंने संगत को साखी भी सुनाई। रात 12.15 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 25 नवंबर से पढ़े जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग हुआ.मौके पर भाई महिपाल सिंह जी ने आरती और बधाई का शबद पढ़ा। तत्पश्चात स्त्री सत्संग सभा एवं कीर्तन मंडली द्वारा बधाई का शबद गायन किया गया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति मध्य रात्रि 2.30 बजे हुई और इसी के साथ ही प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में अंतिम विशेष दीवान का समापन हुआ। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई अमरजीत सिंह तान एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया और गुरुनानक भवन कमिटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए केसर जलेबी एवं दूध की सेवा की गई तथा गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा खीर की सेवा की गई। सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने लंगर कमिटी, जोड़ा सेवा कमिटी, चंदा उगड़ाई कमिटी, स्त्री सत्संग सभा,माता गुजरी जत्था, गुरु नानक भवन कमिटी, गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी, कीर्तन मण्डली, गुरु नानक सत्संग सभा और सभा के मीडिया प्रभारी समेत सभी सेवादारों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए, धन्यवाद किया तथा समूह साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी.प्रकाश पर्व की खुशी में सभा द्वारा आतिशबाजी भी की गई।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पूरनचंद की मनाई जयंती



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की ओर से सोमवार को प्रखर समाजवादी नेता पूरनचंद की जयंती मनाई गई। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाई । वे सादगी और ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। वर्षों से विधायक और मंत्री रहने के बावजूद अपनी कोई बड़ी संपत्ति अर्जित नहीं की । उनके चाहने वाले पलामू सहित इस राज्य में भरे पड़े हुए हैं। चंद्रवंशी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, अवकाश प्राप्त एसडीओ प्रदीप कुमार, आनंद कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, राम लखन साहू अभय प्रसाद,जगदीश साहू, जगदीश ठाकुर संतोष शर्मा ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## कार्तिक मास व्रत के साथ ही चातुर्मास व्रत का हुआ उद्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर( तिरुपति बालाजी) मंदिर में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा व्रत और चातुर्मास व्रत समापन अनुष्ठान हुआ। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के विश्वरूप का दर्शन हुआ । फिर सुप्रभातम, वेंकटेश प्राप्ति, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र, संकट हरण स्तुति, वेंकटेश ध्यानम आदि के बाद पांचरात्र आगम में बताए गए विधि के अनुसार षोडषोपचार पूर्वक तिरुआराधनम किया गया। इसके बाद भगवान को पुष्पांजलि अर्पित की गई। महाआरती के बाद भगवान को फल और मेवा का नैवेद्य भोग लगा। फिर गोष्ठी, शठारी, चरणामृत और शात्तुमोरा आदि के बाद मंदिर गोपुरम के बाहरी कपाट को खोल दिया। कपाट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । आज दिनभर का भोग निवेदन किया डॉ सुभाष, सुरभि पोद्दार एवं डॉक्टर सुनीता मिश्रा ने किया जबकि एक समय का भोग निवेदन विनय कुमार ने किया। अर्चक:श्रीसत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने पूजनादि अनुष्ठान संपन्न कराया । मौके पर प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, राजेश सुल्तानिया, रंजन सिंह, गौरीशंकर साबू, सुशील लोहिया, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, सीता शर्मा, यशोदा देवी, शंभू नाथ पोद्दार, प्रभाष मित्तल सहित सैकड़ों भक्त थे।

## फिजिकल एजुकेशन के शिक्षक पद की नियुक्ति प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को कंसीडर करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा फिजिकल एजुकेशन टीचर पद के लिए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) एवं बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पूर्णिमा कुमारी, अभिजीत कुमार सिन्हा एवं आशुतोष कुमार के कटऑफ से ज्यादा अंक आने के बाद भी उम्मीदवारी कंसीडर नहीं करने के मामले को लेकर दायर रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने इन्हें फिजिकल एजुकेशन के शिक्षक पद की नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर करने का निर्देश जेएसएससी को दिया है। जेएसएससी ने फिजिकल एजुकेशन शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीबीए एवं बीसीए की डिग्री वाले अभ्यर्थियों को क्रमशः कॉमर्स एवं साइंस के ग्रेजुएशन डिग्री के समक्ष नहीं माना था। साथ ही इन्हें नियुक्ति से वंचित रखा था। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के केस में बीबीए को कॉमर्स के अंतर्गत तथा बीसीए को साइंस के अंतर्गत माना था। उसी के आधार पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्णिमा, अभिजीत एवं आशुतोष के मामले में इन्हें भी नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर करने का आदेश दिया है। साथ ही इन अभ्यर्थियों को जेएसएससी की ओर से जारी शोकॉज नोटिस को रद्द कर दिया है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के मामले में अपने आदेश में कहा था कि बीसीए,साइंस स्ट्रीम का ही अभिन्न अंग है। जेएसएससी ने ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर, फिजिकल एजुकेशन के विज्ञापन संख्या 21/ 2016 में अभ्यर्थियों के लिए साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम में 45 प्रतिशत अंक के साथ ग्रेजुएशन की अर्हता निर्धारित की थी, जबकि याचिकाकर्ता के पास बीबीए, बीसीए की डिग्री थी।

### सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध 3 दिसंबर से क्रमबद्ध आंदोलन

**रांची।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक दादा - दादी पार्क मोरहाबादी रॉची में विनोद बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुई संचालन सिद्दीक शेख ने किया । सरकार की वादाखिलाफी पर राज्य के पारा शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया ।

राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान,आकलन उत्तीर्ण एवं सीटेट को जेटेट के समतुल्य लाभ, सहायक आचार्य शिक्षक नियुक्ति में विभिन्न त्रुटियों का संशोधन

15 नवंबर 2018 को भाजपा सरकार द्वारा सहायक अध्यापक एवं परिजनों पर रांची एवं राज्य की विभिन्न मुकदमा वापस लेने,झारखण्ड अध्यापक सेवा शर्त नियमावली में संशोधन कर अनुकम्पा ,ईपीएफ का लाभ, शहरी क्षेत्र में 4% वार्षिक वृद्धि सहित अन्य मांगों के समर्थन में 3 दिसंबर से क्रमबद्ध आंदोलन चलाने की घोषणा की गई ।

## पृष्ठ एक के शेष

**बाबा विश्वनाथ के चरण पखारती मां...**

फूलों से सजाया। गंगा घाटों पर लाखों दीपों की माला ,घाट के किनारे के भवनों पर दीप व बिजली के बल्बों की सजावट , गंगा पार रेती पर दीप श्रृंखला से काशीवासी , दर्शक व सैलानी अभिभूत हो गये। पहले काशी वासियों द्वारा देव दीपावली की शाम को मां गंगा तट पर सरसों के तेल का दीपक जलाने से शुरू हुआ यह उत्सव अब विश्व प्रसिद्ध महोत्सव में बदल गया है। लगभग बारह करोड़ खर्च खर्च करके मनाई जा रही इस विश्व विख्यात काशी की देव दीपावली का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाम पांच बजे नमो घाट से किया । उन्होंने 70 देशों के राजदूत व 150 विदेशी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहला दीप जलाया। फिर अन्य घाटों पर दीप प्रज्वलन शुरू हुआ। उसके बाद योगी मेहमानों के साथ क्रूज पर सवार होकर घाटों की मनोरम छटा निहारने निकले। क्रूज दशाश्वमेध घाट के सामने पहुँचा, जहां सभी मनमोहक गंगा आरती के साक्षी बने। उसके बाद चेतसिंह घाट पर लेजर व प्रोजेक्शन शो देखे । फिर काशी विश्वनाथ धाम पर पहली बार चलने वाले प्रोजेक्शन शो देखा। काशी वासियों व सैलानियों ने गंगा पार रेती पर शिव के भजनों के साथ पटाखा शो का भी आनंद लिया। गंगा द्वार व श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधारित काशी का महत्व तथा कॉरिडोर निर्माण संबंधी बातें लेजर शो के मार्फत बतायी गयी।

**जनता की जरूरतों को देख...**

पहले संघर्ष के बाद अलग राज्य तो झारखंड बना, लेकिन यहां न तो संसाधनों का विकास हुआ और ना ही मूलभूत सुविधा ही लोगों को मिली। जिस तरीके से पहले की सरकारों ने नीति का निर्धारण किया उससे ना तो युवाओं को रोजगार मिल रहा था, ना ही किसानों को कोई सुविधा मिल रही थी। बच्चियां भी पढ़ने के लिए तरस रही थी। लेकिन अब वह सारे काम हो रहे हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी हर योजना धरातल से जुड़ी हुई है, और उन योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए अधिकारी भी सीधे गांव में ही पहुंच रहे हैं। गांव में गिने-चुने लोगों को ही वृद्धा पेंशन की सुविधाएं मिलती थी। लेकिन अब राज्य के हर गांव में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को पेंशन की सुविधा मिल रही है। यहां लोगों को रोजगार देने के लिए वैकेंसी निकले जा रहे हैं। स्कूल में भी शिक्षा का स्तर सुधरा है और बच्चियों की शिक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की है सरकार काफी संवेदनशील है। यही वजह है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का कार्यक्रम चल रहा है।

**जब तक मैं हूं, लुगुबुरु में प्रोजेक्ट...**

के हिसाब से जिस प्रकार समाज जागरूक हो रहा है, उसी तरह आदिवासी सरना धर्म को भी आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक हैं। पहाड़, पर्वत को वे हरा-भरा रखते आए हैं। हम आदिवासी संताल गरीब जरूर हैं, लेकिन आज तक किसी के धर्म या किसी की कोई भी चीज हो हम गलत नजर से नहीं देखते। हम शांति और सद्भाव से हमेशा रहना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगुबुरू के इतिहास को संजों कर रखना है। अगर ऐसा नहीं होगा तो आने वाली पीढ़ी इस संबंध में कैसे जान सकेगी। हमें अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना है और अपने कर्तव्य को निभाना है। हर समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। पहले तीर धनुष से लड़ाई लड़ी जाती थी, अब बुद्धि से लड़ाई होती है। इसलिए शिक्षा का महत्व है। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबुली सोरेन, उपाध्यक्ष बहाराम हांसदा, सचिव लोबिन मुर्मू, उपसचिव मिथिलेश किस्कू, उपायुक्त बोकारो,आरक्षी अधीक्षक बोकारो एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**नीतीश जो मौका चूक गये...**

चला जाएगा जो मंडल कमीशन लागू होने के चलते नौकरी से लेकर राजनीति तक में ऊँचा पद व लाभ ले रहे हैं, उनके समाज को सम्मान मिला है। यह करने से वीपी सिंह के प्रति एक कृतज्ञता व्यक्त करना भी हो जाएगा। लेकिन लगता है वीपी से भी बड़ा पिछड़ा -अति पिछड़ा मसीहा बनने के चक्कर में नीतीश तथा दलित मसीहा बनने के चक्कर में रामविलास पासवान ने वीपी सिंह की प्रतिमा नहीं लगवाए,बड़ा मन नहीं दिखाए। यह काम किया दक्षिण भारत के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने। उन्होंने उप्र से अखिलेश यादव को प्रतिमा अनावरण में बुलाकर अखिलेश को भी बड़ा सम्मान व अवसर दिया। अखिलेश तो अभी उप्र के मुख्यमंत्री नहीं हैं , वह तो लखनऊ में वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा उस स्तर पर नहीं लगवा सकते, लेकिन नीतीश तो अभी बिहार के मुख्यमंत्री हैं। वह चाहें तो अब भी बिहार की राजधानी पटना में वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा लगवा सकते हैं। क्या वह भविष्य के मद्देनजर इस बचे अवसर को लपकेंगे?

**ऑनलाइन ऑर्डर से बुझती रसोई...**

और मानसिक स्वास्थ्य किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है। इसलिए, हमारे घर के बड़े-बूढ़े हमें बाहर के खाने से बचने की सलाह देते थे। लेकिन आज हम अपने परिवार के साथ रेस्त्रां में खाना खाते हैं और बहुधा मेहमानों को भी ले जाते हैं। स्विगी और जोमैटो के माध्यम से अजनबियों द्वारा पकाए गए (विभिन्न केमिकल युक्त) भोजन को ऑनलाइन ऑर्डर करना और खाना, उच्च शिक्षित, मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच भी फैशन बनता जा रहा है। आज हमारा खाना हम तय नहीं कर रहे उलटे ऑनलाइन कंपनियां विज्ञापन के माध्यम से मनोवैज्ञानिक रूप से तय करती हैं कि हमें क्या खाना चाहिए। हमारे पूर्वज निरोगी और दीर्घायु इस लिए होते थे कि वो घर क्या यात्रा पर जाने से पहले भी घर का बना ताजा खाना बनाकर ही ले जाते थे । इसलिए घर में ही बनाएं और मिलजुल कर खाएं। पौष्टिक भोजन के अलावा, इसमें प्रेम और स्नेह निहित है। किसी भारतीय को अपना बनाने के लिए अपने घर में भोजन कराएं।

आ

### जवाहर विद्या मंदिर में दो दिवसीय गुरु दक्षता कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षाकों पर समाज निर्माण की जिम्मेदारी : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवीन शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में क्षमता निर्माण के माध्यम से शिक्षा में उत्कृष्टता लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में एनईपी-2020 महत्वपूर्ण है। शिक्षार्थियों को 21वीं सदी के शिक्षण कौशल से लैस करने एवं प्राचार्यों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों के ज्ञान और कौशल को अद्यतन करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम (गुरु दक्षता) कार्यक्रम के तहत जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में सोमवार को प्राचार्यों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस गुरु दक्षता कार्यक्रम में श्यामली के प्राचार्य समरजीत जाना, टोपा कोलियरी के प्राचार्य एके प्रखर, साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार, उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या जयंती केरकेट्टा, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो के प्राचार्य कौशिक गोस्वामी, पब्लिक स्कूल गिरिडीह के प्राचार्य रामानंद प्रसाद, चिन्मया विद्यालय, बोकारो के प्राचार्य सूरज शर्मा समेत रांची, रामगढ़, गिरिडीह, बोकारो, सिमडेगा, दुमका, बेड़ो, गढ़वा आदि जिले के 65 प्राचार्य एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सरला बिड़ला स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर व सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची की प्राचार्या समिता सिन्हा ने 8 मोड्यूल में सीबीएसई के प्रशिक्षण, परीक्षा, संबद्धता, शैक्षणिक, कौशल शिक्षा, आईटी, व्यावसायिक परीक्षा, शिक्षक पात्रता परीक्षा, सीओई और आरओ सहित सीबीएसई के सभी घटक विभागों और इकाइयों की संरचना, नीतियों और दिशानिर्देशों से परिचय कराया। रिसोर्स पर्सन ने संवादात्मक, वीडियो क्लिप और प्रश्नात्मक शैली में कार्यशाला को सजीव और जीवंत बनाए रखा वहीं आगंतुक प्राचार्यों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार और पक्ष को साझा किया।



प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि सीखे गए कौशल और ज्ञान तब निष्प्रभावी हो जाते है जब इसका क्रियान्वयन कक्षा-कक्ष में नहीं हो पाता। शिक्षक पर समाज निर्माण की जिम्मेदारी होती है और शिक्षकों की बागडोर प्राचार्य के हाथों में होती है। शिक्षा जगत में सामयिक परिवर्तनों से नवा सापेक्ष प्रशिक्षण जरूरी होता है। नई शिक्षा नीति के समुचित क्रियान्वयन से यह संभव किया जा रहा है। इस दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को अद्यतन नई चुनौतियों, तकनीकी, ज्ञान और कौशल से परिचय कराया गया जिससे प्रधानाध्यापक अपने संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।

## एक नजर

### इंटर हाउस कराटे चैंपियनशिप संपन्न

**रांची।** पिछले दिनों कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू ,रांची, में चार हाउस के बीच कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुआ जिसमें गंगा हाउस प्रथम 16 मेडल, द्वितीय यमुना हाउस 14 मेडल ,तृतीया सतलज हाउस 13 मेडल एवं गोदावरी को 11 मेडल लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि फरीद हसन ने बच्चों को मेडल प्रदान किया इनके के रिफ्रीज थे सिंहा शहजाद कुरेशी जिनकी देख रेख में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में रोहित भगत,रौनक तिर्की,हिमांशु राज,साहिल श्रीवास्तव,हर्ष राज वर्मा,सुहेल अंसारी,इंद्राणी कुमारी, तारामणि तिर्की, मनीला तिर्की ने सहयोग दिया।

### फैकल्टी क्रिकेट लीग रॉयल चैलेंजर्स फाइनल में

**रांची।** रॉयल चेंजलर्स, देवघर प्रीडेटर और कंप्यूटर सुपर किंग्स ने अपने लीग मैच जीते हैं मैच-1, 27/11/23 देवघर प्रीडेटर्स बनाम रॉयल एडमिन

एडमिन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कोर कार्ड- 12 ओवर में एडमिन का स्कोर 87/2 आशुतोष-48 और नंदलाल ने 31 रन बनाए। देवघर के लिए शैलेंद्र ने 2 विकेट लिए। जवाब में- देवघर ने 11.3 ओवर में 88/2 का स्कोर बनाया कृष्णा -40 रन और रामकिशोर 28 रन बनाकर नाबाद देवघर 8 विकेट से जीता और कृष्णा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच 2 मैकेनिकल चैलेंजर्स बनाम कंप्यूटर सुपर किंग्स मेकेनिकल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। स्कोर कार्ड- कंप्यूटर सुपर किंग्स 12 ओवर में 101/9। दुर्गा ने 33 रन और बिनय व रजनीश ने 20-20 रन बनाए। मैकेनिकल के लिए मुकेश ने 3 विकेट लिए। जवाब में मैकेनिकल ने 12 ओवर में 7 विकेट पर 77 रन बनाए। ऋत्विक और मुकेश ने 28 और 23 रन बनाए कंप्यूटर किंग्स ने 23 रन से जीत दर्ज की और बिनय को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच-3 देवघर बनाम रॉयल चैलेंजर्स रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रॉयल्स ने 12 ओवर में 77/8 रन बनाए। चंचल ने 34 रन और आकाश ने 22 रन बनाए। देवघर के लिए कृष्णा ने 3 विकेट लिए। जवाब में देवघर ने 12 ओवर में 70/7 का स्कोर ही बनाया। रॉयल्स 7 रन से जीता।

### दिल्ली रायल्स को हराकर लखनऊ नवाब का खिताब पर कब्जा

**लखनऊ।** सिडबी इंटर जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में लखनऊ नवाब ने दिल्ली रायल्स को 70 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस मैच में लखनऊ नवाब के आलराउंडर तेजस ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी शानदार की। लखनऊ नवाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट गवांकर 185 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने पांच चौकों की मदद से 56 बाल पर सर्वाधिक 58 रन बनाये, जबकि तेजस सेट्टी ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 26 बाल पर ही 44 रन बना डाले। उन्होंने दो विकेट भी चटकाए।

# आईपीएल 2024: गुजरात टाइटन्स के कप्तान बने शुभमन गिल



गिल ने 33 पारियों में 47.34 की औसत से 1373 रन बनाए है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या के गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मुंबई इंडियंस में जाने के बाद जीटी ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वर्ष 2022 में जीटी के पहले सीजन में, हार्दिक की कप्तानी में टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती, जबकि वे इस साल की शुरूआत में अपने दूसरे सीजन में उपविजेता रहे थे। गुजरात टाइटन्स के एक बयान में कहा गया है, गिल एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभव और युवा उत्साह का एक अद्वितीय संयोजन है, जो गुजरात टाइटन्स की पहचान रही है। गिल ने 33 पारियों में 47.34 की औसत से 1373 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछला सीजन सलामी बल्लेबाज के लिए यादगार था क्योंकि उन्होंने 17 मैचों में 59.33 की औसत से तीन शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 890 रन बनाए और उन्हें ऑरेंज कैप भी जीता था। गिल ने पिछले सीजन में, मुंबई इंडियंस के खिलाफ 60 गेंदों में 129 रन बनाए, जो कि आईपीएल प्लेऑफ में किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। गिल ने कप्तान नियुक्त किये जाने पर कहा, ''मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे पास दो असाधारण सीजन हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं।'

## अनिश्चितता से हटा पर्दा, मुंबई इंडियंस में हुई हार्दिक की वापसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों के रिटेशन और ट्रेड को लेकर जारी गहमागहमी के बीच हार्दिक पांड्या सबसे हॉट टॉपिक रहे। गुजरात द्वारा उन्हें रिटेन करने और मुंबई द्वारा ट्रेड किये जाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। हालांक अब आईपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में हार्दिक के मुंबई वापस लौटने की पुष्टि कर दी है। आईपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान, हार्दिक पांड्या, दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद, अपनी पहली फ्रेंचाइजी, मुंबई इंडियंस (एमआई) में वापस जाने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला खिलाड़ी ने जीटी के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और उनके अभियान का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीजन में, हार्दिक ने एक शानदार शुरूआत सुनिश्चित की, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती, जबकि वे इस साल की शुरूआत में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर हार के बाद अपने दूसरे सीजन में उपविजेता रहे।' एक अलग ट्रेड में, एमआई के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में ट्रेड कर लिया गया है। ग्रीन, जिन्हें पिछले दिसंबर में नीलामी में 17 करोड़ 50 लाख रुपये की भारी कीमत पर खरीदा गया था, ने 16 मैचों में भाग लिया।

## स्टोक्स, रायुडु समेत आठ को सीएसके ने किया रिलीज



**नई दिल्ली।** बेन स्टोक्स, ड्वेन प्रिटोरियस, अंबाती रायुडू और काइल जैमीसन उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिलीज कर दिया है। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की समय सीमा रविवार शाम 5 बजे तक थी। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अपने कार्यभार और फिटनेस के प्रबंधन के कारण आईपीएल 2024 से बाहर होने का विकल्प चुना। फ्रेंचाइजी द्वारा 16.25 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद इंजरी ने उनकी आईपीएल 2023 भागीदारी को केवल दो मैचों तक सीमित कर दिया था। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस को चेन्नई के विजयी आईपीएल 2023 सीजन में ज्यादा मौके नहीं मिले थे। चेन्नई द्वारा गुजरात टाइटंस को हराने के बाद रायडू ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था। जबकि, जैमीसन पीठ की चोट के कारण 2023 सीजन के लिए उपलब्ध नहीं थे। चेन्नई द्वारा रिलीज किए गए अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला शामिल हैं, जो आईपीएल 2023 में चोटों से जूझ रहे थे।

## अक्षर और बिश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रसिद्ध कृष्णा

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**



भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरूआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे। प्रसिद्ध ने कहा, ₹हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा। पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

### भारत के खिलाफ टी20 में हार झेल रही ऑस्ट्रेलिया को मिला कोच का साथ

**तिरुवनंतपुरम।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक मुख्य कोच आंद्रे बोरोवेक ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में भारत से 44 रन से हार के बावजूद गेंदबाजी और बल्लेबाजी समूहों द्वारा दिखाए गए इरादे की सराहना की। बोरोवेक ने मैच के बाद बताया कि उनकी टीम ने सही फैसले लिए, लेकिन उसका सही समय पर पालन नहीं किया। यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ के अर्धशतकों के बाद भारत ने ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में 235/4 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दस ओवरों में अपने चार विकेट खो दिए। मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंदों पर 81 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया के लिए मोर्चा संभाले रखा। लेकिन, इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया मैच में काफी पीछे रह गई और 191 रन ही जोड़ पाई। भारत ने दूसार मैच 44 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई।

## अल्टीमेट खो-खो लीग का दूसरा संस्करण 24 दिसंबर से, ओडिशा करेगा मेजबानी


**एजेंसी। नई दिल्ली**



अपने पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, अल्टीमेट खो खो एक बड़े और बेहतर दूसरे सीजन के लिए वापसी के लिए तैयार है। ओडिशा के कटक में जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम इस साल 24 दिसंबर से लीग की मेजबानी करेगा। घोषणा को सार्वजनिक करते हुए, अल्टीमेट खो खो के सीईओ और लीग कमिश्नर तेनजिंग नियोही ने टूर्नामेंट के पूर्ण समर्थन के लिए ओडिशा सरकार और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया। नियोही ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हम सीजन 2 के लिए उनके समर्थन के लिए ओडिशा सरकार और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उद्घाटन संस्करण की शानदार सफलता ने ब्रांडों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है और हमें नए साझेदारों को सुरक्षित करने में मदद की है। नियोही ने कहा कि दूसरे सीजन का फोकस नए जमाने के सुपरस्टार बनाना और युवा प्रतिभाओं को उजागर करना है। नियोही ने कहा,''हमारा ध्यान उन साझेदारों को चुनने पर रहता है जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि को साझा करते हैं। सीजन 2 का लक्ष्य भविष्य के नए जमाने के सुपरस्टार तैयार करना है, खासकर मैदान पर युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी के साथ। अल्टीमेट खो खो का उद्घाटन सत्र, जिसमें छह टीमें शामिल थीं, 14 अगस्त 14 से 4 सितंबर तक पुणे, महाराष्ट्र में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया था। ओडिशा जगरनॉट्स शिखर मुकाबले में 46-45 के स्कोर के साथ तेलुगु योद्धा को हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब जीता था। लगभग 41 मिलियन दर्शकों की संख्या के साथ, अल्टीमेट खो खो, उस समय तीसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला गैर-क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया था। ओडिशा जगरनॉट्स अल्टीमेट खो खो के 2023 संस्करण में अपने ताज की रक्षा के लिए लौटेंगे। वे ग्रुप-स्टेज के तीन गेम हारने के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन फाइनल में सबसे कम अंतर से जीत हासिल की। इस साल, वे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में मौजूद घरेलू दर्शकों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करना चाहेंगे।

## पंजाब हॉकी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**एजेंसी। जालंधर**



राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी (आरजीपीएचए) ने जालंधर में दो दिवसीय एक समृद्ध कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें पंजाब के विभिन्न कोनों से 30 कोचों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का आयोजन 24 और 25 नवंबर को किया गया था। कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शिक्षक जी.एस. संघा, यूएसए हॉकी टीम के पूर्व कोच शिव जगदेव और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉकी में हॉकी कोचिंग कार्यक्रम के प्रमुख दिनेश के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। स्पोर्ट्स, पटियाला का उद्देश्य खेल की सामरिक और तकनीकी पेचीदगियों पर प्रकाश डालते हुए कोचों के मूलभूत कौशल को मजबूत करना है। पंजाब भर में फैले आरजीपीएचए के विभिन्न जमीनी स्तर और विकास केंद्रों से आने वाले, उपस्थित कोच खेल की अपनी समझ को बढ़ाने के लिए एक सामूहिक प्रयास में एकजुट थे। दो दिवसीय व्यापक कार्यशाला में न केवल कोचों की बुनियादी बातों को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया गया, बल्कि हॉकी के रणनीतिक आयामों पर भी चर्चा की गई। इस गहन अनुभव का उद्देश्य कोचों को सशक्त बनाना और उन्हें राज्य की उभरती हॉकी प्रतिभाओं को अपना नया ज्ञान प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना है। आरजीपीएचए के सहायक तकनीकी निदेशक और 1980 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता द्रोणाचार्य राजिंदर सिंह ने कार्यशाला पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह आरजीपीएचए के जमीनी स्तर और विकास केंद्रों से जुड़े प्रशिक्षकों के लिए एक असाधारण अवसर रहा है। जिससे वे पंजाब भर में उभरते हॉकी सितारों को सलाह देने और उनका पोषण करने में सक्षम होंगे।

### 7वीं राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन सचिन और सागर चमके

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता सागर (92+किग्रा) और 2021 विश्व युवा स्वर्ण पदक विजेता सचिन (57 किग्रा) ने रविवार को शिलांग में 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत हासिल की। एसएससीबी के लिए खेलते हुए सचिन पहले राउंड से ही शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। उनके लगातार आक्रमण और शक्तिशाली मुक्के पंजाब के विशाल कुमार के लिए बहुत मजबूत साबित हुए। सचिन ने आसानी से 5-0 की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। अब मंगलवार को राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला राजस्थान के रोशन सैनी से होगा। दूसरी ओर, आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) का प्रतिनिधित्व करने वाले सागर को कड़ी मेहनत नहीं करनी पड़ी। लेकिन, शुभम सिंह के खिलाफ उन्हें जीत मिली। मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में सागर की भिड़ंत एसएससीबी के सतीश कुमार से होगा।

### खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग में रांची पहले स्थान पर

## बच्चों को मेडल दे किया प्रोत्साहित, महिला खिलाड़ियों को मिलेंगे और अच्छे अवसर

**संवाददाता। रांची**



खेलगांव स्थित बाक्सिंग हॉल होटवार रांची में दो दिवसीय खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग संपन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुमार गौरव (अध्यक्ष युवा आयोग) ने विभिन्न जिलों से आए 325 खिलाड़ियों व 75 ऑफियलस को संबोधित करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। आज के परिवेश में महिलाएं पुरुष से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन कर रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विषेष रूप से रांची के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान बनाया और जिस तरह राज्य में अपना परचम लहराया है।

उसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य एवं राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का कार्य करें। पदक तालिका में रांची 23 स्वर्ण 13 कांस्य 27 रजत पदक प्राप्त कर पहला स्थान बनाया। दूसरे स्थान पर पू.सिंहभूम 13 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य प्राप्त किया। वहीं तीसरे स्थान पर गोड्डा रहा 11 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य चौथे स्थान पर धनबाद 10 स्वर्ण 4 रजत 2 कांस्य प्राप्त किए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुबोध कुमार सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा डॉक्टर एम तौसीफ सदस्य झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग अनुपम हजारा उपाध्यक्ष झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन सुरेंद्र प्रसाद ऑब्जर्वर साईं उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात, करण कुमार,रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग आलोक श्रीवास्तव नौशाद खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप उपस्थित थे।

### नई पहल | ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मनोरंजन के क्षेत्र में रखा कदम

## स्टेज ओटीटी प्लेटफॉर्म में किया बड़ा निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने दुनिया के पहले क्षेत्रीय बोली ओटीटी प्लेटफॉर्म ''स्टेज'' में निवेश किया है। नीरज का निवेश भारत की क्षेत्रीय बोलियों में निहित विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और बढ़ाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है, जो स्टेज प्लेटफॉर्म के माध्यम से सांस्कृतिक पुनरुत्थान के एक नए युग की शुरूआत करता है।

स्टेज के सीईओ और सह-संस्थापक विनय सिंघल ने पानीपत में नीरज के पैतृक गांव खंडरा में इस ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की। इस अवसर पर विनय सिंघल ने कहा, हम कहानी कहने की सम्मोहक शक्ति और क्षेत्रीय सामग्री की एकीकृत क्षमता में विश्वास करते हैं। नीरज चोपड़ा की भागीदारी हमारे मिशन में एक प्रभावशाली और प्रासंगिक आयाम जोड़ती है, और हम उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर नीरज चोपड़ा ने कहा, हम जहां से आए हैं वहां सांस्कृतिक संरक्षण और गौरव हमारी पहचान के ताने-बाने में बुना हुआ है। स्टेज में मेरा निवेश हमारी विविध क्षेत्रीय बोलियों की लौ को फिर से जगाने की इच्छा से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। हम सुप्त भाषाओं को फिर से जागृत करने और हर आवाज को सशक्त बनाने के लिए एक साथ यात्रा शुरू करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी सांस्कृतिक विरासत इस मंच के माध्यम से अपने वास्तविक रूप में पनपे। एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह ने कहा, नीरज एक वैश्विक आइकन हैं जो बहुत स्थानीय हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वह अपने प्रति सच्चे रहे हैं। व्यक्तित्व, और उस दृष्टिकोण से, हमें लगता है कि यह एक बहुत ही रणनीतिक साझेदारी है। स्टेज, जो एक बहुत ही बोली-केंद्रित ओटीटी प्लेटफॉर्म है, के साथ एक निवेशक के रूप में उनका आना उनके और ब्रांड के लिए बहुत प्रासंगिक है। यह एक दीर्घकालिक साझेदारी है एसोसिएशन, और हम जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में उनके लिए सुविधा प्रदान करके बहुत खुश हैं। बता दें कि स्टेज के 6 मिलियन से अधिक इंस्टाल हैं और 550,000 से अधिक भुगतान करने वाले ग्राहकों का एक समर्पित समुदाय है। यह आँकड़ा न केवल प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता को प्रमाणित करता है, बल्कि नीरज चोपड़ा के निवेश से होने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव की भी पुष्टि करता है।



## बीबीएल सीजन 13 में वापसी करेंगे स्टीव स्मिथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर सिडनी सिक्सर्स की मैजेंटा जर्सी पहनकर बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपनी वापसी का खुलासा किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में 8 दिसंबर को बीबीएल सीजन 13 का पहला मैच होगा, जहां सिडनी सिक्सर्स का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से स्मिथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ वापस आना बहुत अच्छा है और वह आगामी सीजन में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा, सिक्सर्स शर्ट में वापस आना बहुत अच्छा है। मेरे पास सिक्सर्स के लिए खेलने की कुछ बहुत अच्छी यादें हैं। इसलिए मैं फिर से वहां जाने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि, बीबीएल 13 में स्मिथ की उपस्थिति की संख्या अनिश्चित बनी हुई है। रेनेगेड्स के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित है। बहुप्रतीक्षित खेल में स्मिथ अपने विश्व कप विजेता टीम के साथी एडम जम्पा से भिड़ सकते हैं, जो हाल ही में स्टार्स से रेनेगेड्स में स्थानांतरित हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए स्मिथ ने हाल ही में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई है, जो कि टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए इस स्थिति की गारंटी देने की उनकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक सोचा-समझा कदम है।